

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, आम ने बढ़ाया यूपी का मान व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष त्रयोदशी विक्रम संवत 2082

# अमृत विचार

वर्ष 6, अंक 198, पृष्ठ -14+4, मूल्य: 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



आज का मौसम | 38.0° अधिकतम तापमान | 29.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 05 : 14 सूर्यास्त 07 :08

बरेली, रविवार, 8 जून 2025

अपराधियों को पीड़ितों के समान रखने को भारत तैयार नहीं ...14

## कोको गाफ ने जीता पहला फ्रेंच ओपन खिताब



अमेरिका की कोको गाफ ने शीर्ष रैंकिंग वाली एरिना सबालेंका को हराकर पहली बार फ्रेंच ओपन महिला एकल खिताब जीत लिया। दूसरी रैंकिंग वाली गाफ इससे पहले 2023 अमेरिकी ओपन जीत चुकी हैं। रोलां गैरो पर 2013 के बाद पहली बार दुनिया की पहले और दूसरे नंबर की खिलाड़ी के बीच फाइनल खेला गया। ● एजेंसी

# महाराष्ट्र चुनाव में हुई थी मैच फिक्सिंग, अब बिहार की बारी

## कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी पर धांधली का मढ़ा आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि पिछला महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव भाजपा ने मैच फिक्स करके जीता और अब बिहार में भी ऐसा ही किया जाएगा। गांधी ने एक्स पर एक अंग्रेजी दैनिक में छपे अपने लेख को पोस्ट करते हुए शनिवार को लिखा कि चुनाव की चोरी का पूरा खेल। वर्ष 2024 का महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव लोकतंत्र में धांधली का ब्लूप्रिंट था। अपने आर्टिकल में मैंने विस्तार से बताया है कि कैसे यह साज़िश कदम-दर-कदम रची गई।



उन्होंने आरोप लगाया कि पहले चुनाव आयोग की नियुक्ति करने वाले पैनल पर कब्ज़ा किया गया फिर वोटर लिस्ट में फर्ज़ी मतदाता जोड़े गए, फिर मतदान प्रतिशत बढ़ा-चढ़ा कर दिखाया गया और जहां भाजपा को जिताना था, वहां टारगेट करके फर्जी वोटिंग कराई गई और फिर सबूतों को छुपा दिया गया।

गांधी ने कहा कि चुनाव में धांधली भी मैच फिक्सिंग जैसी होती है,जो पक्ष धोखाधड़ी करता है, वह भले ही जीत जाए लेकिन इससे लोकतांत्रिक संस्थाएं कमजोर होती हैं और जनता का नतीजों से भरोसा उठ जाता है। उन्होंने कहा कि हर ज़िम्मेदार नागरिक को सबूतों को खुद देखना चाहिए, सच्चाई समझनी चाहिए और जवाब मांगने चाहिए। गांधी ने कहा कि चुनाव में मैच फिक्सिंग लोकतंत्र के लिए जहर हैं।

### चुनावी हारों से हताश हो लगा रहे आरोप : नड्डा

**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राहुल गांधी द्वारा 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को 'लोकतंत्र में धांधली करने का ब्लूप्रिंट' करार दिए जाने पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए शनिवार को कहा कि कांग्रेस नेता कई चुनाव में हार से दुखी और हताश हैं और इसलिए विचित्र साजिशें रचने का आरोप लगा रहे हैं। नड्डा ने पलटवार करते हुए कहा कि गांधी का लेख फर्जी विमर्श गढ़ने का एक ब्लूप्रिंट है। वह बेशर्मी से झूठ फैलाते रहते हैं। और, वह ऐसा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि बिहार में उनकी हार निश्चित है।

### निराधार आरोप कानून के शासन का अपमान : ईसीआई

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में धांधली के दावों को खारिज करते हुए निर्वाचन आयोग के सूत्रों ने कहा कि अनुकूल चुनाव परिणाम नहीं मिलने के बाद चुनाव निकाय को बदनाम करना बेतुका काम है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में राहुल गांधी के मैच फिक्सिंग के आरोप पर निर्वाचन आयोग के सूत्रों ने कहा कि निराधार आरोप कानून के शासन का अनादर है।

## एक नजर

### गोल्डी बरार और चार अन्य के खिलाफ चार्जशीट

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने 2024 में गुरुग्राम के दो क्लबों में बम हमलों से संबंधित मामले में कनाडा के खालिस्तानी आतंकवादी गोल्डी बरार सहित पांच के खिलाफ आरोपपत्र (चार्जशीट) दाखिल किया है। एनआईए ने पंचकूला की एक कोर्ट में दायर आरोपपत्र में सतिंदरजीत सिंह उर्फ गोल्डी बरार के साथ सचिन तालियान, अंकित, भाविश और अमेरिका के रणदीप सिंह उर्फ रणदीप मलिक पर बीएनएस, शस्त्र अधिनियम, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए हैं।

### टी रबी शंकर बने 16वें वित्त आयोग में सदस्य

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि आरबीआई के डिप्टी गवर्नर टी रबी शंकर को 16वें वित्त आयोग का अंशकालिक सदस्य बनाया गया है। मंत्रालय ने कहा कि एक पूर्णकालिक सदस्य पूर्व वित्त सचिव अजय नारायण झा के व्यक्तिगत कारणों से इस्तीफा देने के चलते यह नियुक्ति की गई। राष्ट्रपति ने आरबीआई के डिप्टी गवर्नर टी रबी शंकर को 16वें वित्त आयोग का अंशकालिक सदस्य नियुक्त किया है। शंकर कार्यभार संभालने की तारीख से लेकर आयोग के अपनी रिपोर्ट सौंपने तक या 31 अक्टूबर, 2025 तक, जो भी पहले हो, अपने पद पर बने रहेंगे।

# शिक्षा प्रणाली में शामिल किए जाएं आपदारोधी उपाय : मोदी

## आपदारोधी अवसंरचना पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में बोले प्रधानमंत्री

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व समुदाय से आपदा से निपटने के लिए वित्त-पोषण की अभिनव व्यवस्था किए जाने और आपदा रोधी उपायों को शिक्षा प्रणाली का हिस्सा बनाए जाने पर बल दिया है। मोदी ने आपदा रोधी अवसंरचना पर फ्रांस के नाइस शहर में चल रहे दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया।

प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार मोदी ने कहा कि आपदा से निपटने के लिए अभिनव वित्त पोषण की आवश्यकता है। हमें कार्रवाई योग्य कार्यक्रम तैयार करने चाहिए और वित्त तक विकासशील देशों की पहुंच सुनिश्चित करनी चाहिए।

प्रधानमंत्री ने सुझाव दिया कि आपदा से निपटने के लिए पाठ्यक्रम, मॉड्यूल और कौशल विकास कार्यक्रम को उच्च शिक्षा का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे कुशल कार्यबल का निर्माण होगा, जो भविष्य की चुनौतियों से निपट सकता है। शनिवार को सम्पन्न हो रहा दो दिन का यह शिखर सम्मेलन पहली बार यूरोप में आयोजित किया गया है। पिछले साल अप्रैल में नई दिल्ली में हुआ था। इस बार सम्मेलन का विषय था- तटीय क्षेत्रों के लिए सुदृढ़ भविष्य को आकार देना। प्रधानमंत्री ने कहा कि आपदाओं का सामना करने और प्रभावित क्षेत्रों में पुनर्निर्माण के विषय में दूसरे देशों के अनुभवों से सीख लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इन विषयों में सर्वोत्तम प्रथाओं का एक वैश्विक डिजिटल संग्रह तैयार करना लाभकारी होगा। मोदी ने कहा कि हम छोटे द्वीपीय विकासशील देशों को बड़े महासागरीय देशों के रूप में देखते हैं। उनकी अतिसंवेदनशीलता के कारण उन पर विशेष रूप पर ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने आपदाओं के संबंधी प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों की मज़बूती और समन्वय के महत्व को भी रेखांकित किया।

### अवसंरचना निर्माण के लिए पांच प्राथमिकताओं का जिक्र



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आपदा रोधी बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए अपनी पांच प्रमुख वैश्विक प्राथमिकताओं को रेखांकित किया जिसमें कुशल कार्यबल, सर्वोत्तम प्रथाओं का दस्तावेजीकरण करने के लिए एक वैश्विक डिजिटल संग्रह और अभिनव वित्तपोषण शामिल है। मोदी ने कहा कि पूर्व चेतावनी प्रणाली को मजबूत करना और तालमेल बिठाना एक अन्य अहम पहलू है। आपदा रोधी बुनियादी ढांचे से आशय ऐसी लचीली अंवसरचना से है जो आपदा का सामना करने में सक्षम हो। फ्रांस में आयोजित इस कार्यक्रम के लिए मोदी ने राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को धन्यवाद दिया।

### किसान कल्याण के लिए और उत्साह से जारी रहेंगे प्रयास

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि पिछले 11 वर्षों के दौरान उनकी सरकार की कई पहलों से किसानों की समृद्धि बढ़ी है और कृषि में बदलाव सुनिश्चित हुआ है। उन्होंने एक्स पर कहा कि अपने मेहनतकश किसानों की सेवा करना हमारा सौभाग्य है... हमने मृदा स्वास्थ्य और सिंचाई जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया है, जो बहुत लाभकारी रहे हैं। आने वाले समय में किसानों के कल्याण की दिशा में हमारे प्रयास और भी अधिक उत्साह के साथ जारी रहेंगे। मोदी ने कहा कि हमारे किसान भाई-बहनों को पहले जहां छोटी-छोटी जरूरतों के लिए भी उधार लेने को मजबूर होना पड़ता था, वहीं बीते 11 साल में हमारी सरकार के निर्णयों से उनका जीवन बहुत आसान हुआ है।

## छत्तीसगढ़ में दो महिला समेत पांच नक्सली मार गिराए

- गोला-बारूद का जखीरा और हथियार बरामद

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों के साथ हुई मुठभेड़ के बाद दो महिला समेत पांच नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि जिले के इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में चल रहे नक्सल विरोधी अभियान में सुरक्षाबलों ने पिछले चार दिनों में दो नक्सली नेता समेत कुल सात नक्सलियों को मार गिराया है। मारे गए सभी सात नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार चार जून से बीजापुर जिले के इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान जारी है।

सुरक्षाबलों ने शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात को हुई मुठभेड़ों के दौरान तीन अन्य माओवादियों का शव बरामद किया। शनिवार को दो अन्य नक्सलियों का शव बरामद किया गया। बरामद पांच अज्ञात नक्सली शवों की पहचान करने का प्रयास जारी है। सुरक्षाबलों ने घटनास्थल से हथियार और गोला-बारूद का एक बड़ा जखीरा जब्त किया है, जिसमें दो एके-47 राइफल भी

## माध्यमिक विद्यालयों के लिए शासनादेश जारी

# एडेड विद्यालयों में अब ऑनलाइन तबादला भी

- आठ महत्वाकांक्षी जिलों में परस्पर तबादले ही होंगे, शासनादेश जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के एडेड माध्यमिक विद्यालयों में ऑनलाइन तबादले करने का शासनादेश शनिवार को जारी कर दिया गया है। इसके तहत आठ महत्वाकांक्षी जिलों में परस्पर तबादले ही होंगे।

शासन की ओर से विशेष सचिव कृष्ण कुमार गुप्त ने महानिदेशक स्कूल शिक्षा को अशासकीय सहायता प्राप्त (एडेड) माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों का ऑनलाइन तबादला करने का आदेश जारी किया है। यह पहली बार है जब एडेड माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों को ऑनलाइन तबादले का अवसर मिलेगा। वहीं, आठ महत्वाकांक्षी जिलों में परस्पर तबादले ही होंगे। यह जिले हैं सोनभद्र, चंदोली, बहराइच, श्रावस्ती, बररामपुर, फतेहपुर, चित्रकूट और सिंद्धार्थनगर। जारी आदेश में ऑनलाइन तबादले के मानक भी तय किए गए हैं।

बता दें कि बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग में लगभग हर काम ऑनलाइन ही हो रहा है पर एडेड कॉलेजों के शिक्षकों के तबादलों के लिए अभी तक ऑफलाइन प्रक्रिया ही अपनाई जा रही थी। इससे एडेड कॉलेजों के शिक्षकों में काफी रोष था।

### अंतर जनपदीय तबादले को नौ से आवेदन करें शिक्षक

परिषदीय स्कूलों के शिक्षक-शिक्षिकाओं के अंतर जनपदीय स्थानांतरण के लिए आनलाइन आवेदन 9 से 12 जून तक होंगे। इससे पहले छह से सात जून तक आरटीई मानकों के अनुसार छात्र-शिक्षक अनुपात के अनुसार शिक्षकों की आवश्यकता वाले और ज्यादा शिक्षकों वाले जिलों को चिह्नित कर सूची आनलाइन प्रदर्शित की जाएगी। शिक्षकों को आवेदन की कापी संबंधित बीएसए कार्यालय में 13 जून तक जमा करनी होगी। 14 जून को आनलाइन सत्यापन के बाद 16 जून को स्थानांतरण सूची जारी की जाएगी। सचिव बेसिक शिक्षा परिषद सुरेन्द्र तिवारी ने इस संबंध में सभी बीएसए को आदेश जारी किए हैं।

# वेंटीलेटर न मिलने से बदायूं में चार नवजातों की मौत

- जिला महिला अस्पताल के विशेष शिशु देखभाल वार्ड में थे भर्ती
- आर्थिक स्थिति खराब होने से हायर सेंटर नहीं ले जा सके परिजन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** वेंटीलेटर न मिलने की वजह से शनिवार को जिला महिला अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड (विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई) में भर्ती चार नवजातों की मौत हो गई। चिकित्सकों के अनुसार प्री मेच्योर होने की वजह से नवजातों का वजन कम था। इससे उन्हें सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। हालत गंभीर होने पर रेफर किया गया था, लेकिन परिजन आर्थिक समस्या होने की वजह से बच्चों को नहीं ले जा पाए। इस कारण शनिवार सुबह से लेकर शाम तक चारों नवजातों की मौत हो गई।

कोतवाली दातागंज क्षेत्र के गांव समरेर निवासी रेनू देवी को प्रसव पीड़ा होने पर उनके पति विपिन ने 5 जून को समरेर के सीएचसी में भर्ती कराया था। यहां सामान्य प्रसव से रेनू के जुड़वा बच्चे हुए थे। प्री मेच्योर डिलीवरी की वजह से बच्चों का वजन कम था। उन्हें सांस लेने में परेशानी हो रही थी। इसलिए उन्हें एसएनसीयू वार्ड में भर्ती किया गया था।

वहीं दातागंज क्षेत्र के गांव जयपालपुर निवासी प्रेमलता देवी को प्रसव पीड़ा होने पर उनके पति धर्मपाल ने उन्हें जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया था। उन्होंने बेटी को जन्म दिया। वजन कम होने से उसे भी सांस लेने में परेशानी हो रही थी और इंफेक्शन भी था। उसे एसएनसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया था। थाना कादरचौक क्षेत्र के गांव कादरबाड़ी निवासी तराना के नवजात को भी सांस लेने में दिक्कत होने पर वार्ड में भर्ती किया गया। शनिवार को धीरे-धीरे चारों बच्चों ने दम तोड़ दिया। महिला अस्पताल के चिकित्सक डॉ. संदीप वार्ष्णेय ने बताया कि बच्चे प्री मेच्योर्ड थे। बच्चों का वजन भी कम था। शुक्रवार को परिजनों को हायर सेंटर ले जाने को कहा गया, लेकिन परिजनों ने अनुमति नहीं दी थी। वेंटीलेटर और सीपेप न होने की वजह से दुर्भाग्यवश बच्चों की मौत हो गई।

> शासन से कई बार वेंटीलेटर की मांग की गई है। अस्पताल में वेंटीलेटर के अलावा तीन एनेस्थेटिक्स के साथ आठ स्टाफ जरूरी है। शासन से पत्राचार किया जाएगा।
> **- डॉ. इंदुकांत वर्मा**, सीएमएस, जिला महिला अस्पताल।



## महेंद्र देव बने पीएम आर्थिक सलाहकार परिषद के चेयरमैन

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी विकास अनुसंधान संस्थान के पूर्व कुलपति एस महेंद्र देव ने प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) के नए चेयरमैन के रूप में कार्यभार संभाला है।

प्रख्यात अर्थशास्त्री देव ने नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी का स्थान लिया, जो ईएसी-पीएम का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे थे। मंत्रिमंडल सचिवालय द्वारा जारी एक आदेश में पहले कहा गया था कि प्रधानमंत्री ने दो साल के लिए या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के पुनर्गठन को मंजूरी दे दी है।

# केदारनाथ जा रहे हेलीकॉप्टर की हाइवे पर इमरजेंसी लैंडिंग




- हार्ड लैंडिंग में पायलट चोटिल सभी तीर्थ यात्री सुरक्षित

**देहरादून, अमृत विचार :** रुद्रप्रयाग में शनिवार दोपहर श्रद्धालुओं को केदारनाथ धाम ले जा रहे हेलीकॉप्टर को टेक ऑफ के दौरान तकनीकी खराबी आने पर आपात स्थिति में सिरसी के पास हाइवे पर उतारना पड़ा।

पायलट की सूझबूझ से बड़ा हादसा होने से बच गया। हालांकि पायलट चोटिल हो गया। हेली के टेल रोटर की चपेट में आने से एक कार क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि पायलट और सभी तीर्थ यात्री सुरक्षित रहे। जिला पर्यटन विकास अधिकारी एवं हेली सेवा के नोडल अधिकारी राहुल चौबे ने बताया कि क्रेस्टेल एविएशन प्राइवेट लिमिटेड का एक हेलीकॉप्टर अपने बड़ासू स्थित बेस से केदारनाथ धाम के लिए पांच यात्रियों के साथ टेक-ऑफ कर रहा था। तभी कुछ तकनीकी खामी आ गई। पायलट ने नज़दीक में खाली सड़क देखकर आपातकालीन लैंडिंग करवाई।

# केएससीए के सचिव और कोषाध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

- बेंगलुरु में भगदड़ की नैतिक जिम्मेदारी का दिया हवाला

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के सचिव ए शंकर और कोषाध्यक्ष ई एस जयराम ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की जीत के जश्न मनाने के दौरान एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई भगदड़ के बाद नैतिक जिम्मेदारी का हवाला देते हुए इस्तीफे दे दिए हैं।

चार जून को हुई इस दुखद घटना में 11 लोगों की मौत हो गई और 50 से अधिक लोग घायल हो गए थे। शंकर और जयराम ने अपनी सीमित भागीदारी के बावजूद छह जून को केएससीए अध्यक्ष रघुराम भट को अपने इस्तीफे पत्र सौंप दिए। दोनों ने कहा कि हमने नैतिक जिम्मेदारी के कारण इस्तीफा दे दिया है।

### क्षतिपूर्ति की राशि 25 लाख रुपये की

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने 4 जून को चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई भगदड़ में जान गंवाने वालों के परिजनों के लिए घोषित मुआवजा राशि शनिवार को 10 लाख से बढ़ाकर 25 लाख रुपये कर दिया।

# प्रौद्योगिकी केवल पूरक हो, मानव मस्तिष्क की जगह न ले

## सीजेआई गवई ने कहा-न्यायिक निर्णय लेने में विवेक, सहानुभूति का कोई विकल्प नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई ने कहा कि न्यायिक निर्णय लेने में प्रौद्योगिकी को मानव मस्तिष्क का स्थान नहीं लेना चाहिए, बल्कि उसका पूरक होना चाहिए। उन्होंने रेखांकित किया कि न्यायिक निर्णय लेते समय विवेक, सहानुभूति और न्यायिक व्याख्या का स्थान कोई नहीं ले सकता। न्यायमूर्ति गवई लंदन विश्वविद्यालय से संबद्ध स्कूल ऑफ ओरिएंटल एंड अफ्रीकन स्टडीज (एसओएएस) में भारतीय कानूनी प्रणाली में प्रौद्योगिकी की भूमिका विषय पर आयोजित व्याख्यान को संबोधित कर रहे थे।



- भारतीय कानूनी प्रणाली में प्रौद्योगिकी की भूमिका विषयक व्याख्यान को किया संबोधित

सीजेआई ने कहा कि न्यायपालिका स्वचालित वाद सूचियों, 'डिजिटल कियोस्क' और आभासी सहायकों जैसे नवाचारों का स्वागत करती है, लेकिन उसे यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मानवीय निगरानी, नैतिक दिशानिर्देश और मजबूत प्रशिक्षण उनके कार्यान्वयन का अभिन्न अंग हों। न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि विवेक, सहानुभूति और न्यायिक व्याख्या का मूल्य अपूरणीय है। उन्होंने बताया कि भारतीय न्यायपालिका देश की संवैधानिक और सामाजिक वास्तविकताओं के अनुरूप घरेलू नैतिक ढांचे के विकास को लेकर बेहतर स्थिति में है। न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि हमारे पास तकनीकी विशेषज्ञता, न्यायिक दूरदर्शिता और लोकतांत्रिक जनादेश है, जिससे हम ऐसी प्रणालियां विकसित कर सके जो समानता, सम्मान और न्याय के हमारे मूल्यों को प्रतिबिंबित करती हैं। उन्होंने कहा कि वास्तव में, भारत के प्रधान न्यायाधीश के रूप में पदभार ग्रहण करने के बाद पहले ही सप्ताह में, मैंने न्यायपालिका में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और उभरती प्रौद्योगिकियों के नैतिक उपयोग पर एक व्यापक नोट तैयार करने के लिए उच्चतम न्यायालय के अनुसंधान और योजना केंद्र के साथ चर्चा शुरू की थी।

सीजेआई ने कहा कि न्यायिक निर्णय लेने में प्रौद्योगिकी को मानव मस्तिष्क का स्थान नहीं लेना चाहिए, बल्कि उसका पूरक होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि हमेशा इस बात पर जोर दिया जाना चाहिए कि प्रौद्योगिकी का उपयोग विश्वास और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए किया जाए - न्याय के मूल में मानवीय विवेक का स्थान लेने के लिए नहीं।

### न्याय केवल न्यायपालिका की जिम्मेदारी नहीं

न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि मेरा दृढ़ विश्वास है कि न्याय तक पहुंच केवल न्यायपालिका की जिम्मेदारी नहीं है। यह एक साझा राष्ट्रीय प्रतिबद्धता है। विधि विद्यालयों, नागरिक समाज, कानूनी सहायता संस्थानों और सरकारों को ऐसे तकनीकी मॉडल विकसित करने और बढ़ावा देने के लिए एकजुट होकर काम करना चाहिए जो सुलभ, पारदर्शी और समावेशी हों। इस बीच, लंदन अंतर्राष्ट्रीय विवाद सप्ताह के अवसर पर आयोजित सिंगापुर अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता केंद्र (एसआईएसी) और ट्राइलीगल के संयुक्त कार्यक्रम में सीजेआई गवई ने मध्यस्थता को महत्वपूर्ण करार दिया। उन्होंने कहा कि हाल के दशकों में न्याय प्रक्रिया ने वैकल्पिक विवाद समाधान के तरीकों में एक महत्वपूर्ण बदलाव देखा है।

## एक नजर

### निशुल्क विधिक सहायता शिविर का आयोजन

**शाहजहांपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में आज रविवार को कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन शाहजहांपुर में सुबह 11 बजे से एक निशुल्क विधिक सहायता शिविर का आयोजन जिला युवा कांग्रेस की ओर से किया जा रहा है। इस शिविर का शुभारंभ जिला कांग्रेस अध्यक्ष रजनीश गुप्ता मुन्ना, महानगर अध्यक्ष तकवीम हसन खान व जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष राम जी अवस्थी संयुक्त रूप से करेंगे। जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष राम जी अवस्थी एडवोकेट ने बताया कि इस शिविर में आम जनमानस अपनी किसी भी कानूनी समस्या के समाधान के लिए विधिक विशेषज्ञों से निशुल्क परामर्श प्राप्त कर सकते हैं। शिविर में कानूनी समस्याओं की जानकारी देने के साथ-साथ उनके समाधान के लिए ठोस कदम भी उठाए जाएंगे।

### खुदागंज में 98 हजार खर्च फिर भी हैंड पंप प्यासे

**खुदागंज।** विकास क्षेत्र खुदागंज के ग्राम खिरिया में बीते दिनों हैंडपंप मरम्मत के लिए 98000 दो फर्मों के नाम आहरित कर मरम्मत होना दर्शाया गया था, उसके बावजूद भी गांव में कई हैंडपंप अभी भी जीर्णक्षीण अवस्था में हैं। खराब और बंद हैंडपंप के निकट रहने वाले ग्रामीणों को पीने का पानी समुचित रूप से उपलब्ध नहीं हो पा रही है, जिस कारण भीषण गर्मी में पीने के पानी के लिए यह लोग दूर-दूर से पानी इकट्ठा कर अपना कार्य करते हैं।

### चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**खुदागंज :** खुदागंज थाना क्षेत्र के गांव गैली निवासी इरसाद ने बताया कि 02 जून की रात में चोरों ने उसके मकान में नकब लगा दी। चोर मकान में घुस गए और अलमारी में से 10 हजार रुपये, जेवर, कपड़ा आदि सामान चुराकर ले गए। पुलिस ने अज्ञात में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### रिक्शा खड़ा करने पर पीटा

**रोजा।** हरदोई जिले के मझिला थाना के गांव लोकपूर्वी निवासी इकवाल ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि उसने रामचंद्र मिशन थाना के मिश्रीपुर गांव में एक प्लाट खरीदा था। वह प्लाट पर निर्माण कार्य करा रहा था। मोहल्ले का तकदीर ई-रिक्शा लेकर आया और प्लाट के सामने खड़ा कर दिया। विरोध करने पर तकदीर, नसीम, नईम आदि ने उसे तथा उसके परिवार को पीटकर घायल कर दिया।



बड़ी ईदगाह में ईद-उल-अजहा की नमाज पढ़ते मुस्लिम। ● अमृत विचार



ईद के मौके पर नए कपड़े पहने बैठे बच्चे।



सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे एसपी राजेश द्विवेदी। ● अमृत विचार

# अमन चैन व भाईचारे को अल्लाह की बारगाह में उठे हजारों हाथ

## बड़ी-छोटी ईदगाह, गदियाना ईदगाह, जामा मस्जिद समेत मोहल्लों की मस्जिदों में पढ़ी गई नमाज, धार्मिक स्थलों और चौराहों पर तैनात रहे सुरक्षाकर्मी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** मुस्लिमों का प्रमुख पर्व ईद-उल-अजहा (बकरीद) शनिवार को जोशोखरोश के साथ मनाया गया। सुबह बड़ी-छोटी ईदगाह, जामा मस्जिद, गदियाना जलालनगर ईदगाह समेत अन्य मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की गई। नमाज में शामिल लोगों मुस्लिमों ने अमन-चैन और आपसी भाईचारे के लिए दोनों हाथ उठाकर अल्लाह से दुआ मांगी। नमाज के बाद पारंपरिक ढंग से जानवरों की कुर्बानी दी गई।

ईद की नमाज पढ़वाने से पहले बड़ी ईदगाह में पेश इमाम मौलाना हुजूर अहमद मंजरी ने मुसलमानों का आह्वान किया कि वह गुनाहों से तौबा कर नेकी के रास्ते पर चलें। उन्होंने कुर्बानी का महत्व समझाते हुए कहा कि कुर्बानी का जज्बा कम नहीं होना चाहिए। ईदगाह में मुस्लिमों को एकजुटता का पाठ पढ़ाया गया। नमाज के दौरान एसपी राजेश द्विवेदी, नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्रा, एडीएम प्रशासन , एसपी सिटी देवेंद्र कुमार, नगर निगम के महाप्रबंधक जल सौरभ श्रीवास्तव, एलआईयू इंस्पेक्टर चंद्रभान सिंह समेत बड़ी संख्या में पुलिसबल तैनात रहा। बड़ी ईदगाह के पास मेले में लगीं दुकानों पर लोगों



पेश इमाम मौलाना हुजूर अहमद मंजरी को गले मिलकर मुबारकबाद देते मुस्लिम समाज के लोग।



ईद की मुबारकबाद देते सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खां व अन्य। ● अमृत विचार



बड़ी ईदगाह के पास मेले में हलवा और मीठा पराठा खरीदते मुस्लिम समाज के लोग।

- **बड़ी ईदगाह में एसपी के नेतृत्व में डटे रहे पुलिस, प्रशासन और नगर निगम के पदाधिकार**

ने खरीदारी की। सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खां ने भी गले मिलकर लोगों को ईद की मुबारकबाद दी। बड़ी ईदगाह के बाद छोटी ईदगाह, जामा मस्जिद, गदियाना ईदगाह समेत तमाम मस्जिदों में बकरीद की नमाज पढ़ी गई, जिनमें हजारों मुस्लिमों ने नमाज अदा कर कौम और मुल्क की तरक्की तथा आपसी भाईचारे के लिए दुआ मांगी। इन स्थानों पर भी सुरक्षा चाक-चौबंद रही।

ककरा कलां की मस्जिद में सुबह नमाज अदा होने के बाद असलम खां ने अपने पुत्रों शाहनवाज खान और शबरेज खान के साथ क्षेत्रवासियों से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद पेश की।इस दौरान मास्टर नफीस खान



सुरक्षा के मद्देनजर मौजूद पुलिस बल। ● अमृत विचार

सहित अन्य लोगों ने भी एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद पेश की। नमाज के बाद अधिकतर लोगों ने अपने घरों पर जाकर कुर्बानी की रस्म अदा की।

**बच्चों में ईद मिलने को लेकर दिखा उत्साह :** बकरीद की नमाज अदा करने के लिए परिवार के सदस्यों के साथ तमाम बच्चे भी ईदगाहों में पहुंचे और उन्होंने सभी को देखकर नमाज पढ़ी। बाद में कई बच्चों ने एसपी, नगर आयुक्त, एडीएम समेत अन्य फूल देकर ईद की मुबारकबाद भी दी। घरों में बच्चों का उत्साह चरम पर था। नए-नए कपड़े पहने बच्चों ने आपस में एक-दूसरे को सेवइयों खिलाकर त्योहार की खुशियां मनाईं।



नमाज के बाद दुआ मांगता एक बच्चा।



बड़ी ईदगाह के पास लगे मेले में लईया खरीदते लोग। ● अमृत विचार

## तिलहर में भी ईद पर पढ़ी गई नमाज, गले मिलकर दी मुबारकबाद

**तिलहर, अमृत विचार :** ईद-उल-अजहा का त्यौहार शांतिपूर्वक मनाया गया। मुस्लिमों ने ईद की नमाज अदा कर अल्लाह की रजा हासिल करने के लिए कुर्बानी पेश की। शनिवार को मोहल्ला मौजमपुर स्थित ईदगाह में शहर इमाम हाजी शद्दन मियां ने मुस्लिमों को नमाज अदा करा कर मुल्क की खुशहाली और तरक्की की दुआ मांगी। मोहल्ला कच्चा कटरा स्थित बड़ी मस्जिद में कारी गुलाम अहमद रजा, चौहटियां मस्जिद में कारी इदरीश रजा, जामा मस्जिद में मौलाना सखावत हुसैन, बहादुरगंज जंगल वाली मस्जिद में हाफिज अब्दुल मतीन, डभौरा में कारी सोहेल, बिरिया गंज मस्जिद में मुफ्ती



ईद मिलकर मुबारकबाद देते व्यापारी नेता । ● अमृत विचार

याद अली ने नमाज अदा कराई। एसडीएम रविंद्र कुमार, सीओ ज्योति यादव, कोतवाल राकेश कुमार सुरक्षा को लेकर पुलिस टीम के साथ मौजूद रहे। इस दौरान इकबाल हुसैन फूलमियां, चांद अंसारी, सौरभ गुप्ता रवि आदि ने गले मिलकर लोगों को ईद की मुबारकबाद दी।

**जैतीपुर।** खेड़ा-बझेड़ा के ईदगाह पर ईद उल अजाह के अवसर पर नमाज अता की गई और एक दूसरे को गले मिलकर मुबारकबाद दी गई। इस दौरान महबूब खान, मनमून खां, शिवम, विक्रम सिंह, वासिद मंसूरी, मुन्ना खां , नौशाद खां, याकूब अली आदि मौजूद रहे ।

## शांतिपूर्वक मनाया गया ईद-उल-अजहा का त्योहार

**परौर,अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव जरौली, मई, कौमी, कुंडरी आश्रम, बम्हनी चौकी, बमहौरा,चौकिया गोलागंज परौर आदि गांवों में शांतिपूर्वक ईद-उल-अजहा का त्योहार मनाया गया। सभी मस्जिदों व ईदगाह पर पुलिस बल तैनात रहा।

नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। बच्चों में अधिक उत्साह देखा गया। बच्चों ने खाने पीने की व खेल खिलौने की जमकर खरीदारी की। जरौली गांव के इमाम अनीस रजा कौमी के इमाम हाशिम रजा ने मुल्क में अमन चैन कायम रहने के लिए रब की बारगाह में हाथ उठाकर दुआ मांगी। कुर्बानियों का दौर लगातार तीन दिन तक चलता रहेगा।

एसआई कृष्णपाल सिंह ने जरौली ईदगाह पहुंचकर कमेटी अध्यक्ष फुरकान खांन व अन्य लोगों से कुर्बानी पर्दे में करने व उसके अवशेष जमीन के अंदर दबाने की अपील की है।

## एसपी ने भ्रमण कर व्यापारियों को बताए यातायात नियम



व्यापारियों को यातायात नियम लिखे स्टीकर देते एसपी राजेश द्विवेदी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **नियम लिखे स्टीकर दुकानों पर चिपकाए**
- **बोले एसपी, सफेद पट्टी के भीतर ही खड़ा करवाएं वाहन**

**अमृत विचार:** एसपी ने पुलिस टीम के साथ मुख्य बाजार में भ्रमण कर व्यापारियों को यातायात नियम बताने के साथ ही दुकानों पर स्टीकर चिपकाए। इस दौरान व्यापार मण्डल के महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम भी अपने संगठन के पदाधिकारियों के साथ मौजूद रहे।

एपी राजेश द्विवेदी, एएसपी सिटी देवेंद्र कुमार, एएसपी ग्रामीण भांवरे दीक्षा, टीएसआई विनय कुमार पांडेय ने सदर थाने की टीम के साथ घंटाघर से मशीनरी मार्केट होते हुए बहादुरगंज तक यातायात नियमों की जानकारी वाले स्टीकर दुकानों पर चिपकाए। एसपी ने आहवान किया कि बाजार में दोपहिया वाहन सफेद पट्टी के अंदर रखें, यातायात के नियमों का पालन करें। महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम ने कहा कि कोई भी चार पहिया वाहन मुख्य बाजार में खड़ा करके न जाएं। उन्होंने दुकानदारों से कहा की ग्राहकों की बाइकें सफेद पट्टी के अंदर लगवाए, जिससे ट्रैफिक बाधित नहीं होगा। इस मौके पर कंचन गुप्ता , पंकज टंडन , रविन्द्र सिंह , हनी सिंह,अशोक गुप्ता, प्रमोद मल्होत्रा,योगेन्द्र अरोड़ा,लकी ख़ान , रेहान मिर्जा , डॉ. शब्बन आदि शामिल रहे।

## प्रीति हत्याकांड में आरोपियों की तलाश में पुलिस ने दी दबिश

**जलालाबाद/शाहजहांपुर,अमृत विचार:** गुनारा गांव में प्रीति हत्याकांड में पुलिस ने पति समेत छह लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। एसओजी और पुलिस की टीमें आरोपियों की तलाश में बराबर दबिश दे रही है। पुलिस शीघ्र आरोपियों की गिरफ्तार कर लेगी। बता दे कि जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव गुनारा निवासी प्रीति का शव शुक्रवार की शाम मकान के दो मंजिल पर चारपाई पर खून से लथपथ मिला था और गला धारदार हथियार से रेता गया था। हरदोई जिले के शाहाबाद थाना के गांव काला गाड़ा निवासी सुशीला पत्नी धर्मवीर ने बताया कि उसने एक साल पूर्व अपनी पुत्री प्रीति की शादी अजय निवासी गुनारा थाना जलालाबाद के साथ की थी। उसने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। उसका आरोप है कि उसकी पुत्री से आए दिन दामाद अजय, जेठ विजय, जेठानी रेशमा व ननद बिट्टो और बहनोई मुकेश मोटर साइकिल की मांग करते रहते थे। उसकी पुत्री प्रीति ने फोन पर कई बार प्रताड़ित करने की शिकायत की थी। उसकी पुत्री पांच माह से गर्भवती थी।

## खुदागंज में चालू नहीं हुए आरआरसी सेंटर


संवाददाता, खुदागंज

**अमृत विचार:** ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्येक गांव में बनाए जाने वाले आरआरसी सेंटर (कूड़ाघर) अभी तक संचालित नहीं हो पाए हैं, जिन्हें संचालित करने के लिए उच्च अधिकारियों द्वारा कड़े निर्देश दिए गए थे।

बता दें कि विकास क्षेत्र खुदागंज की 65 ग्राम पंचायतों में कुछ गांव को छोड़कर बड़ी संख्या में ग्राम पंचायत में बनाए गए आरआरसी सेंटर संबंधित अधिकारियों की लापरवाही के चलते संचालित नहीं हो पाए हैं। कई माह पूर्व जिलाधिकारी ने संचालित करने के कड़े निर्देश दिए थे, कुछ स्थानों पर इन सेटरों पर घरेलू सामान व अन्य सामग्री भरकर इनका इस्तेमाल किया जा रहा है तो अधिकांश जगह पूर्ण रूप से निर्माण भी नहीं हो पाया है, कई स्थानों पर ताला लटक रहा है जो शासन की मंशा पर पानी फेरता नजर आता है।



खिरिया गांव में आरआरसी सेंटर में भरे ड्रम ।


बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ सत्र : 2025-26
Accreditations, Affiliations & Approvals
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG)-2025 में सूचीबद्ध
मेडिकल साइंसेस
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेंटल साइंसेस
डिप्लोमा-डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा-डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/नर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/कम्युनिटी हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी.फार्म/बी.फार्म/एम.फार्म (फार्माकोलॉजी, फार्मास्यूटिक्स, फार्मासियूटिकल कैमिस्ट्री, फार्माकॉगनॉसी )
पैरामेडिकल साइंसेस
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी एण्ड ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/डिप्लोमा इन रेडियोथेरेपी तकनिशियन (DRIT)/ बैचलर इन ऑप्रेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (BOTT)/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)/एमएससी क्लीनिकल एम्ब्र्योलॉजी/ एम.एससी इन मेडिकल लैबोरेट्री सांइस (MMLS)/ मास्टर्स इन फिजीयोथेरेपी (MPT)
फोरेंसिक साइंसेस
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान, एमएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए/(आईटी और मल्टीमीडिया)/ एम.कॉम (ऑनर्स)/ मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (यू.पी.)
Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
5 जून अयोध्या में दिव्य श्री रामदरबार विग्रह प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555

# होमगार्ड ने ईंट मार कर विधवा प्रेमिका को मार डाला

## शुक्रवार रात हुई घटना, पुलिस ने आरोपी के परिजनों को लिया हिरासत में, आरोपी ने पुलिस के सामने किया आत्मसमर्पण

संवाददाता, बंडा

**अमृत विचार :** प्रेम संबंधों में शक पनपने के चलते होमगार्ड प्रेमी अपनी प्रेमिका को घर से घसीटकर ले गया और सिर पर ईंट मारकर उसकी हत्या कर दी। मृतक की नाबालिग पुत्री ने आंखों देखी घटना बताते हुए युवक पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव का पंचनामा किए बगैर रात में ही शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दबाव पड़ने पर आरोपी ने थाने में आत्मसमर्पण कर दिया।

बंडा के गांव भानपुर निभुआचक निवासी किरन देवी के पति राजेश की करीब दस वर्ष पहले मृत्यु हो गई थी जिसके बाद उसका पड़ोस के ही गांव पड़रिया दलेलपुर निवासी होमगार्ड पद पर तैनात पुष्पेंद्र वर्मा नामक युवक से प्रेम प्रसंग शुरू हो गया। दोनों के बीच लगातार कई वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था जिसकी जानकारी पूरे गांव को थी। दोनों के बीच कई बार थाना पुलिस भी हो गया लेकिन कुछ ही देर बाद दोनों में सुलह हो जाया करती थी। किरन देवी की 16 वर्षीय अंशिका बाहर रहकर जागरण आदि में झांकी निकालती है। जबकि छोटी 11 वर्षीय पुत्री शीतल मां के साथ घर में रहा करती थी। शीतल ने बताया कि शुक्रवार की रात दस बजे आरोपी पुष्पेंद्र उसके घर आया और पहले तो वह उसकी मां से झगड़ा करता रहा उसके बाद उसने घर में पड़ी एक लकड़ी उठाकर उसकी मां को



मौके पर मौजूद पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी। ● अमृत विचार

- मृतका की 11 वर्षीय बेटी ने अपनी आंखों से देखी मां की हत्या
- पुलिस के सामने किया खुलासा तब पकड़ा गया आरोपी



मृतका किरन देवी

मार दी और घसीटते हुए घर से करीब 200 मीटर दूर गांव के बाहर लेकर चला गया। उसके पीछे उसकी नाबालिग पुत्री शीतल भी मां को छोड़ देने की गुहार लगाती रही, लेकिन आरोप है कि प्रेमी युवक ने उसकी आंखों के सामने उसकी मां के सिर के पीछे ईंट मार दी। जिससे कुछ देर तड़पने के बाद उसकी मां की मौके पर ही मौत हो गई। गांव में एक कार्यक्रम में चल रहे डीजे के चलते किसी को इसके बारे में जानकारी नहीं हुई। शीतल ने डायल 112 पुलिस को मामले की जानकारी दी। बाद में मौके पर पहुंची बंडा पुलिस ने किरन के शव का पंचनामा किए बिना ही शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने शीतल के बयान लेने के बाद आरोपी की तलाश करनी शुरू कर दी। वहीं शनिवार सुबह आरोपी पुष्पेंद्र ने थाने में आत्मसमर्पण कर दिया। पुष्पेंद्र ने बताया कि जब पुलिस ने उसकी तलाश करते हुए उसके परिवार के लोगों को पकड़ लिया और थाने ले आईं, तब उसने आत्मसमर्पण किया। आरोपी पुष्पेंद्र ने बताया कि उसने अपनी प्रेमिका किरन की हत्या नहीं की है, पड़ोस गांव के तीन अन्य युवक हैं जो आए दिन उसकी प्रेमिका को परेशान करते थे, उसे शक है कि उसे फंसाने के लिए उन लोगों ने उसकी प्रेमिका की हत्या की है।

### प्रेमिका को चार युवकों से बात करते देखा

ग्रामीणों की माने तो पुष्पेंद्र ने अपनी प्रेमिका को कुछ दिन पूर्व ही तीन चार युवकों से बात करते हुए देखा था, जिसके बाद पुष्पेंद्र ने उन युवकों को देख लेने की भी बात कही थी और दोनों पक्षों में जमकर कहासुनी भी हुई थी। इस घटना के बाद से पुष्पेंद्र और किरन में आए दिन झगड़ा होता था। फिलहाल मामले की चश्मदीद गवाह शीतल का आरोप है कि जब वह अपनी मां को बचाने का प्रयास कर रही थी, तभी उक्त आरोपी ने उसे भी जान से मार देने की धमकी दी थी।




मृतका के घर के बाहर लगी भीड़। ● अमृत विचार

### मृतका की सास ने होमगार्ड के खिलाफ दी तहरीर

मृतका किरन देवी की सास रामरती ने पुलिस को बहू के होमगार्ड प्रेमी के खिलाफ तहरीर देते हुए बताया कि पुष्पेंद्र का उसके घर आना जाना रहता था। शुक्रवार की रात दस बजे पुष्पेंद्र उसकी बहू के घर आया और जबरन उसे बाहर ले जाने के लिए कहने लगा। जब किरन ने मना किया तो पुष्पेंद्र ने उसे गालियां देते हुए मारा-पीटा और किरन का हाथ पकड़कर बाहर ले गया। जहां गांव के पश्चिम अशोक के खेत के पास सड़क पर ईंट उठाकर उसके सिर पर दे मारी, जिससे किरन की मृत्यु हो गई। यह घटना किरन की 11 वर्षीय पुत्री शीतल ने देखी और उसे सारी घटना बताई, जिसके बाद मृतका की सास रामरती ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

### पुलिस अधीक्षक ने किया घटनास्थल का निरीक्षण

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने मौके पर जाकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। जहां दो ईंट पड़ी हुई थीं। पास में खून से सना बालों में लगाने वाला एक हेयरबैंड, एक सेफ्टी पिन और एक हेयरक्लिप भी पड़ी मिली। पुलिस अधीक्षक ने सीओ पुवायां निष्ठा उपाध्याय और थाना प्रभारी प्रदीप कुमार राय से घटना का सही से खुलासा करने और दोषियों को जेल भेजने के निर्देश दिए हैं।



घटनास्थल पर पड़ा खून, महिला का हेयरबैंड।

### सीने पर लिखा रखा है अपना और अपनी प्रेमिका का नाम

पुष्पेंद्र और किरन का वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों के बीच कई बार झगड़े भी हुए, लेकिन आज तक उसने कभी भी इस तरह की हरकत नहीं की। दोनों के बीच का विवाद सुबह थाने पहुंचता और शाम होते ही सुलह भी हो जाती थी। पुष्पेंद्र ने कई साल पहले मेले में अपना और अपनी प्रेमिका का नाम अपने सीने पर लिखवाया था। उसने कहा कि उसने कभी भी उसकी हत्या कर देने के बारे में सोचा तक नहीं।

### परिजनों ने नहीं किए पंचनामे पर हस्ताक्षर

मामला पुलिस प्रशासन से जुड़ा होने के चलते बंडा पुलिस ने रात में ही मृतका की लाश को बिना पंचनामा भरवाए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सुबह घटना की जानकारी मिलने पर जब परिजन घर पहुंचे तो उसकी लाश तलाश करते रहे। काफी देर बाद डरी सहमी बैठी मृतका की छोटी बेटी शीतल ने बताया कि पुलिस मां की लाश को रात में ही लेकर चली गई थी। जब परिजन थाने पहुंचे तब पुलिस उनसे पंचनामा पर हस्ताक्षर करवाने के लिए बुलाती रही लेकिन नाराज परिवार के लोगों ने पंचनामे पर हस्ताक्षर नहीं किए। कई लोगों के समझाने के बाद परिजनों ने पंचनामे पर हस्ताक्षर किए।

## विवाहिता को घर से निकाला, रिपोर्ट दर्ज

**जैतीपुर, अमृत विचार :** दहेज की खातिर ससुरालियों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने तहरीर देकर मारपीट करने वाले ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किए जाने की मांग की है।

गांव आलमपुर निवासी जूली देवी ने तहरीर देकर बताया कि चार वर्ष पूर्व उसकी शादी थाना क्षेत्र के गांव कीरतपुर बिहारी निवासी कल्यान सिंह के बेटे संजीव सिंह से हुई।

पिता ने शादी में हैसियत के अनुसार करीब पांच लाख रुपये खर्च किए। विवाह के 6 माह बाद से ही पति संजीव सहित सास मीरा, ससुर कल्यान सिंह, ननद नीतू कम दहेज देने का ताना मार कर मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। आठ माह पूर्व सभी ने गाली गलौज कर मारपीट की। घर से निकाल दिया और मायके से दो लाख नकद, बाइक लाओ वरना दूसरी शादी कर लेंगे। तब से वह मायके में ही रह रही है। पुलिस ने रिपोर्ट पंजीकृत का जांच शुरू कर दी है।

## तीन के खिलाफ नाबालिग को भगाने की रिपोर्ट

**बंडा।** किशोरी को अन्य समुदाय के युवक के बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में किशोरी के पिता ने तीन युवकों के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।कस्बे के मोहल्ला रामनगर कालोनी निवासी जसकरन ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार सुबह करीब पांच बजे आफताब उसकी 16 वर्षीय बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गया। उसकी पुत्री को भगवाने में इसरार और अफजाल का पूरा पूरा हाथ है।

## एक नजर

### ट्रेन से गिरकर युवक घायल

**तिलहर, अमृत विचार :** शनिवार को युवक ट्रेन से गिरकर घायल हो गया। इलाज को सीएचसी में भर्ती कराया, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। अमृतसर थाना अकाली मार्केट नियर गोल्डन निवासी सुमित घर से हावड़ा अमृतसर एक्सप्रेस से लखनऊ को जा रहा। सुबह करीब सात बजे तिलहर स्टेशन के पास झपकी लगने से ट्रेन से नीचे गिर गया। इलाज को सीएचसी में भर्ती कराया। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

### आरोपी को तमंचा और कारतूस समेत पकड़ा

**सेहरामऊ दक्षिणी।** गांव भरगंवा से बरेंग जाने वाले रास्ते पर पड़ने वाली मजार के पास पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध तमंचा और कारतूस बरामद करते हुए गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। थाने पर तैनात ट्रेनी उप निरीक्षक प्रियव्रत अपने हमराही हेड कांस्टेबल संजीव कुमार, आरक्षी विशाल कुमार ने गश्त के दौरान आरोपी को पकड़ा।

### दंपती को पीटकर किया घायल

**रोजा।** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के गांव मिश्रीपुर निवासी शबनम ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि उसके पुत्र का एक दिन पहले वासिद से बिजली का केबिल हटाने को लेकर विवाद हो गया था। शनिवार की सुबह वह बकरीद मना रही थी। वासिद अपने चार साथियों के साथ उसके दरवाजे पर आया और गाली देने लगा। विरोध करने पर आरोपी घर में घुस आए। आरोपियों ने शबनम और उसके पति नईम को पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने वाशिद, शाकिर, इकबाल, सलमान, रहीम, नईम, सरताज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### पोल्ट्री फार्म में चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**पुवायां।** पुलिस ने पोल्ट्री फार्म में घुसकर चोरी करने के मामले में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शुक्रवार हसनापुर में जगदीप सिंह के पोल्ट्री फार्म में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। जगदीप सिंह की तहरीर के आधार पर सोलर पैनल, बैटरे, सीसीटीवी कैमरे की डीबीआर चोरी करने के मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# युवक को आपत्तिजनक हालत में पकड़ा, धुनाई की

संवाददाता, बंडा

**अमृत विचारः** नाबालिग किशोरी के साथ युवक को आपत्तिजनक स्थितियों में देखकर आग बबूला हुए परिजन ने उसकी धुनाई कर दी। बचाने पहुंचे युवक के चाचा को भी जमकर पीट दिया। बाद में परिजनों ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।बंडा क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवक गांव की ही एक नाबालिग किशोरी को साथ लेकर खेत के किनारे लेकर चला गया। जहां किशोरी के परिवार वालों ने उसे आपत्तिजनक स्थितियों में देख लिया, जिसके बाद युवक को पकड़कर झाड़ियों से खींचकर उसकी धुनाई कर दी। युवक आए दिन किशोरी को चुपके से लेकर चला जाता था, जिसकी चर्चा धीरे धीरे पूरे गांव में फैल गई। बाद में किशोरी के परिजनों को भी इस बात का पता चल गया और वह युवक की तलाश में लगे रहे। शुक्रवार की शाम युवक ने फिर से वही हरकत कर दी। जिस पर पहले से घात लगाए बैठे परिजनों ने युवक को पकड़कर उसे पहले तो जमकर मारा पीटा। उसके बाद युवक को उसके घर ले जाकर शिकायत की। जहां युवक का चाचा किशोरी के परिवार वालों से बदतमीजी करने लगा, जिस पर गुस्साए परिजनों ने उसकी भी पिटाई कर दी। बाद में थाने पहुंचकर तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। वहीं लड़के पक्ष के लोग लगातार लड़की पक्ष पर दोनों की शादी कराने का दबाव बना रहे हैं।

## माता-पिता पर जहर खिलाने का आरोप

**रोजा/शाहजहांपुर, अमृत विचारः** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के गांव कनेंग निवासी सूरज ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसकी शादी तीन साल पहले बेबी के साथ हुई थी। उसका आरोप है कि उसके परिवार वाले बेबी को पसंद नहीं करते हैं। उसके माता-पिता पत्नी को तलाक देने का दबाव बनाते है। उसका आरोप है कि 16 मई को सभी ने मिलकर किसी चीज में उसे जहरीला पदार्थ खिला दिया। गंभीर हालत में उसे एक बरेली में भर्ती कराया गया था। जहां उसे 26 मई को छुट्टी मिली। सूरज ने रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# मंदिर के पास कुर्बानी देने पर भड़के हिंदू संगठन

संवाददाता, बंडा

- बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने मौके पर पहुंचकर हंगामा काटा
- पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की

**अमृत विचारः** बकरीद के मौके पर मंदिर के पास पशुओं की कुर्बानी देने पर भड़के बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने मौके पर पहुंचकर हंगामा काटा और पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

शनिवार को बकरीद के मौके पर कुछ लोगों के द्वारा मंदिर के समीप पशुओं की नृशंस हत्या करने की सूचना मिलने पर बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद और गौरक्षा संघ के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। जहां मंदिर से महज 100 मीटर की दूरी पर ही खुले में पशुओं को बांधकर कुर्बानी के नाम पर उनकी हत्या की जा रही थी। कार्यकर्ताओं के मौके पर पहुंचते ही दूसरे समुदाय के लोग भी एकत्रित होने लगे, जिस पर दोनों पक्षों में बहस होने लगी। इस पर मौके पर पुलिस पहुंच गई, जिसके बाद विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड मंत्री अभिषेक शर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसे बंडा के मोहल्ला मुरादपुर के वार्ड संख्या नौ में जानकारी दी गई कि वार्ड में बने देवी माता के मंदिर के पास एक प्लाट में टेंट लगाकर एक युवक व उसके अन्य कसाई साथी प्रतिबंधित पशुओं का कटान कर गौकशी कर मांस की बिक्री कर रहे हैं तथा मंदिर के आसपास गंदगी फैला रहे हैं और हिंदू समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचा रहे हैं। इस सूचना पर जब वह अपने अन्य साथियों के साथ मौके पर पहुंचा तो उक्त कसाई और अन्य स्थानीय निवासी उसके व उसके साथियों के साथ झगड़ा कर मारपीट को उतारू हो गए।



मौके पर लगी लोगों की भीड़। ● अमृत विचार

उसने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। इस मौके पर शिवांशु मिश्रा, सतीश चंद्र, गौरव सिंह, वेदप्रकाश और रोहित कुमार, राहुल सिंह, जितेंद्र गुप्ता, अजीत सिंह आदि मौजूद रहे। इस संबंध में थाना प्रभारी प्रदीप कुमार राय ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच की जा रही है।

# युवक का शव कमरे में साड़ी के फंदे से लटका मिला

संवाददाता, तिलहर/शाहजहांपुर

- ससुराल में रह रहा था, शुक्रवार को अपने घर गया था, पत्नी ससुराल वालों पर मार डालने का लगाया आरोप

**अमृत विचार :** गोपालपुर नवदिया में एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे में कुंडे से साड़ी के फंदे से लटका मिला। आरोप है कि मृतक के पिता ने बेटे और बहू को बेदखल करके घर से निकाल दिया था। वह ससुराल में रह रहा था। वह ससुराल से अपने घर शुक्रवार की सुबह गया था। मृतक की पत्नी ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।



मृतक विपिन।

तिलहर थाना क्षेत्र के गांव गोपालपुर नवदिया निवासी 21 वर्षीय विपिन कुमार की शादी एक वर्ष पूर्व रोशनी निवासी अमनपुर थाना तिलहर के साथ हुई थी। दस दिन पूर्व परिवार वालों ने विपिन और रोशनी को घर से निकाल दिया था। वह पत्नी को लेकर ससुराल अमनपुर आकर रहने लगा था। आरोप है कि सोनपाल ने बेटे और बहू को बेदखल कर दिया था। शुक्रवार की सुबह विपिन अपने घर गोपालपुर नवदिया सामान लेने के लिए गया था। उसका शव रात में साढ़े 10 बजे एक कमरे में साड़ी से लटका हुआ मिला था। मृतक विपिन के पिता सोनपाल ने पुलिस को सूचना दी। इधर मृतक की पत्नी रोशनी ने बताया कि उसके पति शुक्रवार की सुबह अपने घर गए थे। उन्होंने दिन में तीन बजे फोन किया था कि शाम पांच बजे तक घर आ जाएंगे। वह शाम तक ससुराल नहीं पहुचे तो उसने शाम सात बजे फोन मिलाया। उसके पति का फोन नहीं उठा। उसने बताया कि रात में करीब 11 बजे पति के मरने की सूचना मिली। वह अपने पिता व परिवार वालों के साथ ससुराल गयी। ससुराल वालों ने उसे बताया कि विपिन ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। रोशनी का आरोप है कि ससुराल वाले दहेज को लेकर प्रताड़ित करते थे और उसे और उसके पति को घर से निकाल दिया था। उसका आरोप है कि ससुराल वालों ने उसके पति को मारकर और शव को कुंडे से लटका दिया। पुलिस चौकी नगरिया प्रभारी विशेष कुमार ने बताया कि कोई तहरीर नहीं आई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा। पुलिस मामले की जांच की जा रही है।



पोस्टमार्टम हाउस पर विपिन के परिजन। ● अमृत विचार

### बहू ने दर्ज कराई थी शिकायत

मृतक विपिन के पिता सोनपाल ने बताया कि बहू रोशनी घर में विवाद करती थी। 15 दिन पहले वह विपिन के साथ मायके चली गयी थी। उसकी बहू ने उसके खिलाफ थाना पर तहरीर दी थी। इसी कारण उन्होंने बेदखल कर दिया था। वह खुदकर सकून से रहने के लिए रिश्तेदार के यहां रह रहा था। उसने बहू के लगाए आरोप को गलत बताया है।

## तालाब में डूबने से युवक की मौत

**निगोही, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव परसरा-परसरी निवासी 24 वर्षीय इशु मिश्रा की तालाब में डूबने से मौत हो गई। ईशु को मिर्गी दौरे आते थे।

शुक्रवार शाम 7 बजे वह शौच के लिए तालाब किनारे गया था। काफी देर तक जब वह घर नहीं पहुंचा तो परिवार को चिंता हुई। रात तक परिवार वाले उसे तलाशते रहे। गांव के लोगों ने परिवार वालों को बताया कि ईशू को शाम के समय तालाब की ओर जाते देखा था।

परिजनों ने तालाब में तलाश किया। उसका रात 10 बजे तालाब में शव उतराता मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। ईशु अविवाहित था ।

# बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार की मौत

संवाददाता, सिंधौली

- बारात में शामिल होने बरौरा गांव जा रहे थे दोनों बाइक सवार

**अमृत विचारः** नेशनल हाईवे पुवायां-शाहजहांपुर रोड़ पर ढकिया हमीदनगर के पास शनिवार रात बोलेरो और बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया। उसे गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज भेजा गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

थाना बंडा क्षेत्र के गांव रसूलपुर बुजुर्ग निवासी अरुण(40) पुत्र जयलाल गांव के ही साथी संजीव कुमार(36) के साथ शनिवार रात बाइक से थाना सिंधौली क्षेत्र के गांव बरौरा में एक बरात में शामिल होने के लिए जा रहे थे। रात करीब 8:45 बजे बाइक ढकिया हमीदनगर के पास पहुंची, तभी शाहजहांपुर की ओर से आ रही बोलेरो ने सामने से बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार घायल हो गए।

घटना के बाद चालक बोलेरो मौके पर छोड़कर भाग गया। लोग घटना के बाद मौके पर पहुंच गए। सूचना पर इंस्पेक्टर रविंद्र सिंह पुलिस टीम के साथ पहुंचे और घायलों को अस्पताल भेज दिया लेकिन इससे पहले अरुण ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने घायल संजीव को जिला मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया।

# गैस लीक होने से लगी झोपड़ी में आग

संवाददाता, परौर

**अमृत विचार :** परौर क्षेत्र के गांव कुण्डरी आश्रम में एक घर में खाना बनाते समय गैस सिलेंडर लीक होने से नफीस की झोपडी में आग लग गई। जब तक लोग वहां पर पहुंचे तब तक पूरी झोपडी में रखा राशन व सभी घरेलू सामान जलकर राख हो चुका था। ग्रामीणों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। इसकी सूचना डायल 112 पर दी। मौके पर पहुंची डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और सूचना थानाध्यक्ष परौर को दी।

पूर्व प्रधान मसरुर अहमद ने बताया कि क्षेत्रीय लेखपाल को भी सूचना दे दी है। वहीं मकान मालिक नफीस किसी काम से बरेली गया हुआ है। नफीस के भाई मोहम्मद उमर ने बताया कि घर में नगद 1 लाख चालीस हजार रुपए इकट्ठा करके मकान बनवाने के लिए रखे थे। सारे पैसे जलकर राख हो गए है। वहीं सोने-चांदी के जेवर भी रखे थे, वो भी जल गए हैं। मोहल्ले वालों ने झोपड़ी के अंदर सो रहे बच्चों को कड़ी मशक्कत से बाहर निकाला। जिससे बड़ा हादसा टल गया।



घर में सूटकेस में रखे नोट आग में जल गये , कुछं अधजले नोट। ● अमृत विचार

# मकान से नकदी समेत लाखों के जेवर चोरी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- परिवार हरदोई गया था, पुलिस ने किया मौका मुआयना

**अमृत विचार :** शहर में चोरी की वारदातें थम नहीं रही है। चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बना लिया। चोरों ने मकान का ताला तोड़ दिया और नकदी समेत लाखों रुपये का जेवर चुराकर ले गए।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के गोहल्ला सैनिक कालोनी निकट गौटिया मंदिर निवासी जुगुल किशोर ने बताया कि 01 जून को परिवार के साथ शहर के बाहर भांजे की शादी में हरदोई जिले के शाहाबाद थाना के गांव कुडरा गया था। 4 जून को घर वापस आया तो मकान का मुख्य दरवाजा का ताला टूटा देखा। कमरे के अंदर गये तो अलमारी खुली थी और सामान बिखरा था। उन्होंने बताया कि चोर 40 हजार रुपये नगद, सोने का हार, सोने के झाले, सोने का टाप्स, सोने के दो फूल, मांग टीका, वेसर, तीन जोड़ी पायल, खडुआ, करधनी चुराकर ले गए थे। उन्होंने डायल 112 को सूचना दी थी। पुलिस ने मौका मुआयना किया था। तहरीर थाना पर दी है। रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई तो एसपी से मिलेगा।

# लोडर पलटा, महिलाओं समेत सात घायल

संवाददाता, पुवायां

- तीन युवतियों की हालत गंभीर, जिला मेडिकल कॉलेज रेफर
- धान रोपाई को लोडर पर जा रहे थे मजदूर

**अमृत विचार :** धान रोपाई के लिए मजदूर लेकर जा रहा लोडर अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें सवार महिलाओं समेत सात मजदूर घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल तीन युवतियों को जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

शनिवार की सुबह एक मैजिक लोडर सिंधौली के गांव कोटावारी से मजदूर भरकर पुवायां के गुटैया जा रहा था। रास्ते में गांव मुड़िया वैश्य के पास अचानक लोडर अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलट गया। जिसमें गांव कोटावारी निवासी मनेता(30) पत्नी सुनील, रजनी देवी(30) पत्नी रामलड़ैते, वंदना देवी(20) पुत्री ओमप्रकाश, मीरा(19) पुत्री मालिखान, सेमती देवी(19) पुत्री महेंद्र पाल, राधा(16) पुत्री परिमाल व सोमिल(19) पुत्र सर्वेश घायल हो गए। मजदूरों के अनुसार लोडर में लगभग 30 मजदूर भरे हुए थे, जिन्हें लेकर ठेकेदार पुवायां के गुटैया पुल के पास धान रोपाई के लिए ले जा रहा था। मजदूरों ने बताया कि चालक ने शराब पी रखी थी। जिस कारण घटना हो गई। घटना के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। आनन फानन में घायलों को अस्पताल भिजवाया गया, जहां से गंभीर घायल वंदना, मीरा और सेमती देवी को मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया।



पलटा पड़ा मैजिक लोडर। ● अमृत विचार

मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ




डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक,
रूहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली



सैयद उम्मे कुलसुम
क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट
मिलने का समय
सोमवार-बुधवार
पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक
एवं 6 से 8 बजे तक
गुरुवार-शनिवार
दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक

- हिस्टीरिया, मिर्गी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- डिप्रेशन, घबराहट
- पागलपन
- बेवजह शक, भ्रम चिन्ता करना
- शीघ्र पतन, तनाव न आना
- स्किजोफ्रेनिया, उन्माद, मेनिया
- नशे की आदत
- याददाश्त कम होना, डिमेंशिया
- बच्चों में चंचलता
- बिस्तर गीला करना
- नींद न आना, ज्यादा आना
- बार-बार हाथ धोना OCD

दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।



संवेदना क्लिनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400

पति चकबंदी लेखपाल, कई बार की मारपीट, पति समेत चार पर रिपोर्ट दर्ज

# ससुराल वाले पेशेवर अपराधी से करा सकते हैं हत्या

संवाददाता, रोजा/शाहजहांपुर

- महिला का आरोप, कहा- आठ लाख की करते हैं मांग
- फरवरी में पेट्रोल डालकर जलाने का कर चुके प्रयास

**अमृत विचार :** बल्लिया गांव की एक महिला ने आरोप लगाया है कि ससुराल वाले उसकी पेशेवर अपराधी से मर्डर करा सकते है। दहेज में आठ लाख रुपये की मांग करते है। दहेज की मांग पूरी न करने पर पति और ससुराल वालों ने कई बार मारा पीटा और बराबर जान से मारने की धमकी दे रहे है। उसके पति चकबंदी लेखपाल है। पुलिस ने पति समेत चार लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

रोजा थाना क्षेत्र के गांव बल्लिया निवासी निधि वर्मा ने बताया कि उसकी शादी दो साल पहले सचिन वर्मा निवासी सैयदबाड़ा थाना शाहाबाद जिला हरदोई के साथ हुई थी। उसके पिता ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। ससुराल वाले कम दहेज को लेकर ताने मारने लगे और कहने लगे कि मायके वालों दहेज में क्या दिया है। ससुराल वाले धीरे-धीरे परेशान करने लगे। उसके पति लखनऊ में चकबंदी लेखपाल थे।

उसने अपने पति से कहा लखनऊ में अपने पास रखो, लेकिन उसके पति उसे एक बार भी लखनऊ लेकर नहीं गए। उसका आरोप है कि उसके पति हरदोई जब आते थे तो फोन पर लड़कियों से बात करते थे। विरोध करने पर पति उसे मारते पीटते थे। उसके पति सचिन का लखनऊ से लखीमपुर स्थानांतरण हो गया।

आरोप है कि दहेज को लेकर ससुराल वाले मारा पीटता करते थे। ससुराल वालों ने मायके में आकर छोड़ दिया था। पीड़िता को पति 25 फरवरी 25 को अपने साथ लखीमपुर ले गए। दो दिन के बाद मारना पीटने लगा और कहने लगा कि साली तुमसे ज्यादा गोरी है। उसने पति से कहा एमएससी हूं। आरोप है कि पति ने मारा पीटा और पेट्रोल डालकर जलाने का प्रयास किया। 23 मई की रात में भी पति ने उसे मारा पीटा और मकान मालिक उसे बचाया। वह अपने भाइयों के साथ पहने कपड़ों में अपने मायके चली आई। ससुराल वाले कहते है कि आठ लाख रुपये देने पर ससुराल में रह पाओगी।

पीड़िता का आरोप है कि ससुराल वाले पेशेवर अपराधी से उसका मर्डर करवा सकते है। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि एसपी के आदेश पर पति सचिन समेत चार लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

## मारपीट कर बाइक छीनने का आरोप

कलान । खेत जाते समय कुछ लोगों ने बाइक सवार के साथ मारपीट कर बाइक छीन ली है। थाना क्षेत्र के गांव नरसुईया निवासी रनवीर बाइक से शनिवार की शाम खेत पर जा रहा था। रास्ते में गांव के कुछ लोगों ने उसे रोक लिया और मारपीट करने लगे। रनवीर से उसकी बाइक छीन ली। पीडित ने थाने तहरीर दी । पुलिस ने मामले की रिपोर्ट नहीं दर्ज की है।

एक अन्य घटना में कस्बे की एक महिला धर्मपुर गांव गई थी, वापसी के लिए शनिवार की शाम वाहन के इंतजार में खड़ी थी, तभी एक बाइक सवार ने महिला को लिफ्ट दी। आरोप है कि बाइक सवार ने अश्लील हरकते की। पीड़िता ने तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है पुलिस मामले की जांच कर कर रही है।

## खाटू श्याम मंदिर पर निर्जला एकादशी पर उमड़े भक्त

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- देर रात तक चले संकीर्तन में भजनों पर झूमे शयाम प्रेमी
- मंदिर के बाहर सुबह से शाम तक शरबत का किया वितरण

**अमृत विचारः** निर्जला एकादशी के अवसर पर बरेली मोड़ श्याम चौक स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर पर सुबह से ही भक्तों का दर्शन के लिए जमावड़ा रहा और भक्त लोग अपनी अरदास करने निर्जला एकादशी के अवसर पर कई जगह से पैदल चलकर आए।

एकादशी के अवसर पर शाम 7 बजे से मंदिर पर सैकड़ों की संख्या में इकट्ठे हुए भक्तों ने मिलकर देर रात्रि तक श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन किया, जिसमे एक से बढ़कर एक रसीले भजनों की पावन गंगा बहती रही और भक्तों द्वारा बाबा का गुणगान किया गया। इस अवसर पर मंदिर के बाहर सुबह से शरबत और प्रसाद वितरण का भी किया गया। सभी सेवादारों ने व्यवस्था को संभाला।

इस अवसर पर अल्पित अग्रवाल, शिवम अग्रवाल, प्रखर अग्रवाल, अनुज अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल अनिल मिश्रा, अंकित गुप्ता, आर.के. अग्निहोत्री, मनोज अग्रवाल, प्रमोद गुप्ता, मोहित अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, निधि अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, साधना अग्रवाल, सीमा अग्रवाल एवं संस्था के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे। ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी अशोक अग्रवाल ने सभी श्याम प्रेमियों का अभिनन्दन व्यक्त किया।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002



डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
8077344353
समयः- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)



डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ
डा. आरिफ हुसैन अन्सारी
M.B.B.S., M.S.
• Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital
Grant Medical College Mumbai





मिलने का समय
(सोमवार से शनिवार)
सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक
शाम : 8 बजे से 9 बजे तक
नाक, कान व गला की एन्डोस्कोपी फ्री
सुविधायें
• नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)
• गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन
• कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)
• थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन
• दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी
पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली
(सेटेलाईट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)
सम्पर्क करें
94566 58250, 70785 69786

# बेटियों ने लहराया परचम, जीते स्वर्ण पदक

## शाहन्वी ने राष्ट्रीय स्तर की किक बॉक्सिंग और सिद्वि ने प्रदेश स्तर की प्रतियोगिता में दिखाया दमखम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- माता पिता के सहयोग और प्रोत्साहन से बेटियों ने बेहतर प्रदर्शन

**अमृत विचारः** दो अलग-अलग प्रतियोगिताओं में शाहजहांपुर की बेटियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। भाजपा नेता उपेंद्र पाल सिंह की बेटी ने सहारनपुर में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में और सिद्धि वाजपेयी ने नोएडा में आयोजित प्रदेश स्तरीय प्री-स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन किया।

मूल रूप से तिलहर के गुरगवां कॉलोनी निवासी इंजीनियर सतेंद्रपाल सिंह व डॉ. प्रीति सिंह की बेटी शान्हवी कक्षा छह की छात्रा है और भाजपा नेता उपेन्द्र पाल सिंह की भतीजी है। शान्हवी ने गुरुवार को सहारनपुर के भीमराव स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा। शान्हवी की इस उपलब्धि ने केवल उनके परिवार, बल्कि क्षेत्र और जिले का भी गौरव बढ़ाया है। शान्हवी के ताऊ उपेन्द्र पाल सिंह खुद बॉक्सिंग के राष्ट्रीय खिलाड़ी रह चुके हैं। उन्हीं से प्रेरणा और मार्गदर्शन लेकर शान्हवी ने बचपन से ही किक बॉक्सिंग में अपना करियर बनाने का फैसला किया था। जिसके लिए उसने कड़ी मेहनत की। शान्हवी की मेहनत और लगन ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष नीतू की भतीजी शान्हवी की सफलता से परिवार में खुशी की लहर है।



सिद्धि वाजपेयी। ● अमृत विचार



शान्हवी। ● अमृत विचार

वहीं शाहजहांपुर रायफल क्लब की खिलाड़ी सिद्धि वाजपेयी ने 26वीं यूपी प्री-स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक, जिले का नाम रोशन किया। उन्होंने 1 से 4 जून तक नोएडा स्थित प्रॉमेथियस स्कूल में आयोजित 26वीं उत्तर प्रदेश प्री-स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर न केवल अपने क्लब, बल्कि पूरे जिले को गर्व महसूस कराया है। यह सिद्धि की दूसरी प्रतियोगिता थी, उन्होंने अत्यंत आत्मविश्वास और सटीकता के साथ बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया। सिद्धि वर्तमान में कक्षा 12वीं की छात्रा हैं और कम उम्र में ही उन्होंने शूटिंग के प्रति गहरी रुचि और समर्पण दिखाया है। उनकी इस सफलता के पीछे उनके पिता अंकित बाजपेयी का विशेष सहयोग और प्रोत्साहन रहा है।

सिद्धि शाहजहांपुर रायफल क्लब की सदस्य हैं, जो जिलाधिकारी धर्मेंद्र सिंह के सान्निध्य में सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार द्वारा स्थापित की गई आधुनिक 10 मीटर शूटिंग रेंज में क्लब में कोच अभिनव शुक्ला के मार्गदर्शन में नियमित अभ्यास करती हैं। कोच अभिनव शुक्ला ने बताया कि सिद्धि में एकाग्रता, अनुशासन और सीखने की ललक कूट-कूट कर भरी है, जो एक अच्छे खिलाड़ी की पहचान होती है। उनकी इस उपलब्धि से जिले के खेल प्रेमियों और नवोदित खिलाड़ियों को भी प्रेरणा मिलेगी। सिद्धि की यह जीत जिले के लिए गर्व के साथ आने वाले समय में राष्ट्रीय स्तर पर भी बड़ी उपलब्धियों की उम्मीद की जा रही है।

## डीआरएम ने डीजल इंजन शेड का किया निरीक्षण



रोजा में डीजल शेड का निरीक्षण करते डीआरएम राज कुमार सिंह। ● अमृत विचार

**रोजा, अमृत विचारः** मुरादाबाद मंडल के डीआरएम राजकुमार सिंह ने डीजल इंजन शेड का निरीक्षण किया ।

डीआरएम शनिवार की दोपहर निरीक्षण यान से रोजा स्टेशन पर गए। उन्होंने और दिल्ली से आए गति शक्ति के एक्जयूटिव डायरेक्टर आदि ने इंजन शेड का निरीक्षण किया। यहां पर इंजन की मरम्मत का कार्य किया जाता है। उन्होंने संबंधित अधिकारी से इंजन रिपेयरिंग के बारे में जानकारी की और फाल्ट को किस तरह पकड़ जाता है। उन्होंने जानकारी करते हुए दिशा निर्देश दिए। डीआरएम ने स्टेशन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारी को सफाई व्यवस्था ठीक करने और यात्रियों को पानी की दिक्कत नहीं होने देने के निर्देश दिये। डीआरएम निरीक्षण यान से मुरादाबाद चले गए। निरीक्षण के समय मंडल के अधिकारी और स्थानीय अधिकारी मौजूद रहे।

## राज्यसभा सदस्य ने ली बेवा अनुसुइया के बच्चों की पढ़ाई की जिम्मेदारी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- पति की मौत के बाद आर्थिक तंगी का दंश झेल रही है अनुसूइया
- श्रीराम मंदिर अयोध्या में कारसेवा में जान गंवाने वाले वासुदेव गुप्ता की है बेटी

**अमृत विचारः** राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया ने पति की मौत के बाद आर्थिक तंगी झेल रही बेवा अनुसुइया के बच्चों की पढ़ाई की जिम्मेदारी लेते हुए उसके दोनों बच्चों का स्कूल में निशुल्क एडमिशन कराया है, साथ ही अनुसूइया को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का आश्वासन दिया है।

वर्ष 1990 में अयोध्या में कारसेवा करते समय शहीद हुए अयोध्या के नयाघाट निवासी वासुदेव गुप्ता की बेटी अनुसुइया गुप्ता खुटार के गांव इटौआ से हैं। 23 अप्रैल 2024 को अनुसुइया देवी के पति आर्येंद्र गुप्ता का निधन हो गया था। पति के निधन के बाद आर्थिक तंगी से जूझ रही अनुसूइया के आगे रोजी-रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई थी। इससे उनके आगे बेटी स्वर्णिमा , बेटे यश की पढ़ाई करने में भी दिक्कतें खड़ी हो गई थी। आर्थिक तंगी से जूझ रही कारसेवक वासुदेव गुप्ता की बेटी की व्यथा को राज्यसभा सदस्य ने सोशल मीडिया पर देखा, तो उन्होने इसे गंभीरता से लिया और शनिवार को अपने प्रतिनिधि मुनीश तिवारी को मौके पर भेजकर स्थिति से अवगत कराने के निर्देश दिए।

सांसद के निर्देश पर प्रतिनिधि मुनीश तिवारी, हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश अ के संस्थापक अध्यक्ष अवनीश मिश्र के साथ इटौआ गांव पहुंचे, पीडित अनुसुइया और उनके बच्चो से वार्ता कर सांसद को अनुसुइया की पारिवारिक परिस्थितियों से अवगत कराया, इसके बाद सांसद ने अनुसुइया की बेटी स्वर्णिमा का विटोली देवी डिग्री कालेज और बेटे यश का स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज कुसुमा खुटार में निशुल्क एडमिशन कराकर पढाई कराने की जिम्मेदारी लेने के साथ ही अनुसुइया की विधवा पेंशन बंधवाने, प्रधानमंत्री आवास के लिए अधिकारियों से वार्ता कर आवास दिलाने सहित सरकार से हर संभव मदद दिलाने का भरोसा दिया।



राज्यसभा सदस्य मिथिलेश कुमार।

## मास्टर ब्लास्टर इलेवन विजेता, फाइटर इलेवन उपविजेता

संवाददाता, खुटार

- राहुल कुमार को मैन ऑफ द मैच, रोनिल को मिला मैन ऑफ द सीरिज का खिताब
- शहीद भगत सिंह क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन वन के अंतिम दिन हुआ फाइल मैच

**अमृत विचारः** नगर में हो रहे क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतिम दिन मास्टर ब्लास्टर 11 और फाइटर 11 के बीच फाइनल मैच खेला गया, जिसमें मास्टर ब्लास्टर 11 की टीम ने 11 ओवर में 95 रन बनाए, जबकि फाइटर 11 की टीम 16 ओवर में 94 रन बनाकर सिमट गई। विजेता और उप विजेता टीम को अतिथियों ने ट्राफी व नगद पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया।

शहीद भगत सिंह क्रिकेट टूर्नामेंट की ओर से 23 मई से काकोरी शहीद इंटर कॉलेज के पीछे मैदान में क्रिकेट टूर्नामेंट कराया जा रहा था, जिसका शनिवार को फाइनल मैच हुआ। फाइनल मैच में पहुंची मास्टर ब्लास्टर और फाइटर 11 खुटार की टीम के बीच मैच खेला गया। पहली पारी खेलते हुए मास्टर ब्लास्टर इलेवन की टीम ने बेहतर बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट खोकर 11 ओवर में 95 रन बनाकर लक्ष्य की प्राप्ति की। फाइटर इलेवन की टीम ने बल्लेबाजी करते हुए 16 ओवर खेल कर मात्र 94 रन सिमट गए। इसके बाद मास्टर ब्लास्टर इलेवन को विजेता और फाइटर इलेवन को उप विजेता घोषित किया गया। मैन ऑफ दा मैच का खिताब तीन विकेट लेकर 22 सर्वाधिक रन बनाने वाले राहुल कुमार और मैन आफ दा सीरिज का खिताब रोनिल कुमार को दिया गया।



उप विजेता टीम के कप्तान शेखर को ट्राफी देते अजय वाजपेयी। ● अमृत विचार



विजेता टीम के कप्तान अर्जित को ट्राफी देते अवनीश मिश्र व तरुण दीक्षित।

विजेता टीम के कैप्टन अर्जित कटियार और उप विजेता टीम के कैप्टन शेखर को कमेटी की ओर से फाइनल मैच के मुख्य अतिथि हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) संस्थापक अध्यक्ष अवनीश मिश्र व भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष तरुण दीक्षित ने ट्राफी व नगद पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया। जबकि मैन ऑफ दा मैच बने राहुल कुमार को शील्ड और नगद पुरस्कार कमेटी के सदस्य आकाश गुप्ता, सचिन सिंह एवं मैन आफ दा सीरीज बने रोनिल कुमार को रेंजर साइकिल, शील्ड और नगद पुरस्कार भाजपा मंडल उपाध्यक्ष हरिओम मिश्र, विहिप के पूर्व अध्यक्ष आर्येंद्र दीक्षित ने देकर पुरस्कृत किया।

इस मौके पर अतिथियो ने मैच के आयोजकों मैच मे एंपायर की भूमिका निभाने वाले कमल दीक्षित, शोभित तिवारी, स्कोर्र आशीष सिंह संटी, कमेंटेटर अभिसार शर्मा, राजू गुप्ता, अजय बाजपेई, नैमिष मिश्र, अमित कश्यप, आकाश गुप्ता, सचिन सिंह, आकाश सिंह आदि कमेटी के सभी सदस्यों को शील्ड देकर सम्मानित किया।

## अमृत विचार आपके साथ....

प्रिय पाठक, आपके घर के आसपास या क्षेत्र में कोई ऐसी समस्या जो तमाम लोगों को प्रभावित करती है, परेशानी में डालती है फोटो के साथ हमें भेजें। हम उसे प्रकाशित कर आपकी समस्या संबंधित अधिकारी तक पहुंचाएंगे।
ईमेल :budaun@amritvichar.com

## शहर में आज

- अखिल भारत सनातन बोर्ड की बैठक साहू धर्मशाला में शाम 5 बजे।

## पारिवारिक विवाद में युवक ने फंदा लगाकर दी जान

**बदायूं, अमृत विचार :** पारिवारिक कलह में मुजरिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने फंदा लगाकर जान दे दी। परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। थाना मुजरिया क्षेत्र के गांव छोकरपुर निवासी जगवीर (33) कस्बा कौल्हाई स्थित दुग्ध प्लांट में काम करते थे। उनका किसी बात को लेकर परिजनों से विवाद हो गया था। इस वजह से घर से चले गए। गांव के बाहर जाकर गमछा से फंदा बनाकर पेड़ पर लटकर आत्महत्या कर ली। ग्रामीणों की सूचना पर परिजन और पुलिस पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

# सड़क हादसे में रोडवेज बस के परिचालक की मौत, दोस्त घायल

### रमनगला से लौटते समय शेरे पंजाब ढाबा के पास हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- दोस्त के साथ बाइक से घर जा रहा था रोडवेज बस का परिचालक आर्येंद्र कुमार
- परिचालक की मौत, दोस्त के दोनों पैर टूटे, गंभीर हालत में अस्पताल में किया भर्ती

**अमृत विचार :** दोस्त के साथ घर लौट रहे रोडवेज बस के परिचालक की बाइक को कार ने पीछे से टक्कर मार दी। कार बाइक को 100 मीटर तक खचेड़ती हुई ले गई। हादसे में परिचालक की मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। मौत के बाद युवक के परिजनों में चीत्कार मच गया है।

शाहजहांपुर के थाना कलान क्षेत्र के गांव बसई निवासी आर्येंद्र कुमार (30) पुत्र बांके लाल परिवहन निगम में परिचालक थे। वह बदायूं डिपो में रोडवेज बस पर दिल्ली-जलालाबाद रूट पर चलते थे। शुक्रवार को वह अपने दोस्त रीटू पुत्र रामबक्श के साथ बाइक से रोडवेज बस चालक सीताराम के भाई की शादी में शामिल होने अलापुर थाना क्षेत्र के गांव रमनगला आए थे। वह दोनों दावत खाकर वापस लौट रहे थे।

रात लगभग एक बजे रास्ते में शेरे पंजाब ढाबा के पास पीछे से तेज रफ्तार से आई कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। कार चालक बाइक सवारों को तकरीबन 100 मीटर तक खचेड़ता हुआ ले गया। हादसे में आर्येंद्र कुमार की मौत हो गई, जबकि रीटू के दोनों पैर टूट गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस पहुंची। दोनों युवकों को जिला अस्पताल लाया गया। यहां चिकित्सक ने आर्येंद्र कुमार को मृत घोषित कर दिया। घायल को भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया है।

### सड़क पार करते समय कार ने मारी टक्कर, मौत

**बदायूं, अमृत विचार :** संभल के थाना रजपुरा क्षेत्र के गांव चंदू नगला निवासी जय किशन (35) पुत्र शिवनंदन गुन्नौर के आबिद खान के ट्रक के क्लीनर थे। वह और चालक गवेंद्र गुन्नौर से ट्रक में दाल लेकर बरेली जा रहे थे। शुक्रवार रात बरेली-मथुरा राजमार्ग पर कोतवाली उझानी क्षेत्र के गांव जजपुरा के पास होटल पर चाय पीने के लिए गवेंद्र ने ट्रक रोका। जय किशन बाथरूम करने के लिए सड़क पार जा रहे थे। इस दौरान उझानी की ओर से तेज रफ्तार से आई कार ने जय किशन को टक्कर मार दी और भागने का प्रयास किया। लोगों ने कार रोक ली, लेकिन चालक फरार हो गया। जय किशन ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। कार को पुलिस चौकी पर खड़ा कराया गया है। चालक की तलाश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने के बाद रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

## दो की मौत मामले में रोडवेज चालक के खिलाफ तहरीर

**बदायूं, अमृत विचार :** सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के गांव मझिया निवासी अमित ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 29 मई को उनके भाई अवधेश बिसौली मार्ग स्थित दादी की रसोई के पास मैरिज हॉल के सामने किसी काम से गए थे। यहां से उझानी क्षेत्र के गांव अन्नी निवासी बहनोई वीरपाल और भांजे प्रेम सागर के साथ बाइक से वापस लौट रहे थे। रास्ते में उनके भाई अवधेश सड़क किनारे खड़े थे। इस दौरान चंदौसी की ओर से तेज रफ्तार से आई रोडवेज बस ने सड़क किनारे खड़े होने के बावजूद अवधेश, वीरपाल, प्रेम सागर को टक्कर मार दी। अवधेश और प्रेम सागर की मौके पर ही मौत हो गई थी। बहनोई गंभीर रूप से घायल हो गए थे। बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थी। चालक रोडवेज बस को मौके पर छोड़कर भाग गया था। बहनोई की अस्पताल में देखभाल और भाई व भांजे के दाह संस्कार की वजह से वह तहरीर नहीं दे पाए थे। उन्होंने रोडवेज बस चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# कार ने बाइक व ई-रिक्शा में मारी टक्कर, 8 घायल

संवाददाता, बिल्सी

- कछला-शाहबाद हाइवे पर गांव खौंसारा के पास हुआ हादसा

**अमृत विचार :** कछला-शाहबाद हाइवे पर कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के गांव खौंसारा के पास शनिवार की सुबह एक तेज रफ्तार कार ने बाइक और ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक और ई-रिक्शा सवार आठ लोग घायल हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से बिल्सी सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दो गंभीर रूप से घायल महिलाओं को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

वजीरगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले नंदलाल पुत्र सियाराम, मुन्नी देवी, अर्पित, राजा बाबू और सहसवान क्षेत्र के गांव रसूलपुर निवासी कन्या देवी पत्नी प्रेमसिंह, नन्हीं देवी पत्नी पप्पू सिंह क्षेत्र के गांव परौली में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होकर ई-रिक्शा में सवार होकर अपने घर जाने के लिए बिल्सी की ओर से आ रहे थे। इसके अलावा खितौरा निवासी सुरेश पुत्र प्रेमपाल और उनकी पत्नी कृष्णा देवी अपनी बाइक से लौट रहे थे। हाइवे पर गांव खौंसारा के पास विपरीत दिशा से आ रही एक कार ने पहले बाइक फिर ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा मौके पर पलट गया। जिसमें छह लोग घायल हो गए। साथ ही बाइक पर सवार दंपती भी घायल हो गए। वहां से गुजर रहे लोगों ने इसकी सूचना डायल 112 पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

### छुट्टा पशुओं से जिले भर के किसान परेशान

**बदायूं, अमृत विचार :** शहर से लेकर देहात के किसान छुट्टा पशुओं से परेशान है। यह पशु आए दिन किसानों के खेतों में फसलें बर्बाद कर रहे है। जिस कारण किसान खेत पर रात बिताने व चक्कर लगाने को मजबूर है। कई मामलों में यह पशु हिंसक हो जाते है और किसानों पर हमला तक कर देते है। बावजूद इसके किसान फसल की रखवाली करते है।

## अखिलेश चौबे होंगे नए परियोजना निदेशक

**बदायूं, अमृत विचार :** बागपत जिले में जिला विकास अधिकारी पद पर कार्यरत अखिलेश कुमार चौबे को बदायूं में परियोजना अधिकारी बनाकर भेजा गया है। वह सोमवार को पदभार ग्रहण कर सकते हैं। परियोजना अधिकारी रहे बलराम कुमार का स्थानांतरण के बाद से यह पद खाली था।

परियोजना अधिकारी बलराम कुमार को शासन स्तर से पदोन्नति दी गई। इसके बाद उनका फरवरी माह में अन्य जनपद के लिए स्थानांतरण कर दिया गया। उनके स्थानांतरण के बाद सीडीओ ने परियोजना निदेशक का प्रभार डीसी एनआरएलएम को दे दिया था। हाल में यह पद डीडीओ संभाल रहे हैं। अब शासन स्तर से नए परियोजना निदेशक की तैनाती कर दी गई है। बागपत जिले में जिला विकास अधिकारी के पद पर कार्यरत अखिलेश कुमार चौबे को परियोजना निदेशक बनाकर भेजा गया है। वह सोमवार को जिले में पहुंचकर पदभार ग्रहण कर सकते हैं।

# प्याऊ में दौड़ा करंट, युवक की जान गई

संवाददाता, विजय नगला

**अमृत विचार :** प्याऊ में आ रहे करंट की चपेट में आकर युवक झुलस गया। युवक को बरेली के अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। यह देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।


मृतक प्रेमवीर।

बिनावर थाना क्षेत्र के गांव भगवानपुर निवासी प्रेमवीर (22) पुत्र अशोक कुमार शनिवार सुबह लगभग साढ़े छह बजे किसी काम से पास के गांव किशोरपुर गए थे। उनके परिजनों के अनुसार वह गांव में लगे सरकारी प्याऊ पर पानी पीने चले गए। उसमें करंट आ रहा था। पानी पीने के लिए प्याऊ पकड़ते ही प्रेमवीर करंट की चपेट में आ गए। आसपास मौजूद लोगों डंडे से उन्हें प्याऊ से दूर किया। वह गंभीर रूप से झुलस गए थे। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे। युवक को बरेली के निजी अस्पताल ले गए। यहां युवक ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बिनावर के प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार कंबोज ने बताया कि करंट से युवक की मौत की सूचना मिली थी। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।


पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के परिजन। ● अमृत विचार

- गांव किशोरपुर में सरकारी प्याऊ में दौड़ रहा था करंट
- बरेली के निजी अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित किया

# कछुओं की तस्करी करने का एक आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, विजय नगला

- गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर मूसाझाग पुलिस ने पकड़ा मौके पाकर दो तस्कर फरार

**अमृत विचार :** गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने कछुओं की तस्करी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, जबकि दो तस्कर फरार हो गए।

मूसाझाग थाने के उपनिरीक्षक धर्मेंद्र कुमार, सिपाही देवेंद्र कुमार व अंकित तोमर शुक्रवार को गांव सराय पिपरिया क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। मुखबिर ने तीन बाइक सवारों के बोरी में कुछ संदिग्ध चीज ले जाने की जानकारी दी। पुलिस को बाइक सवार तीन युवक आते दिखे। पुलिसकर्मियों ने उन्हें रुकने का इशारा किया तो बाइक पर पीछे बैठे दो युवक कूदकर भाग गए। एक बाइक सवार को पकड़ लिया। उसने अपना नाम मुरादाबाद के थाना कटघर क्षेत्र के भोलानाथ निवासी सुमित बताया। उनके पास से बोरी में बड़े आकार के दो कछुआ बरामद हुए। पुलिसकर्मी उसे पकड़कर थाने ले गए और उनके साथियों के बारे में पूछा। तस्कर ने बताया कि उनके साथ बाइक पर चंदौसी के सिगरी गेट पर गली नंबर तीन निवासी विनेश और काशी थे। वह कछुओं की तस्करी करते हैं। उपनिरीक्षक की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की गई है। फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# तेरहवीं में चाचा से विवाद के बाद युवक ने फंदाकर लगा दी जान

संवाददाता, इस्लामनगर

- बिजली चले जाने पर हुई कहासुनी के बाद घर से चला गया
- खेत में पेड़ से फंदे पर लटका मिला हुकुम सिंह का शव

**अमृत विचार :** चाचा की तेरहवीं में लाइट बंद होने के पीछे हुए विवाद में एक युवक ने आम के पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक की तीन माह पहले शादी हुई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।


मृतक हुकुम सिंह।

इस्लामनगर थाना क्षेत्र के गांव भुसाया निवासी हुकुम सिंह (30) पुत्र धर्मपाल ओरछी में रहकर नमकीन की फैक्ट्री में काम करते थे। तीन माह पहले उनकी गोरखपुर की आरती से शादी हुई थी। हुकुम सिंह के चाचा रघुनाथ की बीमारी के चलते 26 मई को मौत हो गई थी। शुक्रवार को उनकी तेरहवीं थी। हुकुम सिंह ओरछी से पत्नी और बच्चों के साथ तेरहवीं में गांव भुसाया आए थे। परिजनों के अनुसार शुक्रवार रात तेरहवीं की दावत चल रही थी। इसी दौरान लाइट चली गई और अंधेरा हो गया। लाइट को लेकर हुकुम सिंह की दूसरे चाचा रामनिवास व सत्यपाल से कहासुनी हो गई। इसके बाद हुकुम सिंह देर रात घर से गुस्से में कहीं चले गए। परिवार के लोगों ने रात भर उनकी तलाश की, लेकिन कहीं पता नहीं चला। शनिवार सुबह में लोग खेतों पर जा रहे थे तो हुकुम सिंह का शव पेड़ से लटका देखा। परिजन रोते बिलखते घटनास्थल पहुंचे। सूचना पाकर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। फारेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक चार भाइयों में सबसे बड़ा था। तीनों भाइयों की अभी शादी नहीं हुई है। प्रभारी निरीक्षक विशाल प्रताप सिंह ने बताया कि युवक का शव फंदे पर मिला था। परिजनों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। पोस्टमार्टम कराने की मांग की थी। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

# रुपये वसूलने की जांच करने पहुंची राजस्व टीम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** ब्लॉक उझानी के गांव सिरसौली में एक जंगली सूअर मारा गया था। इसकी जांच करने पहुंची वन विभाग टीम ने एक किसान पर सूअर मारने का आरोप लगाते हुए 50 हजार रुपये वसूले थे। इस पर किसान यूनियन के धरना प्रदर्शन के बाद डीएम ने सिटी मजिस्ट्रेट को जांच के आदेश कर दिए। सिटी मजिस्ट्रेट के निर्देश पर राजस्व विभाग की टीम शनिवार को गांव में जांच करने पहुंची। टीम के सदस्यों ने ग्रामीणों के बयान दर्ज किए।

जांच के दौरान उपस्थित रहे किसान नेता राजेश सक्सेना ने कहा कि सूअर की मौत अज्ञात कारणों से हुई थी। इसके बाद भी वन विभाग के अधिकारियों ने गांव निवासी सूबेदार को जंगली सूअर मारने के आरोप में 50 हजार वसूले लिए। लिए गए रुपयों को वापस दिलाने की मांग की। वहीं जांच के लिए पहुंची राजस्व विभाग की टीम ने गांव के प्रधान और अन्य ग्रामीणों के बयान दर्ज किए। टीम को बताया कि वन विभाग के अधिकारियों ने गलत आरोप लगाकर सूबेदार से रुपये की वसूली की गई है।


ग्रामीणों के बयान दर्ज करती टीम।

- वन विभाग की टीम ने किसान से वसूले थे 50 हजार रुपये

## ट्रांसफार्मर की चिंगारी से लगी आग, दो झुलसे

**विजय नगला, अमृत विचार :** बिनावर क्षेत्र के गांव नौसेना में शनिवार शाम गांव के पास में लगे ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी से ट्रांसफार्मर के पास उपलों के ढेर में आग लग गई। आग ने देखते देखते विकराल रूप ले लिया। गांव में अफरातफरी मच गई। पास में बंधे पशुओं को बचाने के चक्कर में गांव के कैलाश और वीरपाल मामूली रूप से झुलस गए। उन्हें प्राइवेट चिकित्सा ले जाया गया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड और ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। ग्रामीणों ने बताया तब तक आधा-आदा दर्जन पशु भी झुलस गए। ग्राम प्रधान गिरीश पाल सिंह ने बताया कि गांव में ट्रांसफार्मर की चिंगारी से आग लग गई थी। जिससे दो लोग मामूली रूप से झुलस गए।

# हम सब का एक ही धर्म मानवता : महेश गुप्ता

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** तहसील बिल्सी क्षेत्र के गांव गुधनी में चल रहे यज्ञ महोत्सव के तीसरे दिन भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मुख्य यजमान अमेरिका से आए गूगल आर्किटेक्ट इंजीनियर रोबिन सिंह और उनकी पत्नी विनेश रही। मुख्य अतिथि सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने यज्ञ में आहुति देकर कहा हम सबका एक ही धर्म मानवता है। मनुष्य परस्पर मनुष्य के काम आए यही मानवता है।

आचार्य संजीव रूप मानव धर्म को मानने वाले और सबको श्रेष्ठ मनुष्य बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे है। भाजपा के प्रदेश मंत्री डीपी भारती ने कहा छोटे से गांव में यज्ञ महोत्सव के रूप में इतना विशाल और भव्य आयोजन करना बहुत बड़ी बात है। यज्ञ की ब्रह्मा लखनऊ से आईं डॉ. निष्ठा वेदालंकार ने कहा कि सत्संग का लाभ आत्मा को होता है। सत्संग से बुरे विचार दूर हो जाते हैं व्यक्ति बुराइयां छोड़ देता है और सदाचारी बनकर जीवन को सुंदर बनाता है। यज्ञ महोत्सव के निर्देशक आचार्य संजीव रूप ने अपने साथियों के साथ सभी अतिथियों का श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया। तृप्ति शास्त्री, मनोज शास्त्री, इशा आर्य ने वेदपाठ किया। कार्यक्रम में इस्लामनगर से संजीव गुप्ता, बिसौली से अरविंद अग्रवाल, एडवोकेट अनिल गुप्ता, साहू सावेद्र गुप्ता, दातागंज से हरिदेव मुनी, बेहटा गुसाई से गंगा शरण गुप्ता, बदायूं से शशि आर्य, ब्लॉक प्रमुख रेखा भारती, प्रमोद गोस्वामी, प्रशांत जैन आदि उपस्थित हुए।


यज्ञ में आहूति देते मुख्य यजमान रोबिन सिंह और सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता।

- बिल्सी क्षेत्र के गुधनी में यज्ञ महोत्सव में उमड़े श्रद्धालु

# लखीमपुर के युवक का रेलवे लाइन पर मिला शव

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- गाजियाबाद जाने की बात कहकर घर से निकले थे शिवम
- चाचा ने फोन किया तो पुलिसकर्मी ने उठाया, बताया रेल हादसा

**अमृत विचार :** रेलवे लाइन पर आसफपुर क्षेत्र में लखीमपुर के युवक का शव पड़ा मिला। युवक नोएडा में प्राइवेट नौकरी करता था और ट्रेन से गाजियाबाद के लिए निकला था। पुलिस की सूचना पर परिजन पहुंचे। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।


मृतक शिवम दीक्षित।

लखीमपुर के थाना पसंगवा क्षेत्र के गांव भोगीपुर निवासी शिवम दीक्षित (25) पुत्र प्रेम किशोर का शव आसफपुर क्षेत्र में रेलवे लाइन पर पड़ा मिला। पुलिस की सूचना पर मृतक के परिजन पहुंचे। प्रेम किशोर ने बताया कि शिवम नोएडा में रहकर प्राइवेट नौकरी करते थे। वह एक जून को गाजियाबाद से ट्रेन से गांव आए थे। पांच जून की शाम वह गाजियाबाद जाने की बात कहकर घर से निकले थे। उनका छोटा भाई दीपेश रेलवे स्टेशन तक उन्हें छोड़ने आया था। रात लगभग साढ़े नौ बजे शिवम दीक्षित की मां संध्या देवी ने उन्हें फोन किया और पूछा कि बेटा सीट मिल गई क्या। शिवम ने कहा था कि हां मां, सीट मिल गई है और आराम से बैठा हूं। कुछ देर के बाद शिम के चाचा सुनील ने उन्हें फोन किया तो फोन पुलिसकर्मी ने उठाया। बताया कि वह कोतवाली बिसौली से बोल रहे है। शिवम का शव आसफपुर में रेलवे लाइन पर पड़ा मिला है। तब परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे।

# ग्राम पंचायतों की आय में होगी बढ़ोतरी, मिलेगी अतिरिक्त ग्रांट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- 1500 आबादी वाली ग्राम पंचायतों की शासन स्तर से मांगी सूचना
- डीएम की अध्यक्षता वाली कमेटी भेजेगी रिपोर्ट
- पंचायती राज विभाग एकत्रित कर रहा डेटा

**अमृत विचार :** शासन से मिलने वाली ग्रांट के अलावा जो ग्राम पंचायतें अलग से आय अर्जित कर रही हैं उनको प्रोत्साहित किया जाएगा। इनके लिए आय आधारित पंचायत प्रतिपूर्ति एवं प्रोत्साहन योजना के तहत ग्रांट मिलेगी। शासन स्तर से 1500 आबादी वाली उन ग्राम पंचायतों की सूचना मांगी गई है जिन्होंने अपनी आय बढ़ाने के लिए अलग से स्रोत निर्धारित कर रखी हैं। ऐसी ग्राम पंचायतों का निर्धारण डीएम की अध्यक्षता में गठित कमेटी करेगी। इसके बाद सूचना शासन में भेजी जाएगी। जिला पंचायती राज ने अलग-अलग स्रोतों से अपनी आय बढ़ाने वाली पंचायतों की सूचना एडीओ पंचायत से मांगी है।

ग्राम पंचायतों को राज्य वित्त और केंद्रीय वित्त आयोग द्वारा सहायता राशि दी जाती है। राज्य और केंद्रीय वित्त आयोग से दी जाने वाली धनराशि ग्राम पंचायतों को जनसंख्या के आधार पर मिलती है। ग्राम पंचायतों को यह धनराशि वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर मिल रही है। कुछ ग्राम पंचायतें ऐसी हैं जिनकी संख्या बेहद कम है। इसके चलते उन्हें गांव में विकास कराने के लिए उचित धनराशि नहीं मिल पाती है।

इसके चलते कम आबादी वाले गांवों में विकास कार्य अधूरे रह जाते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए शासन स्तर से आय आधारित पंचायत प्रतिपूर्ति एवं प्रोत्साहन योजना की शुरुआत की है। योजना के तहत ग्राम पंचायतों को कमाई बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। साथ ही अतिरिक्त ग्रांट भी दी जाएगी। शासन से पत्र मिलने के बाद डीपीआरओ ने सभी एडीओ पंचायत को पत्र जारी कर उन सभी ग्राम पंचायतों की जानकारी मांगी है जो विभिन्न स्रोत के माध्यम से अलग से कमाई कर रही हैं।

> योजना के तहत शासन से पंचायतों की सूचना मांगी गई है। जो ग्राम पंचायतें अलग से अपनी आय अर्जित कर रही हैं उन्हें योजना के तहत विकास कार्यों पर खर्च के लिए अतिरिक्त ग्रांट दी जाएगी। ऐसी ग्राम पंचायतों को चिन्हित करने के लिए एडीओ पंचायत को पत्र भेजा गया है। **- यावर अब्बास**, डीपीआरओ

### ग्राम पंचायतों में ऐसे होगी आय की गणना

आय की गणना ग्राम पंचायतों द्वारा जनसेवा केन्द्र शुल्क, कूड़ा कचरा संग्रहण, खाद बिक्री, आरआरसी सेंटर से मिलने वाली आय, जल शुल्क, तालाब के पट्टे या नीलामी इत्यादि से राजस्व विभाग से प्राप्त आय, दुकानों या शॉपिंग कांप्लेक्स किराये से प्राप्त आय, ग्राम पंचायत के अन्य संसाधनों से प्राप्त आय के अतिरिक्त पंचायत राज अधिनियम के तहत आय से की जाएगी। डीपीआरओ ने बताया कि जो ग्राम पंचायतें विभिन्न स्रोतों के माध्यम से आय अर्जित कर रही हैं। वह धनराशि ग्राम पंचायत के ओएसआर खाते, ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति के संचालन एवं अनुरक्षण निधि खाते में दिखनी चाहिए। ऐसे खातों में प्राप्त ब्याज की भी गणना कमाई यानि ओएसआर में की जाएगी। इसके लिए शासन ने पंचायतों की सूचना मांगी है। इसके लिए शासन की और से ही समिति का भी गठन कर दिया गया है। डीएम की अध्यक्षता में गठित कमेटी में सीडीओ, जिला लेखा परीक्षा अधिकारी, डीपीआरओ व सभी ब्लाक के एडीओ पंचायत को शामिल किया गया है।

# लोगों को महात्मा बुद्ध के जीवन से कराया परिचित


महात्मा बुद्ध के जीवन से परिचित कराते वक्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, उसहैत

- पांच दिवसीय बुद्ध पथ प्रदीप कार्यशाला का किया शुभारंभ

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव कटरा सहादतगंज में पांच दिवसीय बुद्ध पथ प्रदीप कार्यशाला का आरंभ हुआ। लॉर्ड बुद्ध सोशल एकेडमी की आयोजित कार्यशाला में वक्ताओं ने लोगों ने महात्मा बुद्ध के जीवन से परिचित कराया।

कार्यशाला में वक्ताओं ने लोगों को आत्म दर्शन से समाजदर्शन तक की जानकारी दी। बुद्ध के जीवन-दर्शन को आत्मिक, नैतिक और सामाजिक धरातल पर समझने और युवाओं को उनके विचारों से जोड़ने पर बल दिया गया। कार्यशाला में उपस्थित डॉ. हीरो हितो, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. विवेक कुमार, प्रवेश कुमार और सपना के द्वारा बुद्ध की शिक्षाओं की समसामयिक प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला गया। आयोजकों ने बताया कि कार्यशाला 12 जून तक जारी रहेगी।

JYOTI COLLEGE
of Management Science & Technology
JCMST Estd. 2000
NAAC B+ Accredited College
B.Sc. Nursing
M.Sc. Nursing
P.B.B.Sc. Nursing
College Code: 2430244
M.Ed.
B.Ed
G.N.M.
A.N.M.
D.P.T.
D.R. Optometry
D.M.L.T.
D.Pharma
Campus: Mudia Ahmad Nagar, Near Airport Gate, Pilibhit Road, Bareilly
Email: contact@jyoticollege.com | Web: www.jyoticollege.com
Ph.: 9219459111, 6395711513, 9837028420

# बकरीद पर ईदगाह में अदा की नमाज, मांगी अमन चैन की दुआ

## नमाज को लेकर चाक चौबंद रही पुलिस और प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था

- ड्रोन कैमरे से रखी नजर संवेदनशील इलाकों में तैनात रही पुलिस फोर्स

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** बकरीद जिलेभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गई। शनिवार को शहर की ईदगाह और मस्जिदों में हजारों लोगों ने अल्लाह की बारगाह में सजदा किया। सुबह से ही लोगों का हुजूम ईदगाह की ओर उमड़ पड़ा। कुर्बानी, त्याग और भक्ति के इस पर्व पर शहरवासियों ने नमाज अदा कर मुल्क की तरक्की, अमन-चैन और भाईचारे की दुआएं मांगीं। नमाज के दौरान पुलिस प्रशासन की ओर से कड़े इंतजाम किए गए। संवेदनशील इलाकों में ड्रोन कैमरे से नजर रखी गई। डीएम, एसएसपी, एडीएम प्रशासन, सहित अन्य पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भ्रमण करते रहे।

ईदगाह और जामा मस्जिद में सुबह छह बजे से ही लोगों का आना शुरू हो गया था। लोग अपने परिवार और बच्चों के साथ नए कपड़ों में ईदगाह की ओर पहुंचने लगे। साढ़े छह बजे तक ईदगाह का बड़ा हिस्सा भर चुका था और सात बजते-बजते पूरा मैदान नमाजियों से खचाखच भर गया। शहर काजी ने सात बजकर 45 मिनट नमाज अदा कराई। नमाज के बाद देश में खुशहाली और अमन चैन की दुआएं मांगी गई।

नमाज के बाद शहर काजी हजरत अतीफ मियां की ओर से तकरीर पेश की गई। लोगों ने एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुकाबकबाद पेश की गई। इसके बाद कुर्बानी दी गई। नमाज के दौरान पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे। डीएम अवनीश कुमार राय, एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह, एडीएम प्रशासन अरुण कुमार, एसडीएम मोहित कुमार आदि अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। नमाज के समय अनहोनी घटनाओं को रोकने के लिए ईदगाह और मस्जिदों के बाहर भारी संख्या में पुलिस बल के साथ पीएसी को तैनात किया गया था। साथ ही ड्रोन कैमरे से नजर रखी जा रही थी। शहर के साथ देहात क्षेत्र में भी ईद का उल्लास रहा। सुबह के समय जिले भर की 500 से अधिक ईदगाह और मस्जिदों में नमाज पढ़ी गई।


नमाज पढ़ते मुस्लिम समुदाय के लोग। • अमृत विचार


ईदगाह के बाद सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते डीएम, एसएसपी व अन्य अधिकारी।


ईद की मुबारकबाद देते पूर्व मंत्री।


खिलौने की दुकान से खरीदारी करते बच्चे।


नमाज के बाद एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद देते लोग। • अमृत विचार

### युवा और बच्चो में ईद को लेकर दिखा उत्साह

बकरीद पर शहर में रौनक दिखी। बच्चे, युवा और बड़े-बुजुर्ग नए परिधान पहनकर घर से निकले। लोगों ने एक-दूसरे के घर जाकर बकरीद की बधाई दी। युवाओं में अत्याधिक उत्साह नजर आया। बच्चों और युवाओं ने फोटो खींचकर सोशल मीडिया अपलोड किए। वहीं ईदगाह के बाहर लगे मेला में बच्चों ने खिलौने आदि की खरीदारी की। तथा झूले का आनंद लिया।

### गले मिलकर दी ईद की मुबारकबाद

कादरचौक, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव मुहम्मद गंज और वेहटा डमब्बर तथा बादुल्लागंज में शनिवार को बकरा ईद का त्योहर शांतिपूर्वक ढंग से मनाई गई। ईद पर लोगों ने नमाज अदा की। नमाज के बाद एक दूसरे को गले मिलकर ईद मुबारक दी। मोहम्मद गंज में पुलिस चौकी इंचार्ज संजीव कुमार मय अपने फोर्स के साथ जायजा लेते रहे।

### पूर्व मंत्री आबिद रजा ने लगाया कैंप

ईद उल अजहा के मौके पर ईदगाह पर पूर्व मंत्री आबिद रजा ने कैम्प लगाया। इसमें उपस्थित रहकर पूर्व मंत्री ईद उल अजहा की नमाज अदा की। लोगों से से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। पूर्व मंत्री आबिद रजा ने जिला काजी हजरत अतीफ मियां के आवास पर पहुंचकर ईद की मुबारकबाद दी। इस मौके पर ओमवीर सिंह यादव, फरहत सिद्दीकी, अनवर खान, साजिद अली, सरताज खान, अजहर सिद्दीकी, कौसर अली खान, अनीस सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### बकरीद की कुर्बानी पर मौलाना ने डाली रोशनी

**बदायूं, अमृत विचार :** शनिवार को बकरीद पर शहर के मोहल्ला सैयद बाड़ा मस्जिदुल मुत्तकीन में नमाज अदा की गई। ईद की नमाज में शिया समुदाय के सैकड़ों लोग शामिल हुए। नमाज मौलाना काशिफ जैदी ने अदा कराई। नमाज के बाद मौलाना जैदी ने ईद उल अजहा की रूहानी अहमियत और कुरबानी के मकसद पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि ईद उल अजहा का पैगाम त्याग, भक्ति और अल्लाह की राह में हर चीज कुर्बान कर देने की प्रेरणा देता है। मौलाना ने मुल्क और कौम की सलामती, भाईचारे और अमन-चैन की दुआ भी कराई। इस मौके पर शिया तंजीमुल मोमिनीन कमेटी के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। इस मौके पर सदर अनवर आलम, जाबिर जैदी, सदर जावेद अब्बास, जरार हैदर और डॉ. अमीर हसन आब्दी के अलावा अन्य लोग उपस्थित रहे।

### कॉलेज प्रबंधन ने पौधे लिए गोद, करेंगे संरक्षण

**बदायूं, अमृत विचार :** रामनाथ राम नारायण मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में चल रहे शिखर इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी एंड नर्सिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें प्रधानाचार्य उदय प्रताप सिंह भास्कर के साथ संस्थान के चेयरमैन सुभाष चन्द्र अध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार वर्मा, सचिव करन थरेजा व प्रबंधन विक्रांत मेंदीरत्ता ने पौधे गोद लिए। उनका संरक्षण करने की भी जिम्मेदारी ली। कहा कि वह गोद लिए पौधे को नियमित देखभाल करेंगे। इस दौरान संस्थान के नर्सिंग विभाग की प्रधानाचार्या सारिका सिंह ने कहा कि इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस थीम प्लास्टिक प्रदूषण को हटाना के तहत मनाया जा रहा है। पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया।

### ईदगाह पर अदा हुई नमाज, गले मिलकर दी मुबारकबाद

**बिल्सी, अमृत विचार :** नगर के अगोल रोड स्थित ईदगाह पर शनिवार की सुबह करीब साढ़े आठ बजे ईद उल अजहा की नमाज मौलाना उस्मान कादरी ने अदा काराई। नमाज अदा होने के बाद सभी लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। यहां पुलिस प्रशासन भी पूरी तरीके से मुस्तैद रहा। वहीं ग्रामीण क्षेत्र में भी शांतिपूर्वक तरीके से ईद की नमाज अदा की गई। इधर, मोहल्ला संख्या आठ कोठी वाली मस्जिद में भी ईद की नमाज अदा की गई। इस मौके पर ईदगाह इमाम मौलाना उस्मान कादरी, सपा के जिला उपाध्यक्ष हाजी अजमल खान, अनीश खान, बली मोहम्मद, फैजान राइन, अजमल, दीन मोहम्मद, जरीफ मलिक आदि लोग मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसडीएम रिपुदमन सिंह, क्षेत्राधिकारी संजीव कुमार के निर्देशों पर नगर में जगह-जगह पुलिस बल तैनात रहा।

### नगर में शांतिपूर्वक मना बकरीद का त्योहार

**दातागंज, अमृत विचार :** नगर एवं ग्रामीण अंचलों में ईद उल अजहा का पर्व शांतिपूर्वक एवं खुशनुमा माहौल में मनाया गया। नगर के ईदगाह स्थल एवं मस्जिद मुनब्बरी में इमाम मौलाना इरफान ने नमाज अदा कराई। नमाज के बाद एक- दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। मुस्लिम लोगों ने खुदा के नाम पर कुर्बानियां अदा कर सबाब कमाया। नमाजियों ने मुल्क के अमन चैन के लिए दुआएं मांगी। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन तैनात रहा।

# बिनावर क्षेत्र में सड़क पर पढ़ी नमाज, वीडियो वायरल

- बिनावर में बिलहत रोड स्थित मस्जिद के बाहर का मामला

संवाददाता, विजय नगला/बिनावर

**अमृत विचार :** शासन की मंशा के विपरीत लोगों ने सड़क पर बैठकर नमाज अता की। किसी ने नमाज पढ़ने के दौरान का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। इस मामले में पुलिस का कहना है कि भीड़ जमा हुई थी, लेकिन नमाज नहीं पढ़ी गई।

बकरीद के मौके पर शुक्रवार को सभी मुस्लिम इलाकों में नमाज पढ़ी जा रही थी। सरकार ने निर्देशित किया था कि कोई नई परंपरा नहीं डाली जाए। सड़कों पर नमाज अदा नहीं की जाएगी। त्योहार के अवसर पर लगभग सभी मस्जिदों पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। अधिकारियों ने लगातार भ्रमण किया। इसी दौरान बिनावर क्षेत्र में बिलहत मार्ग स्थित मस्जिद के बाहर सड़क का वीडियो वायरल हुआ। इसमें लोग सड़क पर चटाई बिछाकर नमाज पढ़ते और हाथों को उठाकर दुआ करते नजर भी आ रहे हैं। लोग सड़क से गुजर रहे हैं, लेकिन पुलिस का कहना है कि सड़क पर नमाज नहीं पढ़ी गई। बिनावर के प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार कंबोज ने बताया कि कुछ लोगों ने सड़क पर नमाज पढ़ने का प्रयास किया था उन्हें हटा दिया गया है। माहौल बिगाड़ने का प्रयास करने वालों को चिंह्नित किया जा रहा है।

## पांच लोगों का शांति भंग में चालान

**रोजा, अमृत विचार :** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के गांव चौढ़ेरा में अमित मिश्रा और अंकित में शुक्रवार की शाम शराब के नशे में विवाद हो गया था।

दोनों पक्षों में मारपीट हुई थी। दोनों पक्षों की तरफ से लोग आ गए। सूचना पर पीआरवी आ गयी और दोनों पक्षों को समझाकर चली गयी। पुलिस के जाने के बाद दोनों पक्ष आपस में फिर झगड़ा करने लगे। सूचना पर उप निरीक्षक कैलाश चंद्र सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने झगड़ा कर रहे प्रथम पक्ष के अमित मिश्रा, आरती, देवकली और दूसरे पक्ष के अंकित व उसकी पत्नी को पकड़कर थाना पर ले आयी। प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों का शांति भंग में चालान कर दिया गया है।

# समर कैंप में विद्यार्थियों ने किया योगा, बनाए पोस्टर


बनाए गए पोस्टर दिखातीं छात्राएं। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में आयोजित समर कैंप के 17वें दिन विद्यार्थियों को योगाभ्यास कराया गया। इसमें सूक्ष्म क्रियाएं ग्रीवा चालन, स्कंध चालन, घुटना चालन, यौगिक श्वसन, अनुलोम विलोम, कपालभाति, भ्रामरी प्राणायाम कराए गए। सूर्य नमस्कार, हलासन व शीर्षासन कराया गया। इसके पश्चात छात्राओं में प्रकृति एवं पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने के प्रति जागरूक किया गया। विभिन्न प्रकार के कचरे के प्रबंधन के बारे में जानकारी दी गई। छात्राओं के द्वारा साफ-सफाई एवं पर्यावरण के प्रति जागरुकता के लिए पोस्टर बनाए गए। उन्होंने लघु नाटक और नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए गए। प्रधानाचार्या अल्पना कुमार ने छात्राओं को साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया।

# पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करेंगे विद्यार्थी

- माध्यमिक स्कूलों में होगा ईको क्लब का गठन
- पर्यावरण के प्रति किया जाएगा जागरूक

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** माध्यमिक स्कूलों में ईको क्लब का गठन किया जाएगा। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाएगा। साथ ही उन्हें वनस्पतियों की जानकारी भी मिल सकेगी। सभी स्कूलों में जुलाई माह के अंत तक ईको क्लब गठित किया जाएगा। इससे विज्ञान वर्ग के विद्यार्थियों को काफी सहूलियत मिलेगी। पर्यावरण दिवस पर विद्यार्थी सहयोग करें इसके लिए जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी स्कूलों के प्रधानाचार्य को पत्र भेजकर क्लब का जल्द गठन करने के लिए कहा है।

जिले में 304 माध्यमिक स्कूल संचालित हैं। इनमें 39 सरकारी और 46 सहायता प्राप्त और शेष वित्त विहीन विद्यालय संचालित हैं। इन सभी विद्यालयों में ईको क्लब का गठन किया जाएगा।

> माध्यमिक शिक्षा परिषद से विद्यालयों में ईको क्लब का गठन कराए जाने के लिए कहा गया है। क्लब का गठन जुलाई माह के अंत तक किया जाना है। इसके निर्देश सभी विद्यालय के प्रधानाचार्य को दे दिए गए हैं।
>
> – डॉ. प्रवेश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक

पिछले दिनों अपर माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने जिला विद्यालय निरीक्षक को पत्र भेजा। इसमें ईको क्लब का गठन करने को कहा गया।

आदेश दिए गए हैं कि क्बल का गठन छुट्टियों के बाद स्कूल खुलने पर जुलाई माह के अंत तक कर लिया जाए। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि बताया कि ईको क्लब के माध्यम से विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण और उसके स्थायी विकास के लिए जागरूक किया जाएगा।

विद्यार्थियों को पौधे लगाना, स्वच्छता अभियान, प्राकृतिक संरक्षण और बागवानी के प्रति जोड़ा जाएगा इससे उनके ज्ञान में वृद्धि होगी। साथ ही पर्यावरण के प्रति विद्यार्थियों का जुड़ाव बढ़ेगा। उन्हें पर्यावरण के विषय में अधिक से अधिक सीखने का मौका मिलेगा। इससे विज्ञान वर्ग के विद्यार्थियों को काफी सहूलियत मिलेगी। अपर माध्यमिक शिक्षा निदेशक का पत्र मिलने के बाद जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी स्कूलों के प्रधानाचार्य को ईको क्लब का गठन करने को कहा है।

### विधायक ने गंगा घाट पर कराया सुंदरकांड का पाठ



**उसहैत, अमृत विचार :** अटेना गंगा घाट के नारायण आश्रम पर दातागंज विधायक राजीव सिंह परिवार के साथ सुन्दर कांड पाठ का आयोजन कराया। विधिविधान हनुमान की पूजा और हवन में आहुति दी। विधायक के बड़े भाई विनय कुमार सिंह के धेवती के अन्नप्राशन संस्कार पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन कराया। वायु सेना में विंग कमांडर के पद पर तैनात विनय कुमार सिंह के दामाद भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस मौके डॉ. अरविंद सिंह, शिवकुमार सिंह, दातागंज ब्लॉक प्रमुख अतेंद्र विक्रम सिंह, दिनेश सिंह, दातागंज चेयरमैन पति अनूप गुप्ता, महेश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# तापमान बढ़ा, उमस भरी गर्मी से लोग परेशान

- अधिकतम 38, न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** मौसम में उतार चढ़ाव बना हुआ है। इसी उतार चढ़ाव के बीच शनिवार को मौसम साफ रहा। चिलचिलाती धूप में उमस भरी गर्मी से लोग परेशान रहे। दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटे वाली स्थिति बन गई। धूप खिलने के बाद तापमान में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई। अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कृषि अधिकारियों के मुताबिक अब मौसम साफ रहेगा। तापमान में भी बढ़ोतरी होगी।

पिछले दिनों बारिश के बाद से मौसम में परिवर्तन आ गया था। आसमान में बादल छाए थे। साथ ही हवाएं भी चल रही थी। मौसम में आए बदलाव से लोगों ने उमस भरी गर्मी से राहत महसूस की थी। शनिवार को मौसम में फिर बदलाव देखा गया। सुबह से ही चिलचिलाती धूप खिल उठी। सुबह 10 बजे के बाद धूप ने तेजी पकड़ी। उमस का भी एहसास हुआ। इससे लोग परेशान हुए। दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटे वाली स्थिति बनी रही। शनिवार को अधिकतम तापमान सामान्य से दो डिग्री अधिक रिकॉर्ड किया गया। अधिकतम तापमान 38 और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कृषि विभाग के अधिकारियों की मानें तो मौसम साफ रहेगा।


Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
• B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
• M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)



BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Courses
■ BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
■ BRIT (Intake-80 Seats)
■ BPT (Intake-40 Seats)
■ B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
■ BOTT (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
■ MPT (Intake-20 Seats)
■ MMLS (Intake-20 Seats)
Admission Open
Session 2025-26
FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
■ B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
■ Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)
Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
■ Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
■ Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com,
bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

## फंदे से लटका मिला युवक का शव

**पीलीभीत, अमृत विचार:** संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक की मौत हो गई। उसका शव घर में फंदे से लटका मिला। सूचना मिलने पर पहुंची न्यूरिया पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना न्यूरिया क्षेत्र के ग्राम दुवहा के रहने वाले 28 वर्षीय रामकुमार पुत्र रामविलास खेती कर परिवार का भरण पोषण करते थे। शुक्रवार रात उनकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उनका शव घर पर खपरैल में रस्सी के बने फंदे से लटका मिला। शनिवार सुबह परिवार वालों की नजर शव पर पड़ी चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग जमा हो गए। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। इस पर एसओ न्यूरिया सुभाष मावी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। मृतक शराब अधिक पीता था। प्रथम दृष्टया मामला खुदकुशी का है। फिलहाल जांच की जा रही है।

# एडीओ पंचायत का विरोध करना पड़ा महंगा, 32 का रोका वेतन

## उत्पीड़न का आरोप लगा सफाईकर्मियों ने डीएम से की थी शिकायत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- प्रधानों ने वेतन जारी करने के लिए उपस्थिति की थी प्रमाणित
- डीपीआरओ बोले- शिकायत मिलने पर रोका गया वेतन

**अमृत विचार :** मानसिक और आर्थिक उत्पीड़न का आरोप लगा डीएम से शिकायत करना सफाईकर्मियों को मंहगा पड़ा गया। एडीओ पंचायत ने डीएम से शिकायत करने वाले 32 सफाई कर्मियों का वेतन रोक दिया, जबकि उन्होंने पूरे माह में गांव में पहुंचकर ड्यूटी की। प्रधानों ने भी वेतन जारी करने के लिए उपस्थिति प्रमाणित करते हुए प्रमाण पत्र एडीओ को सौंपा था। लेकिन प्रधान ने जो उपस्थिति प्रमाण पत्र दिए वह किसी काम नहीं आए। वेतन न मिलने के बाद सफाई कर्मियों के सामने आर्थिक तंगी के हालात बन गए हैं। सफाई कर्मियों ने डीएम को शिकायती पत्र सौंपकर वेतन जारी कराने के साथ एडीओ पंचायत के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

दहगवां ब्लॉक में कार्यरत एडीओ पंचायत पर सफाई कर्मियों का मानसिक, आर्थिक उत्पीड़न के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करने का आरोप लगा था। यह आरोप लगाते हुए पिछले दिनों 30 से 35 सफाई कर्मचारियों ने डीएम के समक्ष उपस्थित होकर एडीओ पंचायत के खिलाफ कार्रवाई किए जाने के साथ उनका स्थानांतरण करने की मांग की थी। जो सफाई कर्मचारी डीएम के समक्ष शिकायत करने पहुंचे थे उनमें से 32 सफाई कर्मियों का एडीओ पंचायत ने मई माह का वेतन रोक दिया, जबकि जिस ग्राम पंचायत में यह सफाई कर्मी नियुक्त हैं वहां के प्रधानों ने उपस्थिति प्रमाणित करते हुए वेतन आहरण की संस्तुति एडीओ पंचायत से की थी। सफाई कर्मचारी प्रेमलता, नीतू, सुखवीर, मुकेश कुमार, कल्यान, हरविजय और धर्मेंद्र आदि ने डीएम को शिकायत पत्र सौंपकर कहा है कि एडीओ पंचायत प्रधान के द्वारा उपस्थिति प्रमाण पत्र देने के बाद भी उनका वेतन रोका है। वेतन न मिलने की वजह से उनके सामने आर्थिक तंगी के हालात पैदा हो गए हैं। बच्चों का भरण पोषण करने में दिक्कत आ रही है।

> जिन सफाई कर्मियों का वेतन रोका गया है उनकी शिकायत मिली है। एडीओ के खिलाफ जांच कराई जाएगी। उसके बाद कार्रवाई होगी।
>
> **– यावर अब्बास**, डीपीआरओ

## सड़क हादसे में पिता और पुत्र घायल अस्पताल में भर्ती

**कुंवरगांव, अमृत विचार :** आंवला-बदायूं मार्ग स्थित ममता धर्मकांटा के पास वाहन की टक्कर से बाइक पर पिता के साथ बैठकर जा रहा युवक और उसका दो साल का बच्चा घायल हो गया। पुलिस ने एंबुलेंस से घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

गांव जहारपुर पुसगवां निवासी वीरेश शनिवार देर शाम आंवला रामनगर अपने साढ़ू के यहां से लौट रहे थे। कुंवरगांव में आंवला-बदायूं मार्ग पर ममता धर्मकांटे के पास किसी वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

हादस में बाइक पर बैठे वीरेश और दो साल का संकेत गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंचे उपनिरीक्षक रामेश्वर सिंह ने एंबुलेंस की मदद से पिता पुत्र को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। घायलों के परिजनों सूचना दे दी है। पिता की हालत ठीक है लेकिन बेटे की हालत नाजुक बनी हुई है।

# बरेली में घर में खेलने आई बच्ची से दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पड़ोस में रहता है आरोपी जरी कारीगर, वारदात को अंजाम देने के बाद फरार
- थाना बारादरी में रात करीब 11 बजे पहुंचा पीड़ित परिवार बदायूं का रहने वाला है आरोपी

**अमृत विचार :** बारादरी थाना क्षेत्र में जरी कारीगर ने घर पर खेलने आई 7 साल की बच्ची के साथ बदायूं के आरोपी ने दुष्कर्म किया। जानकारी होने पर आरोपी घर से फरार हो गया। इसके बाद बच्ची की मां परिवार के साथ बारादरी थाने पहुंची और आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बच्ची की मां ने बताया कि उसके घर के सामने 35 वर्षीय युवक किराये पर रहता है। वह जरी का काम करता है। उनकी बेटी आरोपी को चाचा कहती है और कभी-कभी उसके घर पर खेलने के लिए भी चली जाती है। शनिवार शाम करीब 5 बजे उनकी बेटी आरोपी के कमरे पर गई थी। वहां से जब बेटी वापस आई तो उसके कपड़े अस्त-व्यस्त थे। वह आकर लेट गई। कुछ देर बाद मां जब बेटी के पास पहुंची तो देखा कि उसके कपड़ों पर खून के धब्बे हैं। पूछने पर बच्ची ने अपनी मां को पूरी बात बताई। इसके बाद मां ने आसपास के लोगों को घटना के बारे में बताया। इसके बाद सभी लोग आरोपी के कमरे पर पहुंचे। वहां से आरोपी फरार हो गया। तब बच्ची की मां मोहल्ले के कुछ लोगों के साथ थाना बारादरी पहुंची और पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की। पुलिस आरोपी की मां को पूछताछ के लिए थाने ले आई। बताया जाता है कि आरोपी बदायूं का रहने वाला है। वह कई वर्षों से किराये के मकान में रहता है, जबकि उसका परिवार अलग रहता है। थाना प्रभारी बारादरी धनंजय पांडेय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। बच्ची को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा जा रहा है। बच्ची की मां की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

## घाट पर श्रद्धालुओं से मारपीट करने के तीन आरोपी गिरफ्तार

**उझानी, अमृत विचार :** उझानी कोतवाली क्षेत्र में कछला स्थित भागीरथी घाट पर फिरोजाबाद के श्रद्धालुओं से फोटोग्राफर और नाविकों ने मारपीट करके घायल कर दिया था। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। रविवार को तीन आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया है।

फिरोजाबाद के थाना दक्षिण क्षेत्र के नगला भाऊ गोविंद नगर निवासी जयपाल पुत्र एवरन सिंह शुक्रवार को कलश विसर्जन के लिए अपने परिवार के साथ कछला स्थित भागीरथी घाट आए थे। एक फोटोग्राफर से फोटो खींचने को लेकर कहासुनी हो गई थी। इसी दौरान फोटोग्राफर ने अपने साथियों को बुला लिया और श्रद्धालुओं के साथ मारपीट की थी। एक लड़का जयपाल की बेटी की अंगूठी और ब्रेसलेट ले गया था। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। शनिवार को आरोपी कछला के वार्ड ती निवासी अजीम, जुनैद और गौरव कश्यप को गिरफ्तार कर लिया।

# करोड़ों की ठगी कर फरार सूर्यकांत मौर्य को भाजपा महानगर मंत्री पद से हटाया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बदायूं में दर्ज हो चुके हैं दोनों भाइयों सहित कई अन्य आरोपियों पर ठगी के दो मुकदमे
- भाई शशिकांत के साथ सिंधुनगर स्थित मकान में ताला डालकर फरार हो गया सूर्यकांत

**अमृत विचार :** अमर ज्योति यूनिवर्स निधि लिमिटेड नाम से चिटफंड कंपनी खोलकर सैकड़ों निवेशकों से बरेली और बदायूं में करोड़ों रुपये की ठगी कर फरार सूर्यकांत मौर्य को भाजपा महानगर मंत्री पद से हटा दिया गया। सूर्यकांत भाजपा महानगर में मंत्री पद पर पिछले छह साल से जमा था। बदायूं के शहर विधायक महेश चंद्र गुप्ता के मोर्चा खोलने के बाद सूर्यकांत पर संगठन ने कार्रवाई की है। भाजपा के महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना ने सूर्यकांत को शनिवार को संगठन के सभी दायित्वों से मुक्त कर रिपोर्ट हाईकमान को भेजी है।

बरेली के सिंधुनगर कालोनी निवासी सूर्यकांत मौर्य और उसके भाई शशिकांत मौर्य कई साल से अमर ज्योति यूनिवर्स निधि लिमिटेड खोलकर बदायूं और बरेली में कार्यालय बनाकर लोगों से आकर्षक योजनाओं का लालच दिखाकर निवेश करा रहे थे। बदायूं में 300 से अधिक अधिवक्ताओं से करीब एक करोड़ से अधिक की रकम निवेश कराई। कुछ दिन पहले दोनों भाइयों ने बदायूं में सदर कोतवाली क्षेत्र स्थित कार्यालय एकाएक बंद कर दिया। इससे निवेशकों में खलबली मची। निवेशकों ने आरोपी सूर्यकांत मौर्य के बदायूं से लेकर बरेली के सिंधुनगर स्थित आवास तक हंगामा काटा। दो दिन तक निवेशकों ने सिंधुनगर आवास की घेराबंदी की। इसके बाद बदायूं में दोनों भाइयों सहित अन्य लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी और अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई।

हंगामा बढ़ने के बाद दोनों भाई सिंधुनगर स्थित आवास और कार्यालय पर ताला डालकर गायब हो गए। बदायूं में शहर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने आरोपी सूर्यकांत सहित अन्य की गिरफ्तारी के लिए दो दिन पहले एसएसपी से मुलाकात की। इस बीच बदायूं में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ने दोनों भाइयों सहित नौ लोगों पर तीन सौ अधिवक्ताओं की करीब एक करोड़ रुपये की जमा-पूंजी निवेश कराकर हड़पने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई। इससे सूर्यकांत की मुश्किलें बढ़ गईं। इतना कुछ होने पर भी आरोपी सूर्यकांत के भाजपा के संगठनात्मक महानगर जिले के महानगर मंत्री पद पर जमे रहने से संगठन पर सवाल उठ रहे थे। भाजपा महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना ने शनिवार को ठगी के आरोपी सूर्यकांत मौर्य को महानगर मंत्री पद सहित संगठन के अन्य दायित्वों से हटा दिया गया है। इसकी रिपोर्ट भाजपा हाईकमान को भी भेजी गई है।

### पद से हटने के बाद जल्द गिरफ्तार होने की चर्चा

महानगर में मंत्री पद पर छह साल से आसीन सूर्यकांत के वरिष्ठ नेताओं से गहरे संबंध हैं। यही कारण रहा कि जब बदायूं के निवेशकों ने सिंधुनगर स्थित घर घेर लिया था तब बारादरी पुलिस ने आरोपी सूर्यकांत और उसके भाई सहित परिवार को सुरक्षित बाहर निकाला था। कुछ दिन पहले तक भाजपा के वरिष्ठ नेता भी अंदरखाने सूर्यकांत की मदद में जुटे और गिरफ्तारी से बचाते रहे। वरिष्ठ नेताओं की शह पर बरेली से लखनऊ तक चक्कर काटकर गिरफ्तारी से बचता आ सूर्यकांत के पद से हटने के बाद जल्द गिरफ्तारी होने की चर्चा शुरू हो गई है।

## मूर्ति स्थापना से पूर्व निकली शोभायात्रा भंडारा आज

**बदायूं, अमृत विचार:** कस्बा कुंवरगांव स्थिति ठाकुर द्वारा मंदिर में देव मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इससे पूर्व नगर में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में शामिल झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। प्राण प्रतिष्ठा के बाद रविवार को मंदिर पर भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

कस्बे के तिरपोलिया तिराहे के स्थित ठाकुरद्वारा मंदिर में देव प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम चल रहा है। प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व नगर में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में काली अखाड़ों समेत कई झांकियां शामिल रहीं। भगवान के वेष में सजे कलाकारों ने सभी का मन मोह लिया। लोगों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। शोभायात्रा मंदिर से प्रारंभ होकर रामलीला मैदान, मौर्य समाज, होली चौक, मुख्य बाजार, हनुमान मंदिर, सर्राफा बाजार होते हुए वापस ठाकुरद्वारा मंदिर पर पहुंचकर विसर्जित हुई। मंदिर प्रबंधक शैलेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि मंदिर में राम दरबार, राधाकृष्ण, लक्ष्मी नारायण, मां गायत्री, गणेश भगवान तथा शनिदेव महाराज की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

# ओवर रेट बिक रही शराब, खरीदारों से नोकझोंक

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- बोतल पर 20 रुपये और पौवा पर 10 रुपये अधिक बेची जा रही शराब
- रेलवे स्टेशन स्थित शराब की दुकान पर ओवर रेट देने पर हुआ सेल्समैन व ग्राहक में विवाद

**अमृत विचार :** शहर में शराब को सरकारी रेट पर न बेच कर ओवर रेट बेचा जा रहा है। यह कार्य अनुज्ञापी अपने कर्मचारियों से आबकारी विभाग के अधिकारियों से मिलीभगत कर करा रहे हैं।

इसकी वजह से आए दिन सेल्समैन और ग्राहक के बीच दुकानों पर झगड़े हो रहे हैं। रेलवे स्टेशन की दुकान पर ग्राहक और सेल्समैन में ओवर रेट शराब को लेकर कहा सुनी हो गई। सेल्समैन ग्राहक के साथ मारपीट करने पर उतारू हो गए। मौजूद कुछ लोगों ने हस्तक्षेप कर मामला रफा दफा किया। यह स्थिति एक दुकान की नहीं अमूमन सभी शराब की बिक्री करने वाली दुकानों पर है जहां ओवर रेट शराब बिक रही है। सेल्समैन बोतल पर 20 रुपये और पौवा पर 10 रुपये अतिरिक्त वसूल रहे हैं, लेकिन आबकारी विभाग कार्रवाई न कर हाथ पर हाथ धरे बैठा है।

अंग्रेजी हो या फिर देसी दुकानों पर प्रिंट रेट से 10 से 20 रुपये अधिक दर पर शराब बेची जा रही है। साथ ही शराब की दुकानों पर रेट लिस्ट भी नहीं लगी है। वहीं शराब की मिल रही शिकायत के बावजूद पुलिस-प्रशासन व आबकारी विभाग कोई कार्रवाई करने को तैयार नहीं है। शुक्रवार की बीती रात करीब नौ बजे एक व्यक्ति स्टेशन रोड स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान से शराब की बोतल खरीदी।

सेल्समैन द्वारा प्रिंट रेट से अधिक 20 रुपये अतिरिक्त लिए गए। इसका ग्राहक के विरोध करने पर सेल्समैन झगड़ा करने लगा और मारपीट पर उतर आया। यहां पर मौजूद लोगों ने किसी तरह झगड़ा शांत कराया। इससे पूर्व भी कई बार इन्हीं शराब की दुकानों पर ग्राहकों और सेल्समैन के साथ ओवर रेट को लेकर झगड़ा हो चुका है।

शुक्रवार की रात फिर से वहीं स्थिति देखी गई। ओवर रेट को लेकर ग्राहक और सेल्समैन के बीच तू-तू मैं-मैं हो गई। लोगों ने हस्तक्षेप का मामला शांत कराया। शहर के मोहल्ला आदर्श नगर निवासी शैलेंद्र कुमार, नई सराय निवासी तारिक, जवाहरपुरी निवासी राकेश का कहना है कि शहर में संचालित अंग्रेजी और देशी शराब दुकानों पर जमकर ओवर रेट में शराब बेची जा रही है।

यह सब आबकारी विभाग के अधिकारियों की जानकारी में हो रहा है। इस कारण से वे शराब दुकानदारों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

> ओवर शराब की बिक्री को लेकर अभी तक किसी ने शिकायत दर्ज नहीं कराई है। अगर शिकायत आती है तो संबंधित अनुज्ञापी के खिलाफ कार्रवाई की लाएगी। सभी दुकानदारों को दुकानों पर रेट लिस्ट लगाने के आदेश हैं। अगर रेट लिस्ट नहीं लगी है तो उसे दिखाया जाएगा।
>
> **– संजीव कुमार सिंह**, जिला आबकारी अधिकारी

### मिलावट करने में माहिर हैं सेल्समैन

दुकानों ओवर रेट के साथ मिलावट कर शराब की बिक्री की जा रही है। बताया जाता है कि दुकानों पर काम करने वाले सेल्समैन मिलावटी शराब बेचने में भी काफी माहिर हैं। देसी शराब के क्वार्टर व बोतल में यह लोग आसानी से उसका ढक्कन खोलकर पानी की मिलावट कर बचे रहे हैं। शराब पीने वाले लोग यह सब जानते हैं, लेकिन झगड़े के डर के कारण यह लोग ज्यादा कुछ बोल नहीं पाते और विरोध किए बिना ही शराब खरीदकर चलते जाते हैं।

## हरदोई ब्रांच नहर में मिला था बीसी सखी का शव, पति समेत अन्य ससुरालियों पर दहेज हत्या में रिपोर्ट

**पीलीभीत, अमृत विचार:** माधोटांडा क्षेत्र स्थित हरदोई ब्रांच नहर में 30 मई को अज्ञात महिला का शव मिला था। एक जून को अमरैया कलां गांव के रहने वाले लाल सिंह कुशवाहा ने मृतका की पहचान अपनी पुत्री रचना के रूप में की थी। बताया था कि रचनी की शादी 12 मई 2019 को माधोटांडा क्षेत्र के गांव चांदूपुर निवासी सतीश कुमार से हुई थी। उनकी एक तीन साल की बेटी भी है। ससुराल वाले दहेज में बुलेट बाइक और दो लाख रुपये की मांग को लेकर लगातार रचना को परेशान करते रहे। रचना ने आत्मनिर्भर बनने के लिए स्वयं सहायता समूह बनाकर बीसी सखी के रूप में काम शुरू किया। रचना की हत्या कर शव नहर में फेंकने का आरोप लगाया था। पुलिस ने इस मामले में पति सतीश कुमार, सास, ससुर, ननद, ननदोई, आदि के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है।

Admission Open
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
B.I.U.
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Management
UG Programs
- BBA (Finance & Taxation)
- B.Com (Hons.)
- BCA (IT & Multimedia/AI & Machine Learning)
PG Programs
- MBA (Finance & Taxation/Healthcare Management/Sales & Marketing/HR/IT/Business Analytics)
- M. Com.
- MCA
- MHA
- MPH
Contact Details
For Online Registration visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biucm2018@gmail.com
Ph : 8218622744, 9105500202, 9105500404, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

Admission Open
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
B.I.U.
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Humanities & Journalism
UG Programs
- BA (Journalism/Mass Communication)
- BA (Hons.) in English
- BA (Hons.) in Political Science
- BA (Hons.) in Sociology
- BA (Hons.) in Economics
- BA (Hons.) in Psychology
- B. Lib.
PG Programs
- MA (Journalism/Mass Communication/Public Relations/Electronic Media/Advertising)
- MA (English/Political Science/Sociology/Economics/Hindi)
- MA (Translation Studies)
- MA (Applied & Clinical Psychology)
- M.Lib.
Contact Details
For Online Registration Visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biuchj2022@gmail.com
Ph : 9105500202, 9105500404, 8218622744, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

## बंधक जमीन को बेच कर 94 लाख की धोखाधड़ी की

**पीलीभीत, अमृत विचार :** जमीन खरीदने के नाम पर एक महिला से दो युवकों ने धोखाधड़ी कर दी।

बरेली जनपद के बहेड़ी क्षेत्र की रहने वाली कुलदीप कौर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि जुलाई 2022 में उत्तराखंड के ऊधमसिंह नगर में स्थित 2.870 हेक्टेयर जमीन खरीदने का सौदा किया था। अमरिया कस्बे के रहने वाले विक्रेता दर्शन सिंह और बलदेव सिंह ने सौदे के समय जो खतौनी दिखाई, उसमें जमीन पर कोई कर्ज नहीं दिखाया गया था।

कुलदीप कौर ने 94 लाख रुपये की पूरी राशि आरटीजीएस के माध्यम से एक्सिस बैंक स्थित विक्रेता के खाते में जमा कर दी। बाद में जब दाखिल खारिज की प्रक्रिया के तहत नई खतौनी निकलवाई गई, तो पता चला कि जमीन पर एचडीएफसी बैंक रुद्रपुर का 11 लाख रुपये का कर्ज पहले से ही दर्ज है।

इस पूरे सौदे में अमरिया थाना क्षेत्र के बगनेरा गांव निवासी केवल सिंह की भूमिका भी सामने आई है, जिसने सौदा कराने में मध्यस्थ की भूमिका निभाई। पीड़िता ने मामले की शिकायत एसपी से करते हुए कार्रवाई की मांग की। इस पर अमरिया पुलिस ने दर्शन सिंह और बलदेव सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर अमरिया प्रमेंद्र कुमार ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच कराई जा रही है।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

आवश्यकता है
टाइपिस्ट एवं रिसेप्शनिस्ट की
बरेली स्थित डायग्नोस्टिक सेन्टर के लिये
सम्पर्क करें एवं बायोडाटा इस नम्बर पर व्हाट्सएप पर भेजें
9068342348

सूचना
मेरा हाईस्कूल मुख्य परीक्षा सन् 2013 अनुक्रमांक 0951994 का प्रमाण–पत्र वास्तव में खो गया है। **पल्लवी शर्मा पुत्री राम गोपाल शर्मा निवासी माँ मन्दिर के पास नरायन टोला कस्बा बहजोई जिला सम्भल।**

सम्बन्ध विच्छेद
सर्वसाधारण सूचित करना पड़ रहा है कि मेरा पुत्र भगवान दास पुत्र वीरपाल व पुत्रवधू प्रेमलता पत्नी भगवान दास उपरोक्त दोनों के आचरण एंव चाल चलन गलत हो जाने के कारण मैने उपरोक्त दोनों को समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके द्वारा किसी भी कृत्य के लिए मैं व मेरा परिवार उत्तरदायी नहीं होगा। **वीरपाल पुत्र मिश्रीलाल निवासी ग्राम विहारीपुर अजब थाना हजरतपुर तहसील दातागंज जिला बदायूं।**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र उमंग अग्रवाल, पुत्रवधु निमिषा गुप्ता व पौत्री आदया को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अलग कर दिया है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के लेन–देन के लिए यह स्वयं जिम्मेदार होंगे। **मनोज कुमार 47 रामवाटिका बरेली।**

**वैधानिक सूचना :**– समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# राष्ट्रीय एकता का सूत्र अद्वैत


**हृदय नारायण दीक्षित**
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> आचार्य शंकर ने सनातन धर्म के सभी संप्रदायों का वैदिक दृष्टि से शुद्धिकरण किया। हिन्दू धर्म की कथित विभाजित प्रवृत्तियों को समन्वित रूप दिया। एक नया इतिहास गढ़ा। वे प्रयाग भी गए और वाराणसी भी। आचार्य शंकर प्रयाग से वाराणसी तक 7 दिन में पहुंचे थे।

जीवन संघर्ष नहीं है। संघर्षपूर्ण जीवन तनाव देता है। पूरे जीवन को संघर्ष मानने का मूल द्वैतवाद है। द्वैतवाद का अर्थ है कि यहां इस जगत में दो प्रमुख पक्ष हैं। एक मैं हूं और दूसरा यह संसार। मैं हूं और दूसरे आप। मैं और तुम दो हैं। आध्यात्मिक तल पर ईश्वर एक है, दूसरा मैं हूं। भक्त और भगवान दो हैं। प्रकृति में प्रकाश और अंधकार का द्वैत है। शीत और ताप का द्वैत है। सब तरफ दो का दर्शन। सृष्टि में अनेक जीव हैं। वनस्पतियां हैं। सबके रूप भिन्न-भिन्न हैं। जैव विविधता खूबसूरत है। सामाजिक क्षेत्र में पंथिक विभाजन हैं। आर्थिक आधार पर गरीब और धनी में द्वैत है। जाति विभाजन में द्वैत है ही। लेकिन भारत में इस द्वैत के भीतर अद्वैत के दर्शन का विकास हुआ। अद्वैत का अर्थ है दो नहीं। दसों दिशाओं में व्याप्त एक ही परम तत्व भिन्न-भिन्न रूपों में रूप प्रतिरूप हो रहा है। पूरे अस्तित्व को एक जानने की अनुभूति ऋग्वेद के रचनाकाल में प्रकट हुई। उपनिषदों में व्यापक हुई। ब्रह्मसूत्रों में सिद्धांत बनी। बादरायण ने व्यवस्था दी। शंकराचार्य ने अद्वैत दर्शन का अभियान बनाया। रूप, लिंग, कुल, वंश, विश्वास, पंथ के आधार पर विभक्त समाज को अविभक्त देखने की दृष्टि अद्वैत कही गई। यह दर्शन निर्विकल्प है।

शंकर के अद्वैत का मूल अर्थ है इस अस्तित्व का प्रत्येक रूप और अंश उस एक ब्रह्म का ही रूप है। बृहदारण्यक उपनिषद में बहुत खूबसूरत ढंग से पूर्ण का अर्थ समझाया गया है। ऋषि कहते हैं, "यह पूर्ण है। वह पूर्ण है। यह पूर्ण उस पूर्ण का विकास है। पूर्ण में पूर्ण घटाओ तो पूर्ण ही बचता है। पूर्ण से पूर्ण का गुणा करने पर भी पूर्ण पूर्ण ही रहता है।" बहुत आश्चर्यजनक है यह पूर्ण। इसी पूर्ण के बोध में आनंद ही आनंद है। आचार्य शंकर के शब्दों में कहें तो उपनिषदों का आनंद सत् चित् आनंद है। यही सच्चिदानंद है। आनंद का अपना आनंद है। तैत्तिरीय उपनिषद के ऋषि ने आनंद की मीमांसा की है और बताया है कि मनुष्य की तरुणाई, श्रेष्ठ आचरण, शील और बल संवृद्धि और धरती पर अधिकार यहां आनंद देता है। यहां आनंद के सारे स्रोत भौतिक हैं। ऋषि आगे जोड़ते हैं कि, "लेकिन इच्छारहित ज्ञानी को यह आनंद स्वाभाविक रूप से प्राप्त है।" फिर कहते हैं, इस आनंद का 100 गुना आनंद गंधर्व आनंद है। गंधर्व आनंद संस्कृति का पर्यायवाची है। संस्कृति से जुड़े लोग साधारण मनुष्य की तुलना में 100 गुना आनंद पाते हैं। लेकिन यह आनंद भी इच्छाशून्य ज्ञानी को स्वाभाविक रूप से प्राप्त है। आनंद के अनेक तल हैं। फिर पूर्वजों और पितरों के स्मरण को आनंदपूर्ण बताया गया है। यह भी अभिलाषाशून्य ज्ञानी को सहज प्राप्त है। आनंद अभीप्सु है। आनंद सब की प्यास है।

कठोपनिषद के ऋषि ने ठीक कहा है कि यह आत्मतत्व प्रवचन से नहीं मिलता और बुद्धि से भी नहीं। शंकराचार्य इसी ज्ञान को भारत के कोने-कोने तक पहुंचाने में संलग्न थे। उन्होंने अपने शिष्यों के साथ देश के प्रसिद्ध तीर्थों का दर्शन किया। तीर्थ केन्द्रों पर भी वेदांत विषय पर उन्होंने आमजनों का प्रबोधन किया और कड़ाई के साथ वैदिक परंपरा के विरोधियों की बातों का खंडन किया। उनके दिग्विजय अभियान में दक्षिण में सेतुबंध पहला पड़ाव था। मार्ग में उन्हें अनेक संतों विद्वानों से मिलने का अवसर मिला। उन्होंने विद्वानों के प्रश्नों के उत्तर दिए। शंकर ने रामेश्वरम में पूजा की। फिर वह पांड्य और चोल क्षेत्रों की ओर बढ़े। जगह-जगह पर शास्त्रार्थ होते थे और वह सदाचरण व वेदांत को श्रेष्ठ बताते रहे। हस्तगिरि पर्वत पर अवस्थित कांचीनगर में आचार्य ने देवी के मंदिर की स्थापना की। फिर वे विदर्भ पहुंचे। राजा ने उनका स्वागत किया। वहां भैरवमतावनुयायियों की संख्या ज्यादा थी। आचार्य ने उन सबके बीच में भी वेदांत दर्शन का विचार रखा। कर्नाटक प्रवास में आचार्य का सामना कापालिक मतानुयायियों से हुआ। इस मत का मुखिया आचार्य का विरोधी था। 'आदि शंकराचार्य जीवन और दर्शन' नामक पुस्तक में जयराम मिश्र ने लिखा है कि, कापालिकों की पराजय हुई। आचार्य शंकर ने स्वयं भी महाकापाली भैरव की स्तुति की। फिर आचार्य पश्चिमी समुद्र के प्रसिद्ध तीर्थ गोकरना पहुंचे। शंकर और नीलकंठ का शास्त्रार्थ हुआ।

नीलकंठ और आचार्य के मध्य हुआ प्रश्नोत्तर दर्शन की अमूल्य निधि है। अंततः नीलकंठ ने आचार्य का शिष्यत्व स्वीकार कर लिया। आचार्य शंकर ने शिष्यों के साथ सौराष्ट्र क्षेत्र का भी भ्रमण किया। अनेक स्थानों पर उन्होंने अद्वैत का प्रचार किया। विद्वानों ने उनकी प्रशंसा की। उन्होंने प्रसिद्ध नगरी द्वारिका में प्रवेश किया। यह वैष्णवों का गढ़ था। शंकर के तर्क स्वीकार्य योग्य माने गए। उन्होंने उज्जैनी की यात्रा में भी संवाद बनाया। वे शिष्यों को लेकर महाकाल मंदिर में पूजा अर्चना के लिए भी गए। भट्ट भास्कर उस क्षेत्र के प्रतिष्ठित विद्वान थे। उन्होंने अनेक ग्रंथों की रचना की थी। शास्त्रार्थ के दौरान भट्ट भास्कर ने शंकर से सहमति व्यक्त की। परम पूर्ण तत्व को अलग-अलग विभाजित देखना भ्रम है और एकात्म देखना सत्य है। आचार्य का जैन मतावलंबियों से भी शास्त्रार्थ हुआ और उन्होंने उनको भी अद्वैत से सहमत कराया। बौद्ध मतावलंबियों का प्रभुत्व अभी कम नहीं था। अनेक बौद्ध विद्वानों ने वैदिक धर्म स्वीकार कर लिया। वह जगन्नाथ पुरी भी गए। मगध मार्ग से जाते मगधपुर, यमस्तपुर आदि अनेक नगरों में बौद्धों का बहुमत रहा है। मगध में अनेक मत प्रचलित थे। उस समय कुबेर के उपासक, इंद्र के उपासक और यम उपासक आदि अनेक मत थे। वह सब अपने को वेद का अनुयायी मानते थे। शंकराचार्य की अद्भुत प्रतिभा ने उनके अंधविश्वास दूर कर दिए।

आचार्य शंकर ने सनातन धर्म के सभी संप्रदायों का वैदिक दृष्टि से शुद्धिकरण किया। हिन्दू धर्म की कथित विभाजित प्रवृत्तियों को समन्वित रूप दिया। एक नया इतिहास गढ़ा। वे प्रयाग भी गए और वाराणसी भी। आचार्य शंकर प्रयाग से वाराणसी तक 7 दिन में पहुंचे थे। काशी में उन्होंने महादेव विश्वनाथ के दर्शन किए। पूजा की। पूरब पश्चिम उत्तर दक्षिण आचार्य शंकर की धूम थी। वह उत्तर प्रदेश के नैमिषारण्य तीर्थ भी गए। यह प्राचीन काल से ही प्रतिष्ठित स्थान है। यह एक समय वैदिक संस्कृति का महत्वपूर्ण केन्द्र था। यहां कर्मकाण्ड की प्रधानता थी। वहां पहुंचने पर आचार्य को प्राचीन संस्कृति के कोई लक्षण नहीं दिखलायी पड़े। इससे वे बहुत दुखी हुए। वहां बौद्ध तांत्रिकों की प्रधानता थी। आचार्य ने वहां कुछ दिनों तक निवास कर वेदान्त सिद्धान्त का प्रचार किया। उन्होंने इस बात को सप्रमाण सिद्ध किया कि गौतम बुद्ध के सारे सिद्धान्त अद्वैत-सिद्धान्त पर ही आश्रित हैं। इसका परिणाम यह हुआ कि वहां के लोग वेदोक्त रीति से धर्म-कर्म में प्रवृत्त होकर उपासना में अनुरक्त हुए। इसी प्रकार अयोध्या में भी उनका प्रवास हुआ। उन्होंने बंगाल का भी भ्रमण किया था। राष्ट्र की सांस्कृतिक एकता की नींव वैदिक ऋषियों ने रखी थी। शंकराचार्य ने आगे बढ़कर सांस्कृतिक एकता का विशाल भवन खड़ा किया। एक बार फिर जातिभेद, सांप्रदायिकता, आर्थिक गैरबराबरी, राष्ट्र की आंतरिक सुरक्षा और आतंकवाद जैसे मुद्दों पर आचार्य शंकर जैसे राष्ट्रव्यापी अभियान की आवश्यकता है।

# हितों का गठजोड़ जो टूट चुका है


**डॉ. शिवम भारद्वाज**
असिस्टेंट प्रोफेसर, मथुरा

अमेरिकी राजनीति के विशाल और जटिल मंच पर कुछ समय से चल रहा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और टेस्ला-एक्स-स्पेसएक्स साम्राज्य के मालिक एलन मस्क का रिश्ते कभी सामरिक गठजोड़ और सार्वजनिक समर्थन का प्रतीक था। अब रिश्तों में टकराहट के निशान वॉल स्ट्रीट से लेकर अंतरिक्ष तक जा पहुंचे हैं। ट्रंप ने मस्क की कंपनियों को मिलने वाली सरकारी सब्सिडी और ठेके बंद करने की धमकी दी, तो मस्क ने जवाबी कार्रवाई में राष्ट्रपति के खिलाफ महाभियोग की संभावना तक को हवा दे दी। जुलाई 2024 में जब पेंसिल्वेनिया में ट्रंप की चुनावी रैली पर हुई गोलीबारी ने पूरी दुनिया को हिला दिया तब मस्क ने ट्रंप को अपना समर्थन देने का ऐलान किया, और यह मात्र शब्दों तक सीमित नहीं रहा। इस तरह यह टकराव केवल दो व्यक्तियों के बीच नहीं, बल्कि अमेरिकी सत्ता, आर्थिक हितों और राजनीतिक विचारधाराओं के जटिल जाल का प्रतीक बन गया है। विभिन्न मौकों पर ट्रंप और मस्क ने एक-दूसरे की तारीफ़ों के पुल बांधे और उनके इस भाव को मीडिया हलकों में "ब्रोमांस" का नाम तक दे दिया गया।

यह टकराव केवल दो व्यक्तियों के अहंकार की लड़ाई नहीं है, बल्कि अमेरिकी राजनीति में गहराते विभाजन और बदलती सत्ता संरचनाओं का संकेत भी है। ट्रंप का 'अमेरिका फर्स्ट' राष्ट्रवादी एजेंडा सुरक्षा, पारंपरिक उद्योग और सीमाओं पर केंद्रित है, जबकि मस्क जैसे टेक उद्योगपति नवाचार और वैश्विक व्यापार को प्राथमिकता देते हैं। पिछले दिनों जब ट्रंप ने नासा के प्रमुख पद के लिए मस्क के भरोसेमंद जेरेड इसाकमैन के नामांकन को वापस लिया तो साफ हो गया कि यह गठजोड़ हितों का सौदा था जो टूट चुका है। इस विवाद का सबसे बड़ा आर्थिक असर टेस्ला के शेयरधारकों पर पड़ा। कंपनी के शेयरों में 14 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई, जिससे बाजार पूंजीकरण में 150 अरब डॉलर से अधिक का नुकसान हुआ, जो टेस्ला के इतिहास की सबसे बड़ी एक दिवसीय गिरावट थी। इससे मस्क की व्यक्तिगत संपत्ति में भी लगभग 26 अरब डॉलर की कमी आई।

इस राजनीतिक प्रेम कहानी के टूटने ने अमेरिकी लोकतंत्र के लिए गंभीर सवाल उठाए हैं। क्या सरकारी नीतियां व्यक्तिगत रिश्तों या आर्थिक ताकतों से प्रभावित होनी चाहिए? क्या कोई अरबपति चुनावी नतीजों को खरीद सकता है? और क्या सत्ता के नशे में राजनेता अपने सहयोगियों को धमकी दे सकते हैं? मस्क ने पहले ही एक नए राजनीतिक दल की संभावनाओं का संकेत दिया है, जबकि ट्रंप उनके व्यापार साम्राज्य को निशाना बना रहे हैं।

इस विवाद ने अमेरिकी राजनीति की छवि को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावित किया है। पोलैंड के विदेश मंत्री राडोस्लाव सिकोरस्की ने व्यंग्य करते हुए कहा, 'देखा, बड़े आदमी? राजनीति उतनी आसान नहीं, जितनी तुम्हें लगती थी। 'यह टकराव अब केवल घरेलू मुद्दा नहीं रह गया, यह एक वैश्विक राजनीतिक संस्कृति का प्रतिबिंब बन गया है, जहां सिद्धांतों की जगह व्यक्तिगत नाराजगी और आर्थिक हितों ने ले ली है। जब दो सबसे शक्तिशाली व्यक्ति एक-दूसरे के खिलाफ हो जाते हैं, तो न सिर्फ उनका बल्कि उस लोकतंत्र का भी नुकसान होता है, जिसकी वे रक्षा का दावा करते हैं। ऐसे में एक पुरानी सीख फिर याद आती हैः सत्ता के नशे में अक्सर दोस्ती दुश्मनी में बदल जाती है, और जिसकी बुनियाद निजी स्वार्थ पर टिकी हो, उसका अंत निश्चित है।

# महासागरीय जीवन पर गहराता संकट


**अरविंद जयतिलक**
वरिष्ठ पत्रकार

> 1972 के स्टॉकहोम में मानव पर्यावरण पर हुए संयुक्त राष्ट्र के सम्मेलन में भी समुद्री प्रदूषण पर चर्चा हुई। तब समुद्री प्रदूषण रोकने के लिए कचरे व अन्य पदार्थों के समुद्र में फेंके जाने को लेकर संधि पत्र पर हस्ताक्षर हुए।

यह सुखद रहा कि अभी गत वर्ष पहले ही 20 वर्षों की लंबी बातचीत के उपरांत एक सैकड़ा से अधिक देश समुद्री जीवन को बचाने की अहम संधि पर मुहर लगाने को तैयार हुए। उन्होंने न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में हाई सीज ट्रीट्री के तहत 2030 तक दुनिया के 30 फीसदी महासागरों को संरक्षित किए जाने का संकल्प व्यक्त किया। अच्छी बात है कि बीते एक वर्ष में इस संकल्प को लागू करने के लिए सभी देश एक सार्थक प्रयास में जुट गए हैं। गौर करें तो इस संधि में प्रावधान है कि समुद्री जलीय जीवन को संरक्षित करने के लिए निकाय बनेगा और जलीय जीवों को हो रहे नुकसान के आंकलन के लिए नियम बनेंगे। यह संधि इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि अभी तक इस मकसद के लिए फंडिंग और मछली पकड़ने जैसे अधिकारों पर बात बन नहीं पा रही थी। इसलिए कि समुद्र तट से 200 नॉटिकल मील तक के समुद्र पर ही देशों का अधिकार होता है और उसके आगे का हिस्सा खुला समुद्र कहलाता है। अभी तक इसका 1.2 फीसदी हिस्सा ही संरक्षित है। लेकिन इस संधि के तहत अब तय किया गया है कि खुले समुद्र के कौन से इलाके संरक्षित माने जाएंगे। चूंकि अब इस संधि को मूर्त रुप देने की कवायद तेज हो गई है लिहाजा महासागरों में वास कर रहे समुद्री जल जीव-जंतुओं और खनिजों की रक्षा होनी तय है। उल्लेखनीय है कि 1950 के दशक के शुरुआत में समुद्र के कानून को लेकर हुए संयुक्त राष्ट्र के कई सम्मेलनों में समुद्री प्रदूषण पर चिंता व्यक्त की गई।

1972 के स्टॉकहोम में मानव पर्यावरण पर हुए संयुक्त राष्ट्र के सम्मेलन में भी समुद्री प्रदूषण पर चर्चा हुई। तब समुद्री प्रदूषण रोकने के लिए कचरे व अन्य पदार्थों के समुद्र में फेंके जाने को लेकर संधि पत्र पर हस्ताक्षर हुए। इस समझौते को लंदन समझौता कहा जाता है। लेकिन सच यहीं है कि समुद्री प्रदूषण रोकने के अभी तक सभी कानून नाकाफी ही साबित हुए हैं। नतीजतन समुद्री जैव विविधता खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है।

उदाहरण के तौर पर वर्ष 1970 से देखें तो खुले समुद्र में शार्क की तादाद 70 फीसदी तक घट गयी है। विचार करें तो समुद्री जीवन में प्रदूषण के तीन रास्ते हैं। एक, महासागरों में कचरे का सीधा छोड़ा जाना, दूसरा वर्षा के कारण नदी-नालों में अपवाह से और तीसरा वातावरण में छोड़े गए प्रदूषकों से। समुद्र में प्रदूषण के लिए सबसे आम रास्ता नदियां हैं। समुद्र में पानी का वाष्पीकरण सर्वाधिक होता है। संतुलन की बहाली महाद्वीपों पर बारिश के नदियों में प्रवेश और फिर समुद्र में वापस मिलने से होती है।

उदाहरण के लिए न्यूयॉर्क में हडसन और न्यूजर्सी में रैरीटेन जो स्टेटन द्वीप के उत्तरी और दक्षिणी सिरों में समुद्र में मिलती है जिससे समुद्र में प्राणी मंदप्लवक यानी कोपपॉड के पारा प्रदूषण का मुख्य स्रोत है। फिल्टर-फीडिंग कोपपॉड में सबसे ज्यादा मात्रा इन नदियों के मुखों में नहीं बल्कि 70 मील दक्षिण में एटलांटिक सिटी के नजदीक है क्योंकि पानी के तट के बिल्कुल नजदीक बहता है। अमूमन तय प्वाइंट प्रदूषण तब होता है जब प्रदूषण का इकलौता, स्पष्ट और स्थानीय स्रोत मौजूद हो। अंदरुनी भागों में तांबे, सोने इत्यादि का खनन भी समुद्री प्रदूषण का एक बड़ा स्रोत है। ज्यादतर प्रदूषण महज मिट्टी से होता है जो नदियों के साथ बहते हुए समुद्र में प्रवेश करती है। हालांकि खनन के दौरान खनिजों के निस्सरण से कई समस्याएं उभरकर सामने आती हैं। गौर करें तो खनन का बहुत घटिया ट्रैक रिकार्ड है।

उदाहरण के लिए अमेरिकी पर्यावरण संरक्षण एजेंसी की मानें तो खनन ने पश्चिमी महाद्वीपीय अमेरिका में 40 फीसद से ज्यादा जलोत्सारण क्षेत्रों के नदी उद्गमों के हिस्से को प्रदूषित किया है और इस प्रदूषण का सर्वाधिक हिस्सा समुद्र में मिलता है। वातावरण में छोड़े गए प्रदूषकों से भी समुद्र प्रदूषित हो रहा है। मसलन कृषि से सतह का अपवाह, साथ शहरी अपवाह और सड़कों, इमारतों, बंदरगाहों और खाड़ियों के निर्माण से हुआ अपवाह कार्बन, नाइट्रोजन, फास्फोरस और खनिजों से लदे कणों और मिट्टी को अपने साथ ले जाता है। सड़कों और राजमार्गों से दूषित अपवाह तटीय इलाकों में जल प्रदूषण का सबसे बड़ा स्रोत है।

इसमें प्रवेश करने वाले 75 फीसद जहरीले रसायन, सड़कों, छतों, खेतों और अन्य विकसित भूमि से तूफानों के दौरान पहुंचते हैं। वैज्ञानिकों की मानें तो जीवाश्म ईंधन का उपयोग, औद्योगिक कार्बन उत्सर्जन और जंगल की आग इत्यादि से समुद्री जीवन जहरीला बन रहा है। इन वैज्ञानिकों का कहना है कि इनसे उत्सर्जित पॉलीसाइक्लिक एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन्स (पीएएचएस) नामक घातक रसायन की मात्रा समुद्र में लगातार बढ़ रही है और समुद्री जीवों का अस्तित्व संकट में पड़ गया है। वैज्ञानिकों का यह भी कहना है कि इसके पीछे 90,000 टन पीएएचएस का उत्सर्जित होना है। उल्लेखनीय है कि पीएएचएस सौ से अधिक घातक रसायनों का समूह होता है, जो कि जीवाश्म ईंधन और लकड़ी के जलने से वातावरण में उत्सर्जित होता है। इन्हें जानलेवा प्रदूषक तत्वों की श्रेणी में रखा गया है।

स्पेन के वैज्ञानिकों ने बायो हेस्पिराइट्स नाम समुद्री शोध जहाज से ब्राजील, अफ्रीका, आस्टेलिया और हवाई द्वीप समेत कई देशों की समुद्री यात्रा कर इन्हें आंकड़ों में सहेजा है। जांच में टीम को 64 पॉलीसाइक्लिक एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन्स मिले हैं जो अटलांटिक, प्रशांत और हिंद महासागर में पाए गए। इनमें से कुछ अत्यंत विषैले हैं जो समुद्र को जहरीला बनाने का काम कर रहे हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि पीएएचएस की प्रति महीने उत्सर्जन की मात्रा इतिहास के सबसे बड़े तेल रिसाव की घटना से चार गुना अधिक खतरनाक है। तेल रिसाव के घातक परिणाम समुद्री जीवों के लिए बेहद नुकसानदायक है।

# तकनीक पर निर्भरता और बच्चों की रचनात्मकता


**प्रवीण त्रिवेदी**
फतेहपुर

एक शिक्षक के नजरिए से अगर विद्यालयों में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की पिछले 25 वर्षों की यात्रा का आंकलन करें तो बदलाव साफ़ दिखाई देता है। एक समय था जब स्कूलों में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की तैयारी केवल मंच तक सीमित नहीं होती थी, वह बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण की एक समग्र प्रक्रिया होती थी। शिक्षक और छात्र मिलकर एक गीत की धुन निकालते थे, शब्दों का उच्चारण सुधारते थे, हारमोनियम, ढोलक, तबला जैसे वाद्य यंत्रों से अभ्यास करते थे। नृत्य की मुद्राएं स्थानीय लोक परंपराओं से आती थीं और हर प्रस्तुति के पीछे अभ्यास, समझ और रचनात्मकता की एक परत होती थी।

आज जब तकनीक हर हाथ में है और स्कूलों में माइक, स्पीकर और यूट्यूब की पहुंच ने तैयारी के श्रम को आसान बना दिया है, तो कला की वह गहराई भी धीरे-धीरे खोती जा रही है। अब अक्सर होता यह है कि शिक्षक शिक्षिकाएं यूट्यूब पर गाना चला देते हैं, बच्चों को उसी पर थिरकने को या डायलॉग मारने को कहा जाता है, और पूरी प्रस्तुति एक तयशुदा 'कॉपी-पेस्ट' प्रारूप में बदल जाती है। बच्चे न तो गीत का अर्थ समझते हैं, न उसकी धुन में अपना स्वर खोजते हैं, और न ही प्रस्तुति में अपनी मौलिकता जोड़ते हैं।

यह बदलाव केवल मंचीय प्रदर्शन की दिशा नहीं बदलता, यह बच्चों के रचनात्मक विकास पर भी असर डालता है। पहले जहां एक गीत या नृत्य की तैयारी के बहाने बच्चों में समर्पण, अनुशासन, टीमवर्क, आत्म-अभिव्यक्ति और सौंदर्य-बोध जैसे गुण विकसित होते थे, अब वे केवल दिखावे और प्रदर्शन तक सीमित हो गए हैं।

शिक्षक होने के नाते यह चिंता स्वाभाविक है कि यदि हम तकनीक को केवल सहारा बनाकर रखें तो वह एक वरदान है, लेकिन अगर उसी पर निर्भर हो जाएं, तो यह बच्चों की रचनात्मकता को कुंठित कर सकती है। हमें यह याद रखना होगा कि मंच पर चमकते हुए रंगीन परिधान और ऊंचे वॉल्यूम में बजता संगीत ही सांस्कृतिक शिक्षा नहीं है, बल्कि यह वह प्रक्रिया है जो बच्चे को भीतर से गढ़ती है। अगर हम इस प्रक्रिया को ही छोड़ देंगे, तो हमारी प्रस्तुतियां खोखली और सतही हो जाएंगी।

समय के साथ सुविधाएं बदली हैं, लेकिन मूल उद्देश्य अब भी वही होना चाहिए-बच्चों को संस्कृति से जोड़ना, न कि उन्हें सिर्फ किसी वीडियो की नकल करना सिखाना। शिक्षकों का दायित्व है कि हम बच्चों को मंच पर लाने से पहले आत्मा के स्तर पर कला को समझने का अवसर दें। यही शिक्षा की सच्ची सांस्कृतिक भूमिका है।

# सनातन संस्कृति में प्रकृति संरक्षण


**प्रो. विवेकानंद तिवारी**
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

अग्नि ऊर्जा, प्राण, समृद्धि के प्राकृतिक तत्वों की अपरिहार्य महिमा का निरूपण वेदों की प्रकृति-उपासना सार-वान् बनाता है। भारतीय संस्कृति व चिन्तन में पर्यावरण का वह महत्व है जो मानवीय शरीर में आत्मा का होता है। प्रकृति ने ही भारतीय संस्कृति को नया आयाम दिया है। वैदिक बहुदेववाद विभिन्न प्राकृतिक तत्त्वों के सापेक्षित महत्व के पर्यावरणीय तथ्य का प्रकारान्तर से प्रतिपादन करता है। पर्यावरण ही मानव-जीवन का मूल। भारत की सनातन संस्कृति जो वेदों से विकसित हुई, उन वैदिक ऋचाओं का मूल कथ्य ही प्रकृति के साथ सन्तुलन से जुड़ा है। वेदों में पंच महाभूतों को ही देवतुल्य स्थान दिया गया है और इन्हीं को सन्तुलित करना चराचर जगत के लिए कल्याणकारी बताया गया है। वायु को वेदों में प्राण कहा गया है, वायु जीवमात्र के जीवन का आधार है। इसी वायु को शुद्धीकरण के लिए जहां सनातन संस्कृति में होम-यज्ञ की विधि बताई है, वहीं प्राणवायु के मूल स्रोत वनस्पतियों के संरक्षण की बात कही गई है। सनातन संस्कृति में किसी भी मांगलिक कार्य से पहले कलश स्थापन का विधान है। कलश वस्तुतः हमारे ब्रह्माण्ड का प्रतीक है। कलश के नीचे रखे जाने वाले जौ आदि धान्य पृथ्वी के, उसमें भरा जाने वाला जल, जल तत्व का, उसके समीप जलाया जाने वाला दीपक अग्नि तत्व का प्रतीक है। कलश के मुंह पर पंच पल्लव तथा इसमें डाली जाने वाली औषधीय वनस्पतियां हमारे पारिस्थितकीय तंत्र की ओर ईशारा करते हैं। इस प्रकार कलश में सभी देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा कर एक प्रकार से प्रकृति को ही नमन करते हैं।

मानव समष्टि कल्याण की भावना के साथ पर्यावरण से मित्रवत् व्यवहार करें। यजुर्वेद में चर-अचर सभी को मित्र की दृष्टि से देखने का संदेश दिया गया है-मित्रस्याहं चक्षुषा सर्वाणि भूतानि समीक्षे मित्रस्य चक्षुष समीक्षा महे।/ यजुर्वेद मे ही एक और उदाहरण दृष्टव्य है- सुमित्रिया न आप ओषधयः संतु दुर्भित्रियास्तस्मै संतु योस्मान दृष्टि यं च वयं द्विष्मः।

जब पर्यावरण के प्रति मानव में मित्रता का भाव रहेगा, तभी वह पर्यावरण सुरक्षित रख सकेगा। अथर्ववेद में 'माता भूतिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः' की भव्य-भावना से पृथ्वी की स्तुति की गई है- जिस भूमि पर समुद्र-नदी और नाना प्रकार के जल हैं। जिस पर अन्न आदि नाना प्रकार की खेती होती है, जिस पर यह जीता-जागता, चलता-फिरता संसार अन्न-जल-ग्रहण कर तृप्त होता है और प्राण-धारण करता है, वह भूमि हमें पूर्व-पुरूषों द्वारा प्राप्त करने योग्य उत्तम स्थान पर प्रतिष्ठित करे। जिसमें वृक्ष और विविध वनस्पतियां सदा स्थिर रूप से विराजती हैं, समस्त विश्व को धारण करने वाली उस स्थिर पृथ्वी की हम स्तुति करते है।

मानव के समान पशु-पक्षी भी ईश्वरीय कृति है, अतः समान सम्मान के अधिकारी है। प्रकृति के पंचमहाभूत-क्षिति, जल, पावक, गगन, समीर-भौतिक एवं जैविक पर्यावरण का निर्माण करते हैं। वेदों में मूलतः इन पंचमहाभूतों को ही दैवीय शक्ति के रूप में स्वीकार किया गया है। आधुनिक विज्ञान भी प्रकृति के उन रहस्यों तक बहुत बाद में पहुंच सका है जिसे वैदिक ऋषियों ने हजारों वर्ष पूर्व अनुभूत कर लिया था। इतना ही नहीं, वेदों में प्राकृतिक तत्वों से अनावश्यक और अमर्यादित छेड़छाड़ करने के दुष्परिणामों की ओर भी संकेत किया गया है तथा मानव को सीख भी दी गई है कि पर्यावरण सन्तुलन को नष्ट करने के दुष्परिणाम समस्त सृष्टि के लिए हानिकारक होंगे।

# बाल श्रम की समाप्ति बड़ी चुनौती


**डॉ. रिपुदमन सिंह**
पूर्व क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, कानपुर

> यह स्थिति विकास की चमकदार तस्वीर के पीछे उस अंधकार को उजागर करता है, जिसे हम अनदेखा कर देते हैं। बाल श्रम एक ऐसा कार्य है, जो बच्चों से उनका बचपन, सम्मान और संभावनाएं छीन लेता है।

बाल श्रम एक ऐसी समस्या है जो बच्चों से उनका बचपन, सम्मान और संभावनाएं छीन लेती है तथा उनके शारीरिक, मानसिक एवं लैंगिक विकास को बाधित करती है। हमें एक ऐसे विश्व का निर्माण करना है जहां काम नहीं किताबें बच्चों का अधिकार हों। प्रत्येक वर्ष 12 जून को मनाया जाने वाला बाल श्रम के विरुद्ध विश्व दिवस दुनिया भर में बाल श्रम की समाप्ति के लिए चलाए जा रहे सतत संघर्ष की एक सशक्त स्मृति है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) द्वारा 2002 में स्थापित यह दिवस, बाल श्रम के सभी रूपों को समाप्त करने के लिए वैश्विक प्रयासों को सुदृढ़ करने का आह्वान करता है। यह हमको सोचने पर भी मजबूर करता है कि तकनीक विकास और वैश्वीकरण के इस युग में भी करोड़ों बच्चे आज भी श्रम करने को विवश क्यों हैं? आईएलओ के अनुसार आज भी 16 करोड़ से अधिक बच्चे विश्व भर में बाल श्रमिक के रूप में कार्यरत हैं और इनका एक बड़ा हिस्सा खतरनाक परिस्थितियों में काम कर रहा है। यह स्थिति विकास की चमकदार तस्वीर के पीछे उस अंधकार को उजागर करता है, जिसे हम अनदेखा कर देते हैं। बाल श्रम एक ऐसा कार्य है, जो बच्चों से उनका बचपन, सम्मान और संभावनाएं छीन लेता है तथा उनके शारीरिक, मानसिक एवं लैंगिक विकास को बाधित करता है। बाल श्रम बच्चों की शिक्षा में बाधा डालता है तथा जो बच्चे पढ़-लिख कर अपना उज्ज्वल भविष्य बना सकते हैं उन्हें अंतहीन, अंधकारमय भविष्य की ओर ढकेलता है। बाल श्रम के मूल में गरीबी, शिक्षा की कमी, सामाजिक असमानता, बेरोजगारी और कानूनों का शिथिल क्रियान्वयन है। जब एक परिवार की रोजी-रोटी की बुनियादी जरूरतें पूरी नहीं होती हैं, तब उनके सामने सबसे आसान विकल्प बच्चों को काम पर भेजना बन जाता है। यही कारण है कि खेतों, कारखानों, ईंट-भट्टों, घरेलू कामकाज और निर्माण स्थलों पर मासूम बच्चे काम करते नजर आते हैं।

कोविड-19 महामारी के बाद यह संकट और भी गहराया है। स्कूल बंद होने से लाखों बच्चे शिक्षा से वंचित हो गए तथा बेरोजगार हुए परिवारों में बच्चों की पढ़ाई की अपेक्षा उनको काम पर भेज कर पैसा कमवाना अधिक उचित समझा। सन 2000 से सन 2019 के बीच वैश्विक स्तर पर बाल श्रम में 8.55 करोड़ बच्चों की कमी दर्ज की गई थी जो एक सकारात्मक संकेत था परन्तु कोविड-19 और आर्थिक असमानताओं ने इस प्रवृत्ति को उलट दिया और बाल श्रमिकों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी होती चली गई। ग्रामीण क्षेत्रों, शहरी झुग्गियों तथा प्रवासी मजदूर परिवारों में यह समस्या अत्यन्त गंभीर बनी हुई है। यह स्थिति इस बात पर जोर देती है कि इस गंभीर सामाजिक चुनौती से निपटने हेतु नवीन, समग्र, सामूहिक और ठोस प्रतिबद्धता की महती आवश्यकता है। बाल श्रम भारत के साथ-साथ सभी देशों में गैर कानूनी है। अब समय आ गया है कि हम इस विषय पर सिर्फ बात न करके अपनी नैतिक जिम्मेदारी भी समझें। बाल श्रम को जड़ से उखाड़ना हमारे लिए एक चुनौती है, जिस पर खरा उतरना हमारी प्रमुख प्राथमिकता होनी चाहिए।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आईएलओ द्वारा वर्ष 1992 से शुरू किया गया उपक्रम आईपीईसी बाल श्रम के क्रमिक उन्मूलन की दिशा में राष्ट्रीय क्षमताओं को सशक्त करने और वैश्विक जागरूकता बढ़ाने के लिए कार्य कर रहा है, तथा संयुक्त राष्ट्र के सतत् विकास लक्ष्यों (सीडीजीएस) में लक्ष्य 8.7 विशेष रूप से 2025 तक बाल श्रम के सभी रूपों को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। किन्तु इस अभियान में अपेक्षित सफलता अभी तक नहीं मिली है। भारत में बाल श्रम की समस्या बहुआयामी है। इस समस्या से निपटने के लिए शिक्षा एक माध्यम हो सकती है, जो किसी भी बच्चे को श्रम के कुचक्र से बाहर निकाल सकती है। सरकार की सर्व शिक्षा अभियान, राष्ट्रीय बाल श्रमिक परियोजना जैसे प्रयास सराहनीय हैं पर इन्हें और व्यापक बनाकर समाज के अन्तिम छोर तक पहुंचाना, बालश्रम को खत्म करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। कुछ एनजीओ गैर-सरकारी संगठन और नागरिक समाज भी बाल श्रम उन्मूलन हेतु प्रयासरत हैं। नोबल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी द्वारा स्थापित संगठन बचपन बचाओ आन्दोलन (बीबीए) ने अब तक हजारों बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराया है। बीबीए द्वारा बच्चों को कानून के माध्यम से, समुदायों में जागरूकता फैलाकर शिक्षा और सामाजिक समर्थन प्राप्त किया गया है तथा बच्चों को पुनर्वासित कराया है।

उप्र सरकार द्वारा बाल श्रम उन्मूलन के लिए 12 जून 2025 से एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू करने की योजना बनाई है, जिसका लक्ष्य 2027 तक बाल श्रम मुक्त प्रदेश बनाना है। यह अभियान शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, श्रम आदि विभागों की समन्वित भागीदारी से संचालित होगा। किन्तु 2011 की जनगणना के बाद से अब तक बाल श्रमिकों का कोई भी ताजा आंकड़ा उपलब्ध न होने से योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में बाधा आ रही है। इस स्थिति से निपटने के लिए पंचायती राज विभाग को गांव स्तर पर बाल श्रमिकों की पहचान कर डाटा एकत्र करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसके अतिरिक्त सरकार यूनिसेफ के साथ मिलकर स्कीम बुकलेट तैयार कर रही है जिसमें उन योजनाओं का विवरण होगा, जो बाल श्रमिकों और उनके परिवारों की मदद के लिए उपलब्ध है। बाल श्रम के विरुद्ध विश्व दिवस एक जनजागरण का आवाह्न बनना चाहिए, क्योंकि यह केवल बच्चों की भलाई का मुद्दा नहीं है, बल्कि संपूर्ण मानवता की जिम्मेदारी है कि प्रत्येक बच्चे को सुरक्षित, स्वस्थ और गरिमापूर्ण बचपन मिले।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- bly.editor@amritvichar.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा।)

## एक नजर

### यूरिया बिक्री की होगी जांच, शासन ने दिए निर्देश

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में अप्रैल और मई में यूरिया की अधिक बिक्री करने वाले दुकानदार जांच के दायरे में आ गए हैं। किसान को एक साथ 10 या अधिक बोरी बिक्री करने वाले विक्रेताओं पर कार्रवाई की जाएगी। शासन के निर्देश पर कृषि विभाग ने दुकानों का निरीक्षण कर चेकिंग की रणनीति बनाई है। सोमवार से अभियान शुरू किया जाएगा। आईएफएमएस पोर्टल की समीक्षा में एक अप्रैल 2024 से पांच मई 2024 और 1 अप्रैल 2025 से 5 मई 2025 के बीच हुई यूरिया बिक्री में काफी अंतर पाया गया। बरेली समेत अन्य जनपदों में अप्रत्याशित अधिक मात्रा में यूरिया की बिक्री होने पर शासन ने अप्रैल और मई में हुई यूरिया बिक्री की जांच के लिए निर्देशित किया। जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी ने बताया कि शासन स्तर पर हुई समीक्षा में यह प्रकाश में आया है कि कई किसानों ने एक ही बार में 10 बोरी से अधिक यूरिया खरीदा है। ऐसे किसानों की जानकारी के साथ ही दुकानदारों का पता लगाया जाएगा। किसानों से अपील है कि वे खतौनी के आधार पर प्रयोग होने वाली यूरिया के मानक से अधिक की खरीद न करें। विक्रेताओं को मानक से अधिक यूरिया विक्रय न करने के निर्देश दिए गए हैं।

### श्याम संकीर्तन व भजन संध्या आज

**कासगंज, अमृत विचार :** अमांपुर कस्बा के कालेज रोड स्थित रामलीला स्थान पर एक शाम खाटू वाले के नाम भव्य श्याम संकीर्तन व भजन संध्या का आयोजन रविवार को होगा। इस दौरान उत्कर्ष अरोरा बरेली, खुशी खुशबू जयपुर की ओर से बाबा खाटू श्याम के भजनों का गुणगान किया जाएगा। यह जानकारी कमेटी के सदस्य पीयूष गोयल ने दी है।

### नगर निगम में 80 से ज्यादा नालों की सफाई बाकी

**बरेली, अमृत विचार :** नगर निगम 20 जून तक सभी नालों की सफाई कराने का दावा कर रहा है, मगर अभी तक 80 से ज्यादा नालों की सफाई होना बाकी है। कई जगह अतिक्रमण की वजह से नाले चोक हैं। लोगों को जलभराव की समस्या से जूझना पड़ रहा है ।शहर में 229 नालों की सफाई होनी है। इसकी जिम्मेदारी नगर निगम के स्वास्थ्य और निर्माण विभाग को दी गई है। इसके लिए पांच करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया जा चुका है। नगर निगम के अफसरों का दावा है कि बारिश से पहले सभी नालों की सफाई कर ली जाएगी, ताकि जलभराव की समस्या न उत्पन्न हो, लेकिन हकीकत यह है कि अभी करीब 80 से अधिक नाले चोक हैं। जिनकी सफाई 12 दिनों में की जानी है। इसमें से कई ऐसे नाले हैं, जहां पर अतिक्रमण है। सबसे गंभीर बात तो यह है कि 23 प्रमुख नाले हैं, जिससे करीब 48 वार्डों का पानी जाता है। वहां भी नाले अतिक्रमण की चपेट में हैं। इन नालों पर लोगों ने अवैध रूप से निर्माण कर लिया है, जिससे नालों की नियमित सफाई में बाधा उत्पन्न हो रही है। बाकरगंज के बड़े नाले चोक है। इससे पानी का बहाव नहीं हो पा रहा है। इसी तरह कुदेशिया फाटक तक, बाग ब्रिगटान, चौधरी मोहल्ला आदि जगहों पर भी नाले चोक हैं।

# 105 स्थानों पर अदा की ईद की नमाज

## 64 ईदगाहों और 41 मस्जिदों में पढ़ी नमाज, मांगी अमन चैन की दुआ, मुस्तैद रही पुलिस

संवाददाता, कासगंज/सोरोंजी/गंजडुंडवारा



कासगंज में ईदगाह पर नमाज अता कर अमन की दुआ करते लोग ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जनपद में ईद-उल-अजहा की नमाज 105 स्थानों पर अता की गई। इनमें 64 ईदगाहों एवं 41 मस्जिदों में नमाज पढ़ी गईं। वहीं मुल्क में अमन की दुआ की गई। ईद का पर्व उत्साह के साथ मनाया गया।

सुबह से ही मुस्लिम समाज के लोग ईदगाहों और मस्जिदों पर नमाज अता करने पहुंचे। यहां नमाज अता करने के बाद एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भी मुस्लिम समाज के लोगों को ईद की मुबारकबाद दी। ईद के बाद लोग एक दूसरे के गले मिले। जनपद में पुलिस और प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। ड्रोन कैमरों की मदद से क्षेत्र में निगरानी रखी गई। वहीं विभिन्न स्थानों पर पीएसी व पुलिस बल तैनात रहा। डीएम मेधा रूपम, एसपी अंकिता शर्मा, एएसपी राजेश भारती, तीनों सीओ सुरक्षा व्यवस्था पर नजर बनाए रखे। ईदगाहों व मस्जिदों पर भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के द्वारा ईद के मद्देनजर सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखा गया। सुबह से ही ईदगाहों एवं मुख्य मार्गों का निरीक्षण कर स्वच्छता व्यवस्था की निगरानी की। नगर को धोकर चूने से सजाया गया, जिससे लोगों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण में नमाज अदा करने का अवसर मिला।



सोरोंजी में नमाज अदा करने जाते मुस्लिम समाज के लोग। ● अमृत विचार



कासगंज में ईदगाह पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेतीं एसपी अंकिता शर्मा, ।

# सोरों जी में पेड़ पर फंदे से लटका मिला युवक का शव



मृतक धर्मेंद्र के परिजन पोस्टमार्टम गृह पर मौजूद ● अमृत विचार

संवाददाता, सोरोंजी (कासगंज)

- **गांव चंदवा पुख्ता के तालाब के पास का मामला**
- **परिजन बोले गांव के व्यक्ति से हुई थी कहासुनी**

**अमृत विचार :** सोरोंजी में शनिवार सुबह लगभग साढ़े पांच बजे एक युवक का शव पेड़ पर फंदे से लटका मिला। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य व नमूना एकत्रित किए हैं।



मृतक धर्मेंद्र।

गांव चंदवा पुख्ता निवासी 25 वर्षीय धर्मेंद्र पुत्र ब्रह्म सिंह का शव ग्रामीणों ने सुबह तालाब के पास एक पेड़ पर लटका हुआ देखा। जब जानकारी अन्य ग्रामीणों को हुई तो भीड़ एकत्रित हो गई। परिजन भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नीचे उतरवाया और पंचनामा की कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उसके भाई तीजनपाल ने बताया कि वह डीजे का काम करता था। शुक्रवार की रात्रि आठ बजे घर से बिना बताएं बाहर गया था।

इसके बाद वह वापस नहीं और सुबह उसका शव पेड़ पर लटका मिला है। उसने बताया कि शुक्रवार की दोपहर तीन बजे धर्मेंद्र की गांव के ही प्रहलाद से कहासुनी हुई थी। सोरों थाना प्रभारी जगदीश चंद्र ने बताया प्रथम दृष्टि या मामला आत्महत्या का लग रहा है। पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं परिजनों की तहरीर पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# टीमों ने किसानों को दी उन्नत कृषि संबंधी जानकारियां

संवाददाता मोहनपुरा

**अमृत विचार :** विकसित कृषि संकल्प अभियान के 10वें दिन कृषि विज्ञान केंद्र मोहनपुरा, कृषि विभाग, जिला उद्यान विभाग, पशुपालन विभाग, कॉपरेटिव, कृषि ड्रोन, फसल बीमा योजना एवं इफको की तीन टीमों ने जिले के अलग अलग विकास खंडों में कृषि संबंधित उन्नत जानकारियां दी।

अभियान के अंतर्गत विकास खंड कासगंज के गांव बेरी, ब्राहिमपुर व कुतुबपुर, सहावर विकास खंड के रोशन नगर, मीरापुर व गूंदरागंज, सिढ़पुरा विकास खंड के भऊपुरा, नाथपुर व बीकापुर गांव में टीमों ने भ्रमण किया। इस दौरान कृषि की नवीनतम तकनीकियां, प्राकृतिक खेती, पशुपालन, उर्वरक प्रबंधन, फसल अवशेष प्रबंधन, कृषि ड्रोन उद्यान की फसलों समेत केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रमुख योजनाओं के बारे में किसानों को जानकारी दी। अभियान में उप कृषि निदेशक महेंद्र सिंह और जिला कृषि अधिकारी डॉ. अवधेश मिश्र ने कृषि विभाग ने विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डाला।

कृषि विज्ञान केंद्र मोहनपुरा कासगंज के पशुपालन वैज्ञानिक डॉ. बृज विकास सिंह ने कृषि विज्ञान केंद्र की गतिविधियों एवं गर्मी में पशुओं की देखभाल और खरीफ की फसलों की समसामयिक जानकारी प्रदान की। वहीं उद्यान वैज्ञानिक डॉ. पृथ्वीपाल सिंह ने उद्यान की फसलों के बारे में चर्चा की। इफको के जिला प्रबंधक शिवम विश्नोई ने इफको के उत्पाद एवं प्रयोग विशेषकर नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया के बारे में जानकारी प्रदान की। अभियान की टीमों में जिला उद्यान अधिकारी रवि चंद्र जयसवार, सौरव तिवारी, कृषि ड्रोन से अर्चना राजपूत आदि सहित किसान एवं क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

## बरेली कॉलेज में 3400 विद्यार्थियों ने कराया पंजीकरण

**बरेली, अमृत विचारः** बरेली कॉलेज में सत्र 2025-26 के लिए स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश प्रक्रिया तेजी से चल रही है। अब तक 3400 विद्यार्थी विभिन्न संकायों में पंजीकरण करा चुके हैं। सबसे ज्यादा बीए प्रथम वर्ष में 1465 पंजीकरण हुए हैं। प्रतिदिन सैकड़ों छात्र-छात्राएं दस्तावेज सत्यापन एवं अन्य औपचारिकता पूरी करने के लिए पहुंच रहे हैं।

विज्ञान वर्ग में बीएससी (बायोलॉजी) प्रथम वर्ष में 602 छात्रों ने नामांकन कराया है, जबकि बीएससी (मैथ्स) में 224 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया है। बी कॉम 505,बीकॉम (ऑनर्स) में 173 छात्रों ने नामांकन कराया है। बीसीए में 235 और बीबीए में 196 छात्रों ने पंजीकरण कराया है। प्रवेश मेरिट के आधार पर किया जा रहा है।

# करंट की चपेट में आई मासूम, इलाज के दौरान मौत

संवाददाता कासगंज

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र अमापुर के कुचलपुर गांव में शनिवार सुबह एक हादसे में चार वर्षीय बच्ची शालिनी की करंट लगने से मौत हो गई।

घटना सुबह करीब 9 बजे की है। जब शालिनी पुत्री सुखबीर नल पर पानी भरने गई थी। नल से जुड़ी मोटर में शॉर्ट सर्किट हो जाने के कारण नल में करंट दौड़ गया। पानी भर रही शालिनी करंट की चपेट में आ गई। परिजनों ने तुरंत उसे अमापुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। यहां उसकी हालत गंभीर देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने शालिनी को मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है। परिवार ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। गांव में घटना को लेकर शोक की लहर है। स्थानीय पुलिस ने मामले की जानकारी ली है, लेकिन परिजनों की इच्छ अनुसार शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया गया।



आगजनी की घटना के बाद ग्रामीण और दमकल कर्मी आग पर काबू पाते हुए। ● अमृत विचार

### रहमतपुर माफी में शॉर्ट सर्किट से झोपड़ी में लगी आग

- **तीन बकरियों की जलकर मौत, भैंस झुलसी**
- **फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया**

**कासगंज, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र ढोलना के गांव रहमतपुर माफी में शुक्रवार रात उस समय अफरा-तफरी मच गई जब प्रेमपाल पुत्र वीरीसिंह की झोपड़ी में अचानक शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि झोपड़ी में बंधी तीन बकरियां मौके पर ही जल गईं। इस दौरान भैंस खूंटा तोड़कर बाहर भाग निकली जिससे उसकी जान बच गई, लेकिन वह एक ओर से झुलस गई है। उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार प्रेमपाल का एक घेर गांव से बाहर है। जिसमें झोपड़ी के पास लकड़ी और झाड़ियों से बनी बुर्जियां थीं। आग की लपटों ने इन बुर्जियों को भी अपनी चपेट में ले लिया और वे पूरी तरह जलकर राख हो गईं। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंच गई और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। गनीमत रही कि आग आसपास के अन्य घरों तक नहीं फैली जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। ग्रामीणों ने प्रशासन से प्रभावित परिवार को मुआवजा देने की मांग की है।

## राम वनवास की कथा सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु

**कासगंज, अमृत विचार :** अमांपुर कस्बा के श्री शीतला माता मंदिर परिसर में चल रही नौ दिवसीय श्रीराम कथा अमृत वर्षा में शुक्रवार को कथावाचक ने भगवान राम के वनवास की कथा का रसपान कराया। कथावाचक आचार्य शैलेश चतुर्वेदी ने राम वनवास व भरत मिलाप प्रसंग का वर्णन किया।

इस मौके पर हरिदत्त पालीवाल, लाला सोलंकी, सुधीर गुप्ता, हरिकिशोर मिश्रा, केशवदेव गुप्ता, रामखिलाड़ी उपाध्याय, दिनेश शाक्य, पुष्पेंद्र वर्मा, रिंकू अग्रवाल, दरवेश फौजी, मोनी गुप्ता, संजू यादव, दिवाली गुप्ता, आयुष, मोहित, सौरभ गुप्ता, राजू भेलपुरी, छोटे कश्यप, पप्पू नागर, करन सिंह, राजवीर, कमल सक्सेना, मोहनलाल, गौरव यादव, जयपाल, हरिओम साहू, रोहित पाल, वीरेंद्र शाक्य, दीपक सोलंकी, आशीष शाक्य, वीरू शाक्य, जय शाक्य, प्रदीप ठाकुर, गजेंद्र पाल, ललिता कश्यप, शिव जोशी, संजय शाक्य आदि रहे।

# बाल सुधार गृह व सखी सेंटर में कराया गया योगाभ्यास

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन की ओर से योग को जन-जन तक पहुंचाने के संकल्प के क्रम में शनिवार को एक विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह व मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अपराजिता सिंह के निर्देशन में आयुष विभाग के मास्टर ट्रेनर मृदुल कुमार गुप्ता की ओर से राजकीय बाल सुधार गृह व सखी वन स्टॉप सेंटर में बच्चों व स्टाफ के लिए कॉमन योग प्रोटोकॉल कार्यक्रम संचालित किया गया। योग सत्र में बच्चों को योग के माध्यम से मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य की महत्ता समझाई गई।



योगाभ्यास करते बच्चे। ● अमृत विचार

बालक एवं बालिकाओं ने पूरे उत्साह के साथ योगाभ्यास किया।

कार्यक्रम में विभिन्न विभागीय अधिकारी व कर्मचारी डॉ. विनय कुमार, अंतिमा तिवारी स्टाफ नर्स, दिवाकर मिश्रा, शिवम पांडे, राजीव यादव, विनय भास्कर, रूबी शर्मा, निशा, योग प्रशिक्षक स्वदेश मिश्रा तथा योग सहायक राहुल का सराहनीय सहयोग रहा। जनपद में योग की इस अलख को हर वर्ग व आयु तक पहुंचाने के लिए यह कार्यक्रम एक प्रेरणास्पद प्रयास रहा।

## हरपदी गंगा में कूदी महिला, अस्पताल में भर्ती

**कासगंज, अमृत विचार :** सोरों कस्बा में स्थित हरपदी गंगा में शुक्रवार की देर शाम करीब साढ़े छह बजे एक महिला ने छलांग लगा दी। यहां मौजूद पुजारी ने गंगा में कूदकर महिला को बाहर निकाल लिया और पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

पुलिस ने बताया कि महिला ने अपना नाम राबिया पत्नी प्रमोद कुमार निवासी कादरबाडी सोरों बताया है। उसने बताया है कि वह आपसी झगड़े के बाद तुलसी घाट पर गंगा में कूद पड़ी। पुलिस ने बताया कि महिला को गंगा में गिरता देख तुलसी स्मारक के पुजारी मानेंद्र गिरि पानी में उतर गए और महिला को बचा लिया। महिला को उपचार के लिए सोरों सीएचसी में भर्ती कराया है। साथ ही उसके परिजनों को भी घटना से अवगत कराया है।

# ऐतिहासिक धरोहरें बनाएंगी राष्ट्रीय पहचान

संवाददाता, गंजडुंडवारा

**अमृत विचारः** जनपद की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरें अब प्रदेश ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी एक नई पहचान बनाने की ओर अग्रसर हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जिले के विकास को लेकर की गई घोषणाओं के अनुश्रवण में जिला प्रशासन पूरी सक्रियता से जुटा हुआ है।

डीएम मेधा रुपम की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इसमें जिले की प्रमुख परियोजनाओं जैसे कि नदरई पुल, दरियावगंज झील और प्रस्तावित संग्रहालय के मॉडलों पर विस्तार से चर्चा की गई। संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि सोमवार तक पूरी अद्यतन रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हालिया कासगंज दौरे के दौरान नगर के प्रवेश द्वार पर स्थित ब्रिटिशकालीन झाल पुल को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने के लिए रुपये 10 करोड़ की घोषणा की।



अधिकारियों के साथ बैठक करतीं जिलाधिकारी। ● अमृत विचार

- **डीएम की बैठक में म्यूजियम नदरई पुल व दरियावगंज झील के मॉडलों पर हुई चर्चा**

गंगा नहर और काली नदी पर वर्ष 1885 से 1889 के बीच निर्मित यह पुल इंजीनियरिंग का अनूठा उदाहरण है। यह स्थल वास्तुकला में रुचि रखने वाले शोधार्थियों के लिए आकर्षण का केंद्र है। कासगंज के पटियाली क्षेत्र में स्थित दरियावगंज झील को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए 40 करोड़ की स्वीकृति दी गई है।

इस परियोजना के अंतर्गत बोटिंग, वॉटर स्पोर्ट्स और प्राकृतिक सौंदर्य को बढ़ावा देने वाली सुविधाएं विकसित की जाएंगी। जिससे क्षेत्रीय पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

### आधुनिक संग्रहालय से सजेगा कासगंज

जिले की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को संजोने के लिए विकास भवन परिसर में रुपये 12 करोड़ की लागत से एक आधुनिक संग्रहालय की स्थापना की जाएगी। यह संग्रहालय न केवल जिले की पुरातन संस्कृति को संरक्षित करेगा, बल्कि युवाओं को इतिहास से जोड़ने का भी कार्य करेगा ।संग्रहालय मे हड़प्पा काल से लेकर मौर्य व कुषाण काल तक की 1145 पुरातात्विक धरोहरें प्रदर्शित की जाएंगी ।यह शोधार्थियों एवं आने वाली पीढ़ी के लिए जनपद के विषय में जिज्ञासा रखने वालों की मदद करेगी। डीएम मेधा रुपम ने सभी परियोजनाओं की समयबद्ध प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# रुपये मांगने पर किशोर की पीटकर कर दी हत्या

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- **सिकंदरपुर वैश्य के गांव कादरगंज पुख्ता का मामला**
- **किशोर को श्मशान घाट की तरफ ले गए थे आरोपी**

**अमृत विचार :** सिकंदरपुर वैश्य में अपने रुपये मांगने पर किशोर के साथ जमकर मारपीट की गई। उपचार के लिए ले जाते समय उसकी मौत हो गई। परिजन ने 80 हजार रुपये के लिए हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। बताया जा रहा है आरोपियों ने पहले से हत्या की योजना बना रखी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

सिकंदरपुर वैश्य के गांव कादरगंज पुख्ता निवासी 16 वर्षीय साहिल पुत्र पप्पू को एक जून की शाम को हुसैन, जान मोहम्मद, मुस्लिम उसे घर से बुलाकर श्मशान घाट की तरफ ले गए। यहां उसके साथ मारपीट की। चीख पुकार सुनकर लोगों के पहुंचने पर आरोपी भाग गए।



मृतक साहिल।

साहिल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। साहिल की चोटें गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने उसे अलीगढ़ रेफर कर दिया। शुक्रवार की शाम लगभग छह बजे उसकी हालत अधिक बिगड़ने पर अलीगढ़ से परिजन आगरा निजी अस्पताल में भर्ती कराने ले गए। यहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।



मृतक के परिजन पोस्टमार्टम गृह पर मौजूद। ● अमृत विचार

परिजनों का कहना है कि आरोपियों के परिजन पर साहिल के लगभग 80 हजार रुपये आ रहे थे। रुपये मांगने पर उसकी हत्या कर दी गई है। मामले की तहरीर पुलिस को दी गई है। सिकंदरपुर वैश्य थाना प्रभारी बृजपाल ने बताया मारपीट की तहरीर में मुकदमा दर्ज है। मृतक के शव को कब्जे में लेकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## सामूहिक योगाभ्यास में क्रियाएं सीख रहे लोग

**कासगंज, अमृत विचार :** अमांपुर कस्बा में आगामी 21 जून को होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के तत्वावधान में कस्बा के बैकुंठी देवी राष्ट्रीय शिशु सदन में तीन दिवसीय सामूहिक योगाभ्यास शिविर लगाया जा रहा है।

शिविर में दूसरे दिन प्रणायाम व योग से शरीर को निरोग रखने के उपाय बताए गए। योगाभ्यास भी कराया गया। योग शिविर के दौरान प्रदेश प्रभारी पतंजलि योग समिति विपिन आर्य ने कहा कि स्वस्थ्य रहने को अपनी लाइफ स्टाइल बदलें। दिनचर्या में प्रतिदिन व्यायाम, योग और मॉर्निंग वॉक को शामिल करें। कम से कम आधा घंटा धूप में लेटे। स्वच्छ हवा, पानी का सेवन करें।

# केमिकल मिलाकर बना रहे थे रसगुल्ला

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग की टीम ने शुक्रवार की देर रात आंवला के गुड़गावां मुस्तकिल गांव में दुग्ध इकाई के अवैध रूप से संचालन की शिकायत पर छापा मारा तो टीम के होश उड़ गए। यहां स्टार्च और केमिकल का उपयोग कर रसगुल्ले बनाए जा रहे थे। टीम ने इकाई को सील कर दिया। सिरौली थाने में फैक्ट्री मालिक राम निवास के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है।

विभागीय टीम ने जब इकाई का भ्रमण किया तो यहां भारी मात्रा में स्टार्च, केमिकल, तैयार रसगुल्ले समेत अन्य खाद्य पदार्थ भी मिले। इन्हें टीम के सदस्यों ने फौरन नष्ट कर दिया। हैरत की बात तो ये सामने आई कि सालों से चल रहे गोरखधंधे की भनक विभाग को शिकायत मिलने के बाद लगी, वहीं जिस इकाई में मिलावटी जहर बनाया जा रहा था, इसका न तो पंजीयन है और न ही कोई लाइसेंस विभाग से लिया। दुग्ध फैक्ट्री में भगवान सिंह नाम का युवक मौजूद मिला। खुद को कर्मचारी और इकाई के मालिक का नाम राम निवास पुत्र राम सिंह निवासी गुड़गांवा मुस्तकिल, थाना सिरौली बताया है। मौके से भंडारण में छेना मिठाई और छेना आदि में मिलावट के संदेह पर नमूने भरे गए।

### तीन खाद्य पदार्थों के सैंपल लेकर प्रयोगशाला भेजे

विभागीय टीम के अनुसार मौके पर तैयार मिठाई को नष्ट कराने के साथ ही अग्रिम कार्रवाई के लिए रसगुल्ला, छेना और स्टार्च का नमूना लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। प्रथमदृष्टया ही ये पदार्थ अधो मानक लग रहे हैं। हालांकि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल निर्माण इकाई को सील कर दिया गया है।

"आंवला में अवैध रूप से दुग्ध निर्माण इकाई संचालन की शिकायत मिली थी। इसके तहत टीम ने मौके पर पहुंचकर छापा मारा। अनियमितताएं मिलने पर इकाई को सील कर वहां बन रहे खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए भेजे हैं। दुग्ध फैक्ट्री संचालक के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई गई है।
-**अक्षय गोयल**, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी।

## पार्कों में लड़कियों को निशाना बना रहे लड़के

**बरेली, अमृत विचार :** कुछ लड़के शहर के पार्कों में जाकर लड़कियों को परेशान कर रहे हैं। उनके वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर रहे हैं। एक्स पर बरेली पुलिस और आईजी बरेली से इसकी शिकायत हिमांशु पटेल ने की है। पुलिस को कुछ वीडियो भी भेजे हैं, जिनमें कुछ लोग लड़कियों से उनका नाम पता पूछ रहे हैं और धमका रहे हैं।

हिमांशु पटेल ने एक्स पर शिकायत की है। उन्होंने कहा कि गांधी उद्यान में कुछ लड़के खुद को हैदरी दल का पदाधिकारी बताते हैं। पार्कों में जाकर अपने समुदाय की लड़कियों को परेशान करते हैं। यदि कोई लड़का लड़की के साथ मिलता है तो उसे धमकाते हैं। लड़कियों से उनका नाम पता पूछते हैं और वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर रहे हैं, जिससे लड़कियों की बदनामी हो रही है। हिंमाशु पटेल ने पुलिस अधिकारियों से पूछा कि आखिर इन लोगों को यह हक किसने दिया है। बताया कि वायरल वीडियो में हैदरी दल के कुछ युवक अकेली लड़कियों को भी परेशान कर रहे हैं। उनसे हिजाब पहनने को मना कर रहे हैं।

# राजेंद्रनगर में चल रहा था जिस्मफरोशी का धंधा, महिला संचालक समेत 4 गिरफ्तार

## प्रेमनगर पुलिस ने मारा छापा, मौके से मिलीं आपत्तिजनक वस्तुएं और तीन मोबाइल

- कोर्ट में पेश करने के बाद सभी को भेजा गया जेल

कार्यालय संवाददाता, बरेली



प्रेमनगर पुलिस की गिरफ्त में जिस्मफरोशी धंधा करने के आरोपी। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** शहर की पॉश कालोनी राजेंद्रनगर के मकान में जिस्मफरोशी का धंधा पकड़ा गया है। सीओ प्रथम और प्रेमनगर थाना पुलिस ने महिला टीम के साथ छापा मारकर महिला संचालक समेत 4 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। मकान से बड़ी मात्रा में आपत्तिजनक वस्तुएं बरामद हुईं। आरोपियों के खिलाफ अनैतिक देह व्यापार अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। कोर्ट में पेश करने के बाद सभी को जेल भेज दिया गया।

सीओ प्रथम आशुतोष शिवम ने बताया कि शनिवार को मुखबिर ने सूचना दी कि राजेंद्र नगर में निजी स्कूल वाली गली में मकान नंबर बी-9 में जिस्मफरोशी का धंधा चल रहा है। मकान में रहने वाली मनजीत कौर किशोरियों और युवतियों को जिस्मफरोशी के धंधे के लिए प्रेरित कर रही है। वह कमरा, बिस्तर आदि उपलब्ध कराकर लड़कों को बुलाती है। सीओ के निर्देश पर थाने के एसआई जगदीश चंद्र जोशी, एसआई वर्षा राघव, कांस्टेबल श्वेता, शिवी, प्रवीण कुमार व अन्य पुलिस कर्मियों ने मकान में छापा मारा। टीम ने मकान में मौजूद मनजीत कौर, नन्हीं पत्नी जीतराम निवासिनी चेना ठिरिया थाना नबावगंज, मोहम्मद सोहेल पुत्र मोहम्मद यासीन निवासी अधकटा मोहल्ला रब्बानी थाना नवाबगंज और सुमित सागर पुत्र विजेंद्र पाल निवासी सुर्खा बानखाना प्रेमनगर को गिरफ्तार कर लिया। सीओ आशुतोष शिवम ने बताया कि सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### 500 से 1000 रुपये में देती थी कमरा

सीओ आशुतोष शिवम के अनुसार पूछताछ में मनजीत कौर ने बताया कि वह उसी मकान में रहती है। उसके साथ पकड़े गए अन्य लोग भी उसके अनुसार काम करते हैं। वह लड़कों को पांच सौ से 1000 रुपये तक में कमरा देती है। वहीं यदि कोई लड़की बुलवाता है तो उसका चार्ज वह अलग लेती है। वहीं नन्हीं, सोहेल, सुमित ने बताया कि मनजीत कौर के कहने पर वे लोग ये धंधा करते हैं। वह ग्राहकों को लेकर आते हैं, जो भी मिलता है, आपस में बांट लेते हैं। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में आपत्तिजनक सामग्री, तीन मोबाइल फोन और 1350 रुपये बरामद किए हैं।

## रेल पटरियों की निगरानी के लिए लगेंगे कैमरे

**बरेली, अमृत विचार :** रेल पटरियों की निगरानी के लिए बरेली जंक्शन यार्ड क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, जिससे सुरक्षा को और मजबूत किया जा सके। इसके लिए सर्वे का कार्य शुरू हो गया है।

यार्ड के अंदर आने-जाने वाली ट्रेनों की निगरानी और पटरियों की सुरक्षा व्यवस्था को डिजिटल निगरानी तंत्र से जोड़ा जाएगा। इसके लिए इंजीनियरिंग विभाग, आरएनटी (रेलनेट टीम) और आरपीएफ (रेलवे सुरक्षा बल) को संयुक्त रूप से सर्वेक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। ये टीमें यह तय कर रही हैं कि कैमरे किस-किस स्थान पर लगाए जाएं, जिससे अधिकतम क्षेत्र की निगरानी की जा सके।

बरेली जंक्शन यार्ड में रोजाना सैकड़ों की संख्या में ट्रेनों की आवाजाही है, यहां कई तकनीकी और लॉजिस्टिक कार्य भी होते हैं। ऐसे में यार्ड में किसी तरह की संदिग्ध गतिविधि, छेड़छाड़ या सुरक्षा में सेंध की आशंका हमेशा बनी रहती है। इन्हें रोकने के लिए डिजिटल निगरानी का विकल्प चुना गया है। इनमें ऐसे स्थानों को चुना जा रहा है, जो ब्लाइंड स्पॉट में आते हैं।

# डिप्टी सीएम की फटकार पर भी नहीं बदला जिला अस्पताल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** निरीक्षण के दौरान जिला अस्पताल में खामियां मिलने पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने फटकार लगाई थी, इसके बावजूद शनिवार को अस्पताल में व्यवस्थाओं में सुधार नहीं दिखा। डिप्टी सीएम ने सख्त निर्देश दिए थे कि शनिवार से व्यवस्थाएं ठीक कर लें। इमरजेंसी वार्ड के मरीजों को ही तकिया मिले, लेकिन हार्ट वार्ड, फीमेल मेडिकल समेत अन्य किसी भी वार्ड में मरीजों के बेड पर तकिया नजर नहीं आए। अमृत विचार ने शनिवार को अस्पताल की व्यवस्थाओं की पड़ताल की तो समस्याएं वैसी ही मिलीं।

**मरीजों को घर से लाने पड़ रहे तकिया, बच्चे भी परेशान**

हैरत की बात तो ये है कि अस्पताल की ओर से मरीजों को तकिया न मिलने पर मरीजों के आराम को देखते हुए तीमारदार घर से तकिया लेकर आए हैं। हालांकि अन्य सभी चीजें अस्पताल मुहैया करा रहा है। बड़े ही नहीं बच्चा वार्ड में इन दिनों सर्वाधिक मरीज भर्ती हैं, लेकिन एक भी बच्चे के बेड पर तकिया शनिवार को नजर नहीं आया।

> 6 माह पूर्व ही 200 से अधिक तकिया मरीजों को देने के लिए मंगाए गए थे, हर वार्ड में 20-20 तकिया भिजवाए गए थे, लेकिन स्टाफ की लापरवाही से मरीजों को ये नहीं दिए गए हैं। हालांकि अब सभी वार्ड प्रभारियों को कड़ी चेतावनी दी गई है। वहीं लैब में तारों को व्यवस्थित कराने के लिए भी कहा गया है।
>
> – डॉ. अलका शर्मा, एडीएसआईसी, जिला अस्पताल।

### लैब का हाल पुराने ढर्रे पर

डिप्टी सीएम ने जन औषधि केंद्र का उद्घाटन करने के बाद पैथोलॉजी लैब का जायजा लिया था, यहां मरीजों के पर्चा दर्ज करने वाले कम्प्यूटर के पास ही साबुन रखा हुआ था वहीं तार भी अव्यवस्थित थे। इस पर डिप्टी सीएम ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की थी, लेकिन शनिवार को साबुन जरूर उस स्थान से हटा लिया गया है जबकि तार अभी भी उसी तरह अव्यवस्थित हैं।

# बरेली में होगी पार्किंग व्यवस्था

- नगर आयुक्त की अध्यक्षता में बनाई गई 12 सदस्यीय समिति
- तीन माह में पार्किंग स्पॉट चिन्हित करके शासन को भेजी रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** वाहनों की संख्या के हिसाब से पार्किंग की व्यवस्था न होने के कारण जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। इससे निजात दिलाने के लिए नई गाइड लाइन के अनुसार नगर निगम ने निजी फर्मों के सहयोग से पार्किंग व्यवस्था सुधारने की योजना बनाई है। इसके तहत नगर निगम द्वारा 12 सदस्यीय समिति गठित की गई है। जो शहर की प्रमुख जगहों पर पार्किंग स्पॉट चिन्हित कर निजी कंपनियों के साथ मिलकर उन्हें विकसित करने का काम करेगी। समिति तीन माह के भीतर तकनीकी, वित्तीय और कानूनी पहलुओं पर रिपोर्ट तैयार करके शासन को भेजेगी।

शहरवासियों को सुगम और व्यवस्थित पार्किंग सुविधा मिल सके। इसके लिए निजी फर्मों को पार्किंग स्थल विकसित करने, शुल्क निर्धारण और निगरानी की जिम्मेदारी देने का खाका तैयार किया जा रहा है। इसको लेकर नगर आयुक्त की अध्यक्षता में गठित समिति बाजार, बस स्टैंड, अस्पतालों और सार्वजनिक स्थलों के पास पार्किंग विकसित करने लिए भूमि चिन्हित कर रही है। इसमें रात में गाड़ियों के लिए पार्किंग की जगह बनाई जाएगी और फ्लाईओवर के नीचे पार्किंग की सुविधा भी देने की योजना है। इसको लेकर नगर विकास विभाग ने नगर निगम की जमीन सहित अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी मांगी है। आने वाले समय में शहर में पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल के तहत पार्किंग की सुविधा विकसित करने के लिए लाइसेंस जारी किए जाएंगे। इसके शुल्क निर्धारण और निगरानी की जिम्मेदारी नगर निगम की होगी।

### चार मल्टी लेवल पार्किंग, दो जगह पर शुरू

स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में करीब 16 करोड़ की लागत से चार मल्टी लेवल पार्किंग का निर्माण कराया गया है। इसमें गांधी उद्यान और मोती पार्क के पास ही पार्किंग शुरू हो पाई है, जबकि संजय कम्युनिटी हाल परिसर और डीडीपुरम फूड कोर्ट के पास बनी पार्किंग नहीं शुरू हो पाई। इन जगहों पर 84 कारें खड़ी करने की सुविधा है।

> शहर के कई वार्डों में लोगों ने खाली प्लॉट की बाउंड्री निर्माण करा रखा है। यहां पर निजी तौर पर पार्किंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है, लेकिन नगर निगम के रिकार्ड में इनके बारे में कोई जानकारी नहीं है। स्टैंड चलाने वाले वाहन स्वामियों से प्रतिदिन और माह के हिसाब से रुपये वसूल कर रहे हैं। समिति का गठन कर लिया गया है। भूमि सहित अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी जा रही है। इसके बाद रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेजा जाना है।
>
> –संजीव कुमार मौर्य, नगर आयुक्त

## स्टेशनों पर रेल नीर की जगह बिक रहा लोकल ब्रांड का पानी

- रेलवे मदद एप पर यात्रियों ने की शिकायत, सीएमआई को जांच के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** स्टेशनों पर रेल मंत्रालय की ओर से रेल नीर ब्रांड के पानी की बिक्री अनिवार्य की गई है, लेकिन बरेली जंक्शन समेत कई स्टेशनों पर वेंडर रेल नीर की जगह लोकल ब्रांड के पानी की बोतलें बेच रहे हैं। इसकी कीमत न केवल अधिक है बल्कि गुणवत्ता को लेकर भी संदेह बना है। यात्रियों के अनुसार जहां रेल नीर की कीमत 15 रुपये है, वहीं वेंडर 20 रुपये में लोकल ब्रांड की पानी की बोतलें थमा रहे हैं। रेल नीर स्टॉल पर उपलब्ध होते हुए भी वेंडर उन्हें छिपा कर रखते हैं और यात्रियों को बताते हैं कि रेल नीर खत्म हो चुका है। कई यात्रियों ने इसकी शिकायत रेल मदद एप पर की है। रेलवे ने मामले में सीएमआई को जांच के निर्देश दिए हैं।

राहुल नाम के व्यक्ति को शाहजहांपुर स्टेशन के प्लेटफार्म एक पर दुकानदार ने लोकल पानी की बोतल 20 रुपये में दी गई। व्यक्ति की ओर से रेल मदद एप पर शिकायत के बाद उत्तर रेलवे ने शाहजहांपुर सीएमआई को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। वहीं, दिल्ली जा रहे यात्री सूर्य प्रताप सिंह ने शिकायत की है कि आईआरसीटीसी वेंडर ने ट्रेन में लोकल पानी 20 रुपये में बेचा। मामले में रेल अफसरों ने कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। उत्तर रेलवे के अधिकारियों के अनुसार सीएमआई को बरेली जंक्शन पर जांच के निर्देश दिए गए हैं। रेल नीर के अलावा किसी भी वेंडर पर अन्य कंपनी का पानी मिलने पर स्टॉल को सीज किया जाएगा।

# कई घंटे की देरी से पहुंचेंगी कई ट्रेनें

- बरेली जंक्शन पर करीब 15 ट्रेनों के देरी से पहुंचने से यात्री रहे परेशान
- 15 ट्रेनों में नौ स्पेशल ट्रेनें निर्धारित समय से कई घंटे की देरी से पहुंचीं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** यात्रीगण कृपया ध्यान दें! आपकी ट्रेन अपने निर्धारित समय से कई घंटे देरी से बरेली जंक्शन पर पहुंचेगी। असुविधा के लिए खेद है। उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मंडल के बरेली जंक्शन पर ये अनाउंसमेंट अब यात्रियों के लिए सामान्य बात हो गई है। बरेली जंक्शन पर शनिवार को करीब 15 ट्रेनें देरी से पहुंचने पर यात्रियों का सब्र जवाब दे गया। अधिकांश यात्री जो अकेले थे, उन्होंने रेल की जगह रोडवेज और निजी परिवहन को प्राथमिकता दी, जबकि वे यात्री जो परिवार के साथ थे, उन्होंने जंक्शन परिसर में रहकर ही इंतजार किया।

रेलवे की ओर से जारी जानकारी के अनुसार 15 ट्रेनों में नौ ट्रेनें स्पेशल और छह नियमित ट्रेनें घंटों देरी से चल रही हैं। स्पेशल ट्रेनों में अप लाइन की 04503 चंडीगढ़ स्पेशल सात घंटे, 04021 नई दिल्ली छह घंटे, 04025 दिल्ली स्पेशल पांच घंटा 30 मिनट, 03223 हरिद्वार स्पेशल 17 घंटे, 03311 चंडीगढ़ स्पेशल दो घंटा 30 मिनट देरी से बरेली जंक्शन पहुंची। वहीं, डाउन लाइन की 03224 राजगीर स्पेशल दस घंटे, 04030 मुजफ्फरपुर स्पेशल तीन घंटा 30 मिनट, 04210 लखनऊ स्पेशल तीन घंट, 04606 गुवाहटी स्पेशल 5 घंटा 45 मिनट देरी से पहुंचेगी। नियमित ट्रेनों में 13151 जम्मूतवी सियालदह एक्सप्रेस एक घंटा 20 मिनट, 22453 मेरठ सिटी राज्यरानी सुपरफास्ट एक्सप्रेस एक घंटा, 22551 जालंधर सिटी अंत्योदय एक्सप्रेस एक घंटा देरी से पहुंची। 15910 डिबरुगढ़ अवध आवास एक्सप्रेस पांच घंटे देरी से बरेली जंक्शन पहुंची। रोजा स्टेशन पर सूख रही पानी की टंकी की शिकायत एक युवक की ओर से रेल मदद एप पर करने के मामले में करीब दो घंटे बाद स्टेशन पर टंकी को बदल दिया गया है।

### ऋषिकेश में ऑटोमेटिक वेंडिंग मशीन से खरीदा टिकट, पैसे कट गए, लेकिन नहीं मिला टिकट

ओम राजपूत नामक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसने योगनगरी ऋषिकेश से बरेली जंक्शन के लिए ऑटोमेटिक वेंडिंग मशीन से टिकट खरीदने के लिए यूपीआई के जरिये लेन-देन किया। आरोप है कि खाते से पैसे कट जाने के बाद भी उन्हें टिकट नहीं मिला। हालांकि बाद में उन्होंने कैश से टिकट खरीदकर अपनी यात्रा को पूरी की।

# पीडीए पंचायत के सहारे चुनावी वैतरणी पार करेगी सपा

- दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यकों और पीड़ित अगड़ों को साधेंगे
- विधानसभा चुनाव जीतने को संगठन की मजबूती पर जोर

अनुपम सिंह, बरेली

**अमृत विचार :** विधानसभा चुनाव में अभी भले ही वक्त हो, मगर समाजवादी पार्टी मिशन 2027 को लेकर तैयारियों में जुट गई है। लगातार हो रही पीडीए पंचायतें इसी रणनीति का हिस्सा मानी जा रही हैं। पार्टी ने जोन और सेक्टर के बाद अब प्रत्येक ग्राम पंचायतों तक पहुंचने के लिए योजना तैयार की है। अगले तीन महीने में सभी ग्राम पंचायतों को पीडीए पंचायत के जरिये भेदने की पूरी तैयारी कर ली गई है।।

दरअसल, लोकसभा चुनाव 2024 में पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव की पीडीए रणनीति का लाभ नतीजों से साफ दिखा। इसके पीछे पार्टी के पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यकों) को साथ लेकर चलने की वजह मान रहे हैं। सियासी रणनीतिकारों की मानें तो लोकसभा चुनाव के नतीजों से उत्साहित पार्टी हाईकमान का पीडीए पंचायतों पर ज्यादा जोर है। संगठन की ओर से जोन और सेक्टरवार पीडीए पंचायतें पिछले तीन माह से लगातार की जा रहीं हैं। अनुमानित तौर पर पूरे जिले में अब तक पांच सौ से ज्यादा पीडीए पंचायतें की जा चुकी हैं। इनके जरिये पार्टी बड़ी संख्या में लोगों तक अपनी बात पहुंचाने में कामयाब रही है। संगठन ने इसी कड़ी में प्रत्येक ग्राम पंचायत में पीडीए पंचायत करने की योजना बनाई है। तीन माह का लक्ष्य का रखा है। रोज 15 से 20 पीडीए पंचायतें अलग-अलग ग्राम पंचायतों की जाएंगी।

**कमजोर प्रदर्शन वाली सीटों पर हर माह 100 पीडीए पंचायत का लक्ष्य :** लोकसभा चुनाव 2024 में जिन सीटों पर समाजवादी पार्टी का प्रदर्शन कमजोर रहा, वहां पर पार्टी को मजबूत करने के लिए प्रभारी नियुक्त किए गए हैं।

### आपसी अंर्तकलह को थामने की बड़ी चुनौती

पार्टी में स्थानीय स्तर पर आपसी अंर्तकलह भी है, जो कई बार सार्वजनिक भी हो चुकी है। हाल ही में प्रभारी की मौजूदगी में पार्टी कार्यालय पर समीक्षा बैठक के दौरान महासचिव की गैर मौजूदगी का मामला उठा। वे कई सालों से बैठकों में आते नहीं है, इससे पहले भी लखनऊ में पार्टी कार्यालय पर हुए कार्यक्रम में नहीं जाने पर कुछ पदाधिकारियों ने सोशल साइट्स पर गुटबाजी को सार्वजनिक किया था। कई मामले हाल के दिनों में सामने आए हैं। एक विधायक और टिकट की दावेदारी करने वाले एक नेता के बीच जुबानी जंग भी सार्वजनिक है। ऐसे में इन मामलों के बीच एकजुटता जरूरी है और आपसी अंर्तकलह थामने की एक बड़ी चुनौती है।

> तीन माह में जोन, सेक्टरवार 500 से ज्यादा पीडीए पंचायतें हो चुकी हैं। तीन माह में सभी ग्राम पंचायतों में पीडीए पंचायतें कराना है। 11 जून को इसका खाका तैयार करते हुए पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। पीडीए पंचायतें ही चुनाव जीतने का आधार बनेंगी।
>
> –शिवचरन कश्यप, जिलाध्यक्ष सपा

## 2.53 लाख की नहीं बनी फार्मर रजिस्ट्री, सम्मान निधि पर असमंजस

**बरेली, अमृत विचार :** किसानों की फार्मर रजिस्ट्री के मामले में प्रदेश में जिले की स्थिति भले ही ठीक हो, लेकिन किसान सम्मान निधि की 20 वीं किस्त को लेकर असमंजस है, क्योंकि अगर 20 जून को किसान सम्मान निधि आती है तो फार्मर रजिस्ट्री न बनवा पाने वाले किसानों को इसका लाभ मिलेगा या नहीं, इस पर अधिकारी कुछ स्पष्ट नहीं कह पा रहे हैं।

आंकड़ों के अनुसार जिले में 47 फीसदी किसानों की फार्मर रजिस्ट्री का कार्य पूरा नहीं हुआ है। मोबाइल पर ओटीपी नहीं आ रहा तो किसी के आधार कार्ड में त्रुटि है। 20 जून को सम्मान निधि की 20 वीं किस्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जारी करेंगे। ऐसे में किसानों से अपील की गई है कि वे जनसेवा केंद्रों के माध्यम से जल्द से जल्द फार्मर रजिस्ट्री करवा लें। जिले में 5.45 लाख किसान सम्मान निधि के लिए पोर्टल पर पंजीकृत हैं। इनमें 2.53 लाख किसानों की फार्मर रजिस्ट्री का कार्य अधूरा है। उप कृषि निदेशक अभिनंदन सिंह बताते हैं कि किसान त्रुटि सही कराकर जनसेवा केंद्र से फार्मर रजिस्ट्री कार्य करा सकते हैं। अपील की आधार कार्ड पर लिखे नाम के आधार पर खतौनी में संशोधन कराकर फार्मर रजिस्ट्री के लिए किसान आवेदन करें।

**किसानों से किया संवाद**

**बरेली, अमृत विचार :** केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ अशोक कुमार तिवारी के निर्देशन व नोडल आफिसर डॉ. एमपी सागर के समन्वय में वैज्ञानिकों की तीन टीमों ने पीलीभीत के दो विकासखंड बीसलपुर व बरखेड़ा के नौ गांवों में किसानों को जागरूक किया।

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रा.वि. भीकमपुर वि.क्षे. समरेर (बदायूँ) की कृषि योग्य भूमि को एक वर्ष (01.07.2025 से 30.06.2026) के लिए किराये पर देने हेतु दिनांक 10.06.2025 को 11:00 बजे प्रा.वि. भीकमपुर वि.क्षे. समरेर (बदायूँ) के परिसर में खुली बोली द्वारा नीलामी की जाएगी। इच्छुक व्यक्ति नियत दिनांक समय व स्थान पर उपस्थित होकर नीलामी में प्रतिभाग कर सकते हैं।

प्र.अ.
प्रा.वि. भीकमपुर
वि.क्षे. समरेर (बदायूँ)

## इंटरनेट पर सतर्कता को बनाएं आदत संदिग्ध गतिविधि को न करें नजरअंदाज

- चैंबर की महिला कमेटी की ओर से बरेली क्लब में कार्यशाला आयोजित
- लेब ग्रोन डायमंड, साइबर अपराध, सुरक्षा, बैंकिंग जागरूकता पर हुई चर्चा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सेंट्रल यूपी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री वेलफेयर एसोसिएशन की महिला कमेटी की ओर से समसामयिक मुद्दों को लेकर कार्यशाला का आयोजन बरेली क्लब में हुआ, जिसमें लेब ग्रोन डायमंड, साइबर अपराध से सुरक्षा, बैंकिंग जागरूकता और शेयर बाजार में निवेश के अवसरों पर चर्चा हुई।

साइबर एक्सपर्ट शालू यादव ने महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि वे इंटरनेट पर सतर्कता को अपनी आदत बनाएं। किसी भी संदिग्ध गतिविधि को नजरअंदाज न करें। बैंकिंग सत्र में दीपिका ने महिलाओं को खातों की सुरक्षा, अलग-अलग तरह की बचत योजनाओं और डिजिटल बैंकिंग के फायदे बताए। शेयर बाजार पर भी सत्र हुआ। इस दौरान निवेश सलाहकार राजीव सिंघल ने महिलाओं को शेयर बाजार के मूल सिद्धांत, जोखिम प्रबंधन, लंबी अवधि के लाभों के बारे में जानकारी दी।

महिला कमेटी की चेयरमैन अमिता अग्रवाल ने कहा कि आज की महिलाएं सिर्फ घर में ही नहीं बल्कि समाज, बाजार और डिजिटल दुनिया में भी सक्रिय भागीदारी निभा रही हैं। यह कार्यशाला उन्हें इन सभी क्षेत्रों की समझ और आत्मविश्वास दिलाने की दिशा में एक अच्छी पहल है। लेब ग्रोन डायमंड सत्र का संचालन करते हुए निधि अग्रवाल ने बताया कि किस प्रकार ये डायमंड पर्यावरण के अनुकूल हैं। नैतिक रूप से निर्मित हैं और पारंपरिक हीरों की तरह ही मूल्यवान होते हैं। अन्य महिलाओं ने उनकी ओर से प्रस्तुत किए गए आभूषणों को देखा और कई तकनीकी सवाल पूछे, जिसके जवाब दिए गए। इसके बाद साइबर क्राइम और डिजिटल सुरक्षा पर विशेष सत्र हुआ। इस दौरान संगीता अग्रवाल, संगीता कटरू, नीलू मेहदीरत्ता, निधि, सुरभि अग्रवाल, अंबुज गुप्ता आदि ने कहा कि, इस तरह के आयोजनों से आत्मविश्वास और प्रेरणा मिलती है।

**पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय नं. 2 ओ.सी.एफ. शाहजहांपुर-242001**
दूरभाष : 05842-297715, 05842-297714

**केन्द्रीय विद्यालय नं. 2 ओ.सी.एफ. शाहजहाँपुर में सत्र 2025-26 हेतु सेवाओं तथा वस्तुओं की आपूर्ति हेतु फर्मों के पंजीयन हेतु सूचना**

पंजीकृत तथा प्रतिष्ठित फर्मो से निम्नलिखित कार्यो/आपूर्ति हेतु जी.एस.टी./सर्विस टैक्स पंजीयन तथा आयकर प्रपत्रों की छायाप्रतियों सहित आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं :-

1. विद्यालय में होने वाले विभिन्न समारोहों हेतु टैन्ट से सम्बन्धित सामान, फर्नीचर, टी.वी स्क्रीन, लाइट इत्यादि का प्रबन्ध।
2. विद्यालय के विद्यार्थियों को विविध स्थानों पर आने जाने हेतु यातायात की सुविधा हेतु बस, टैक्सी इत्यादि की सुविधा।
3. विद्यालय कैंटीन किराए पर चलाने एवं विभिन्न कार्यो हेतु पंजीकरण।

फर्मो से अनुरोध है कि 23.08.2025 तक विद्यालय की वेबसाइट https://no2shahjahanpur.kvs.ac.in/ पर उपलब्ध प्रारूप में पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन पत्र वांछित संलग्नकों की छायाप्रतियों के साथ केवल डाक द्वारा इस कार्यालय को प्रेषित करें।

प्राचार्य

**पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पीलीभीत**
टनकपुर रोड, निकट जिला अस्पताल पीलीभीत (उ.प्र.)
ई-मेल : kvpilibhit2008@gmail.com दूरभाष : 05882-253319

**कक्षा-1 में रिक्त सीट पर प्रवेश हेतु पंजीकरण (सत्र 2025-26)**

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पीलीभीत में कक्षा-1 में प्रवेश हेतु केवल 1 (एक) सीट रिक्त है। इच्छुक अभिभावक दिनांक 09.06.2025 से 18.06.2025 तक सभी कार्यदिवसों में (प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 1 बजे तक) विद्यालय में ऑफलाइन माध्यम द्वारा पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकरण फॉर्म एवं अधिक जानकारी हेतु विद्यालय की वेबसाइट https://pilibhit.kvs.ac.in देखें।

प्राचार्य

**कार्यालय उपजिलाधिकारी दातागंज**

पत्रांक– 1146 /रा0नि0(का0)2025 **विज्ञप्ति** दिनांक– 31.05.2025

एतदद्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि तहसील दातागंज के अन्तर्गत ग्रामों में स्थित तालाबों का मत्सय पालन दस वर्षीय पटटा आवंटन हेतु तहसील मुख्यालय दातागंज (बदायूं) के सभागार में दिनांक 12.06.2025 को नीलामी शिविर का आयोजन किया जायेगा। अतः इच्छुक पात्र व्यक्ति नियत दिनांक व स्थान पर प्रातः 11:00 बजे उपस्थित हों, मछुआ समुदाय, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के पात्र व्यक्ति वरीयता क्रम में लिये जायेंगें। उक्त नीलामी नीलामकर्ता अधिकारी, नायब तहसीलदार दातागंज (बदायूं) की उपस्थिति में की जायेगी। विस्तृत जानकारी हेतु अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में उपस्थित होकर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

आवंटन हेतु तालाब का विवरण–

| क्रमांक | ग्राम का नाम | गाटा सं0 | क्षेत्रफल | क्रमांक | ग्राम का नाम | गाटा सं0 | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | मिर्जापुर बिचोला | 40 | 0.974 | 16 | पड़ेली बझेड़ा | 243 | 0.556 |
| | | 52 | 0.266 | | | 163 | 0.531 |
| | | 84 | 0.443 | | | 158 | 0.658 |
| | | 107 | 0.228 | | | 164 | 0.405 |
| 2 | कढ़ेका | 132 | 0.519 | | | 241 | 0.126 |
| | | 65 | 0.632 | | | 242 | 0.266 |
| 3 | नाथपुर अंगदराय | 77 | 0.519 | | | 244 | 0.190 |
| 4 | बघौरा उर्फ घौसगंज | 37 | 1.189 | 17 | मैरी बजर मैरी | 4 | 0.847 |
| 5 | अठर्रा कुनिया | 279 | 2.719 | | | 13 | 0.329 |
| 6 | मलूकपुर | 327मि0 | 0.998 | | | 8 | 2.352 |
| 7 | कालाकूड़ा | 130 | 1.075 | | | 2ख | 1.846 |
| | | 209/768 | 0.101 | | | 7 | 0.923 |
| | | 378 | 0.215 | | | 9क | 2.478 |
| 8 | लभारी | 424,180,185 | 0.784,0.443,0.405 | | | 3मि | 0.556 |
| 9 | बिलहरी | 407 | 0.683 | | | 3मि0 | 0.557 |
| 10 | म्यारी | 92मि | 0.253 | | | 12 | 0.999 |
| 11 | विशुनपुरी | 64 | 0.455 | | | 19 | 0.582 |
| | | 115 | 0.266 | | | 2 | 0.809 |
| 12 | ललोमई | 264 | 0.304 | 18 | गढ़िया हरदोपटटी | 260 | 0.544 |
| | | 497 | 0.936 | | | 262 | 0.253 |
| 13 | अलापुर पटटी नन्दू | 111 | 0.228 | 19 | मौजमनगर | 63मि0 | 0.657 |
| 14 | घिलौर | 599 | 2.101 | 20 | रिजोला चा0 2बड़ी | 817व | 0.835 |
| 15 | बछेली दारानगर | 1000 | 0.038 | | | 817क,817स | 0.025,0.025 |
| | | 988मि0 | 0.228 | 21 | कोड़ा जयकरन | 98मि0 | 0.519 |

नीलामी की प्रकिया में भाग लेने की पात्रता एवं शर्तें–

1–नीलामी प्रक्रिया में बोली बोलने वाले की पात्रता एवं शर्ते उ0प्र0 राजस्व संहिता 2006 की नियमावली 2016 के नियम 57 धारा 61 में दिये गये प्रावधानों के अनुसार होंगी। अन्य शर्ते कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

2–न्यूनतमबोली रु0 5000/–रु0 प्रति हे0 होगी।

UP-234758 दिनांक 06.06.2025 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

उपजिलाधिकारी
दातागंज

# लाभ के बाद भी बिजली कंपनियों का निजीकरण क्यों: उपभोक्ता परिषद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने सवाल उठाते हुए कहा कि लाभ के बाद भी आखिर बिजली कंपनियों का निजीकरण क्यों किया जा रहा है। परिषद ने कहा कि स्मार्ट मीटर से पावर कॉरपोरेशन को 1500 करोड़ का फायदा तय है।

परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि चंडीगढ़ में ऊर्जा मंत्रियों के सम्मेलन में ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने अगस्त 2025 तक सभी के घरों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लग जाने की बात कही है। बिजली कंपनियों ने नियामक आयोग को दिये गये प्रस्ताव में 40 रुपये प्रति उपभोक्ता से हर साल वसूलने की बात कही है। तीन करोड़ उपभोक्ताओं से बिजली कंपनियों को लगभग 120 करोड़ का लाभ हर महीने होगा। यह साल में लगभग 1500 करोड़ हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी बिजली कंपनियों पर आरडीएसएस योजना के तहत 43,454 करोड़ व बिजनेस प्लान के तहत लगभग 5000 करोड़ का खर्च हो रहा है।

## भीषण गर्मी में तय शेड्यूल से दी गई ज्यादा बिजली

**लखनऊ,अमृत विचार:** अप्रैल और मई 2025 में जब पूरा प्रदेश भीषण गर्मी और लू की चपेट में था, तब योगी सरकार ने बिजली आपूर्ति को लेकर मिसाल पेश की। जिला मुख्यालयों में लगभग 24 घंटे आपूर्ति सुनिश्चित की गई, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे से अधिक और तहसील मुख्यालयों में 21.30 घंटे से अधिक आपूर्ति हुई।

अप्रैल और मई में यूपी की चारों प्रमुख डिस्कॉम इकाइयों के साथ-साथ केस्को के तहत बिजली आपूर्ति के आंकड़े इस बात की गवाही देते हैं कि प्रदेश सरकार ने हर स्तर पर पूरी तैयारी कर रखी थी।


# निजीकरण : संघर्ष समिति ने पावर कार्पोरेशन प्रबंधन से पूछे सवाल

## 22 को होने वाली बिजली महापंचायत में किसानों व उपभोक्ताओं के राष्ट्रीय संगठन भी होंगे शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने शनिवार को निजीकरण को लेकर उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन प्रबंधन से पांच सवाल पूछे। इस बीच, समिति 22 जून को बिजली महापंचायत की तैयारी शुरू कर दी है। महापंचायत में किसानों व उपभोक्ताओं के राष्ट्रीय संगठन शामिल होंगे।

संघर्ष समिति ने कहा है कि प्रत्येक शनिवार व रविवार को प्रबंधन से पांच सवाल पूछे जाएंगे। समिति ने कहा कि ऊर्जा मंत्री



अरविंद कुमार शर्मा ने 6 जून को चंडीगढ़ में हुए बिजली मंत्रियों के सम्मेलन में प्रदेश की बिजली वितरण व्यवस्था को देश में श्रेष्ठतम बताया। जब सरकारी क्षेत्र में प्रदेश की बिजली व्यवस्था देश में श्रेष्ठतम हो गई है, तब पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम का निजीकरण क्यों किया जा रहा है। अगर घाटे के नाम पर निजीकरण किया जा रहा है तो चंडीगढ़ और दादरा नगर हवेली दमन व दीव जहां एटीएंडसी हानियां क्रमशः तीन प्रतिशत और 8 प्रतिशत थीं और इन दोनों स्थानों पर बिजली विभाग मुनाफे में था तो दादरा नगर हवेली दमन व दीव और चंडीगढ़ का बिजली का निजीकरण क्यों किया गया। दिल्ली में निजीकरण के 22 साल बाद भी दिल्ली विद्युत बोर्ड के कर्मचारियों को पेंशन देने के लिए उपभोक्ताओं के बिजली बिल में निजी कंपनियां सात प्रतिशत की दर से पेंशन का सरचार्ज वसूलती हैं तो सवाल है कि निजीकरण के बाद प्रदेश में पेंशन देने के एवज में निजी कंपनियां उपभोक्ताओं से कितने प्रतिशत सरचार्ज वसूलेंगी।

### आगरा में टोरंट पावर ने दो किलोवाट का कनेक्शन दिया 9 लाख में

निजीकरण के बाद बिजली कनेक्शन देने के लिए क्या निजी कंपनियों को उपभोक्ताओं से मनमाना बिल वसूलने का अधिकार मिल जाएगा। उन्होंने कहा कि 12 फरवरी 2025 को आगरा में टोरंट पावर ने दो किलोवाट का कनेक्शन देने के लिए उपभोक्ता से 9 लख रुपए वसूले। क्या निजीकरण के बाद प्रदेश में पूर्वांचल व दक्षिणांचल की गरीब जनता के साथ यही होने जा रहा है। समिति ने कहा कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम का निजीकरण होने के बाद गरीब किसानों, बुनकरों और गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले उपभोक्ताओं को प्रदेश सरकार की ओर से सब्सिडी दी जाएगी या नहीं? ग्रेटर नोएडा में निजीकरण के 34 साल बाद भी किसानों को सब्सिडी नहीं मिलती जबकि पूरे प्रदेश में किसानों को मुफ्त बिजली दी जा रही।

## एक नजर

### गरीबी मुक्त भारत का संकल्प हो रहा पूरा :ब्रजेश

**अमृत विचार लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में गरीबी मुक्त भारत का संकल्प पूरा हो रहा है। विश्व बैंक के ताजा आंकड़ों के अनुसार भारत में गरीबी तेजी से कम हुई है। उन्होंने बताया कि विश्व बैंक के ताजा आंकड़ों के अनुसार पिछले 11 वर्षों में असाधारण नीतियों से बढ़ती अर्थव्यवस्था व गरीबों को सीधा लाभ पहुंचने वाली योजनाओं से देश में गरीबी से मुक्ति की राह आसान हो रही है। उन्होंने कहा कि ताजा आंकड़ों के अनुसार 11 वर्षों में निरपेक्ष गरीबी 27 .1 प्रतिशत से घटकर 5 .3 फीसदी हो गई है।

### विधायक राजेश्वर सिंह का लंदन में सम्मान

**अमृत विचार लखनऊ।** लखनऊ के सरोजनीनगर से भाजपा विधायक राजेश्वर सिंह को यूके-इंडिया लीगल पार्टनरशिप की ओर से लंदन में 'एक्सीलेंस इन पॉलिटिकल एंड पब्लिक लाइफ' अवार्ड से सम्मानित किया गया। हाउस ऑफ लॉर्ड्स में आयोजित समारोह में उन्हें यह सम्मान मिला। राजेश्वर सिंह ने इसे सरोजनीनगर के विकास कार्यों की वैश्विक स्वीकृति बताया। राजेश्वर सिंह ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर पोस्ट के जरिये कहा कि हाउस ऑफ लॉर्ड्स का यह भव्य भवन न केवल ब्रिटिश विरासत की आत्मा, बल्कि लोकतंत्र की जड़ और संवैधानिक चेतना का प्रतीक भी है।

### महराजगंज में केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री ने किसानों से किया संवाद

**अमृत विचार लखनऊ:** विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 के तहत शनिवार को महराजगंज के विकास खंड पनियरा के ग्राम बैजूदेहरा में केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने किसानों से संवाद किया। वैज्ञानिकों ने किसानों को आधुनिक कृषि व अन्य फसलों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।


# जल्द पूरे होंगे 20 विभागों के निर्माण कार्य

## मुख्यमंत्री के निर्देश पर 18 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत से पूरा किया जाएगा प्रोजेक्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी के निर्देश 20 विभागों से संबंधित बड़े निर्माण कार्यों को पूरा करने पर जोर दिया जा रहा है। लोकनिर्माण विभाग द्वारा इस विषय में एक खाका तैयार किया गया है जिसके अंतर्गत भवन सेल द्वारा 95 निर्माण कार्यों को 18767 करोड़ रुपये की लागत से पूरा किया जाएगा। इसमें विभागों के कार्यालयों समेत विभिन्न प्रकार के आवासीय-अनावासीय अवसंरचनाओं का निर्माण शामिल है।

कार्ययोजना के अनुसार गृह विभाग के सर्वाधिक 35 कार्यों को 6550 करोड़ की लागत से पूरा करने का लक्ष्य है। जबकि, चिकित्सा शिक्षा, कारागार व उच्च शिक्षा विभाग के भी कई



- गृह विभाग के सर्वाधिक 35 कार्य पर खर्च होंगे साढ़े छह हजार करोड़

बड़े निर्माण कार्य प्रस्तावित है। उल्लेखनीय है कि इन 95 निर्माण कार्यों में से 26 की प्रगति 76 से 99 प्रतिशत है, जबकि 10 कार्यों की प्रगति 51 से 75 प्रतिशत के बीच है। बड़ी बात यह है कि 17 कार्यों को रिकॉर्ड समय में पूरा भी कर लिया गया है।

गृह विभाग के बाद ईपीसी (इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट, कंस्ट्रक्शन) मोड पर दूसरे नंबर पर सबसे ज्यादा कार्य चिकित्सा शिक्षा विभाग के लिए पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित है। इसमें कुल 5357 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। वहीं, उच्च शिक्षा विभाग के 6 निर्माण कार्यों को 773 करोड़ की लागत से पूरा किया जाएगा। कारागार विभाग के कुल 7 निर्माण कार्यों को भी 1334 करोड़ रुपए से पूरा करने की तैयारी है। इसी प्रकार, न्याय विभाग के कुल 3 कार्यों को 1227 करोड़ की लागत से पूरा किया जाएगा।

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के लिए 3 कार्यों को 312 करोड़ की लागत से पूरा करने का लक्ष्य है। वहीं, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग विभाग के लिए 324 करोड़ रुपए की लागत से 3 निर्माण कार्यों को पूरा किया जाएगा।

### राजस्व व आपदा विभाग के कार्य पर खर्च होंगे 350 करोड़

राजस्व एवं आपदा विभाग के लिए 350 करोड़ से 2 कार्य, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के लिए 229 करोड़ की लागत से 2 कार्य, श्रम विभाग के लिए 149 करोड़ की लागत से 2 कार्य तथा राज्य संपत्ति विभाग के लिए 2 निर्माण कार्यों को 182 करोड़ की लागत से पूरा किया जाएगा। इसी प्रकार, आयुष विभाग के लिए 267 करोड़ रुपए, माध्यमिक शिक्षा विभाग के लिए 153 करोड़ रुपए, खेल विभाग के लिए 388 करोड़, नागरिक उड्डयन विभाग के लिए 103 करोड़, नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग के लिए 95 करोड़, वित्त विभाग के लिए 187 करोड़, पशुधन विभाग के लिए 277 करोड़, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग के लिए 434 करोड़ तथा धर्मार्थ कार्य विभाग के लिए 65 करोड़ की लागत से एक-एक कार्य को पूरा किया जाना प्रस्तावित है।

## बीएनए में 22 राज्यों के अभ्यर्थियों की प्रवेश परीक्षा दस से

**अमृत विचार, लखनऊ।** भारतेंदु नाट्य अकादमी (बीएनए) में शैक्षिक सत्र 2025-27 में परास्नातक में प्रवेश के लिए पहली बार 22 राज्यों के अभ्यर्थियों की प्रवेश परीक्षा 10 जून से शुरू हो रही है। अभ्यर्थियों का चयन 15 जून तक आयोजित प्रवेश परीक्षा व साक्षात्कार से किया जाएगा। यह जानकारी परीक्षा नियंत्रक डा. सुमित श्रीवास्तव ने दी। बताया कि योग्य अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा व साक्षात्कार 10, 11 व 12 जून को सुबह 10 बजे से कराई जाएगी। संस्थान ने प्रथम चरण की लिखित परीक्षा व साक्षात्कार के लिए चयनित अभ्यर्थियों को मूल प्रमाणपत्रों के साथ 10 जून को अकादमी बुलाया है। लिखित परीक्षा व साक्षात्कार के परिणाम के आधार पर अंतिम चयन (कार्यशाला) के लिए लगभग 60 अभ्यर्थी चयनित किए जाएंगे। इनकी परीक्षा 13, 14 व 15 जून को सुबह 10.30 बजे से कराई जाएगी।

# माध्यमिक विद्यालयों के छात्रों को जल साक्षर बनाएगी सरकार

- विद्यालय स्तर पर आयोजनों की रूपरेखा तय करने का बोर्ड ने जारी किए निर्देश
- गंगा की निर्मलता होगी अभियान का हिस्सा, स्वच्छता के प्रति समाज के दूत बनेंगे छात्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** योगी सरकार माध्यमिक विद्यालयों के छात्रों को जल साक्षर बनाएगी। विद्यालय स्तर पर आयोजनों की रूपरेखा तय करने का बोर्ड ने निर्देश जारी किए हैं। गंगा की निर्मलता अभियान का खास हिस्सा होगी। छात्र-छात्राएं स्वच्छता के प्रति समाज के दूत बनेंगे।

प्रदेश की ओर से जारी अकादमिक कैलेंडर में एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के अंतर्गत ऐतिहासिक व भौगोलिक परिदृश्य से छात्रों को परिचित कराने के साथ खेलकूद, सांस्कृतिक व साहित्यिक गतिविधियों से परिचित कराने पर भी बल दिया गया है। इसके साथ ही विद्यालय स्तर पर आयोजनों की रूपरेखा तय करने का निर्देश भी दिया गया है। इसी क्रम में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय दिवसों, सप्ताहों से संबंधित गतिविधियां अनिवार्य रूप से कराई जाएंगी। इसमें सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने के साथ गंगा की अविरलता एवं स्वच्छता अभियान से भी प्रत्येक विद्यार्थी को जोड़ा जाएगा।छात्र छात्राओं को समूह आधारित फील्ड वर्क से जोड़ा जाएगा। किसी नदी या तालाब के पास ले जाकर विद्यार्थियों से लघु रिपोर्ट बनवाई जाएगी। इसी तरह किसी गांव, कस्बे का भ्रमण कराते हुए वहां के जल प्रबंधन और जल संरक्षण बारे में छात्रों को जानकारी दी जाएगी।

# 'त्रिवेणी वन' बसाकर महाकुंभ की स्मृति को ताजा रखेगी योगी सरकार

- यूपी के सभी जिलों में त्रिवेणी वन में लगाए जाएंगे नीम, पीपल व बरगद के पौधे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** महाकुम्भ की स्मृतियों को ताजा रखने के लिए सभी 75 जिलों में योगी सरकार की तरफ से त्रिवेणी वन लगाया जाएगा। इसमें नीम, पीपल व बरगद के पौधे लगाए जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर वन विभाग ने तैयारी तेज कर दी है।

त्रिवेणी वन की शुरुआत पर्यावरण दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या से कर दी है। जुलाई में होने वाले पौधरोपण महाभियान में हर जिले में इसकी स्थापना की जाएगी। मिशन से जुड़े अधिकारी इसके संरक्षण पर भी जोर देंगे। नर्सरियों में 52.33 करोड़ पौधे तैयार किए जा चुके हैं। इसमें सिर्फ वन विभाग की नर्सरियों 5.75 करोड़ औषधीय पौधे तैयार किए गए हैं। इनमें नीम के लगभग 52 लाख, बरगद के 29 लाख व पीपल के 29 लाख पौधे तैयार किए गए हैं। इन पर्यावरणीय पौधों को रोपित करने के साथ ही इनके संरक्षण पर भी विभाग का जोर रहेगा।

> प्रदेश सरकार के निर्देशन में इस वर्ष भी 35 करोड़ पौधरोपण होगा। इसी क्रम में इस वर्ष प्रदेश के सभी जिलों में त्रिवेणी वन स्थापित होगा। इसकी शुरुआत मुख्यमंत्री ने अयोध्या से की है। त्रिवेणी वन के अंतर्गत नीम, पीपल व बरगद के पौधे लगाए जाएंगे।
>
> -सुनील कुमार चौधरी, प्रधान मुख्य वन संरक्षक/विभागाध्यक्ष वन विभाग

## गाजियाबाद में तेज रफ़्तार कार की चपेट में आने से दो लोगों की मौत

**गाजियाबाद,एजेंसी:** जिले में राजनगर एक्सटेंशन इलाके में एक तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से सुबह की सैर पर निकले दो पड़ोसियों की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। नंदग्राम की सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) पूनम मिश्रा ने बताया कि मृतकों की पहचान नंदग्राम की बृज नगरी कॉलोनी के सुभाष सिंह चौहान (57) और कमलेश यादव (45) के रूप में हुई है।

पीछे से टक्कर मारने के बाद कार का चालक मौके से फरार हो गया। सीसीटीवी फुटेज से पुष्टि हुई है कि कार ने उन्हें टक्कर मारी थी, जिससे चौहान का सिर कार के पहियों के नीचे कुचल गया और यादव सड़क किनारे गहरे गड्ढे में गिर गए। राहगीरों ने पुलिस को इस घटना की सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें पास के एक अस्पताल ले गई, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# चिन्हित गरीब युवाओं को बनाया जाएगा आत्मनिर्भर

- मुख्य सचिव ने अधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने के दिये निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में चिन्हित गरीब परिवारों के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने अधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिये। मुख्य सचिव शनिवार को जीरो पॉवर्टी अभियान के तहत चिन्हित परिवारों के युवाओं के उन्नयन व उन्हें विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए पिकप भवन में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे।

मुख्य सचिव ने कहा कि अभियान का लक्ष्य प्रत्येक निर्धनतम परिवार को भोजन, वस्त्र, चिकित्सा, शिक्षा व आवास जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। साथ ही, उनके लिए सतत आय का स्रोत सुनिश्चित कराना है। उन्होंने कहा कि इन परिवारों के युवाओं को कौशल विकास के माध्यम से जीवकोपार्जन के लिए आत्मनिर्भर बनाया जाय, ताकि उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो और वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें। इस अवसर पर प्रमुख सचिव व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग डॉ. हरिओम ने बताया कि वर्तमान में 13.57 लाख अत्यंत गरीब परिवारों के युवक-युवतियों को उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अंतर्गत पारंपरिक व आधुनिक कोर्स में रोजगारपरक कौशल प्रशिक्षण देने का कार्य चल रहा है। प्रशिक्षण निशुल्क है, जिसमें पाठ्यसामग्री, दो यूनिफॉर्म और ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग की भी व्यवस्था है। प्रशिक्षण कार्यक्रमों को नेशनल काउंसिल फॉर वोकेशनल एजुकेशन एंड ट्रेनिंग की ओर से मान्यता प्राप्त है। प्रशिक्षण के बाद प्रमाण पत्र भी दिया जा रहा है। प्रशिक्षणार्थियों को सॉफ्ट स्किल जैसे अंग्रेजी भाषा, संवाद कौशल, सामान्य कंप्यूटर ज्ञान व औद्योगिक व्यवहार का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# 60,244 सिपाही अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देंगे शाह

## गृह मंत्री का लखनऊ आगमन 15 को, पंचायत चुनाव पर भी करेंगे मंथन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** गृह मंत्री अमित शाह 15 जून को लखनऊ आएंगे। वे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ 60,244 नव नियुक्त सिपाही अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देंगे। इसके बाद पंचायत चुनाव पर भी मंथन करने का कार्यक्रम है।

राज्य सरकार सिपाही भर्ती का नियुक्ति पत्र देने के समारोह के बहाने युवाओं को बड़ा संदेश देने का प्रयास करेगी। खासकर विरोधी दलों के नेता भर्ती में धनउगाही और पक्षपात करने के आरोपों को लेकर निशाने पर होंगे। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के 15 जून को लखनऊ के संभावित आगमन को देखते हुए प्रशासन ने तैयारी तेज कर दी है।

डिफेंस एक्सपो मैदान में नियुक्ति पत्र वितरण कराने की तैयारियां चल रही हैं। समारोह में कई मंत्री व वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहेंगे। यह प्रदेश पुलिस की सबसे बड़ी भर्ती है, जिसमें 12048 महिला अभ्यर्थी भी शामिल हैं। पहले परीक्षा पेपर लीक होने के कारण रद कर दी गई थी, जिसे बाद में दोबारा कराया गया।

### डीजीपी ने अभ्यर्थियों के ड्रेस कोड के लेकर दिए निर्देश

डीजीपी राजीव कृष्ण ने अभ्यर्थियों को समारोह में लाने और उनके ड्रेस कोड को लेकर विस्तृत निर्देश दिए हैं। राजपत्रित अधिकारी अभ्यर्थियों को लखनऊ लेकर आएंगे। उनके ठहरने व अन्य सुविधाओं को लेकर भी निर्देश दिए गए हैं। पूर्व में यह कार्यक्रम इकाना स्टेडियम में आयोजित कराने की तैयारी थी, लेकिन अब वृंदावन योजना में समारोह होगा।

# भाजपा सरकार में नहीं बचा वरिष्ठ-कनिष्ठ अधिकारियों का मतलब:अखिलेश यादव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में वरिष्ठ व कनिष्ठ अधिकारियों का मतलब नहीं रह गया है। उन्होंने कहा कि यूपी पुलिस के वरिष्ठतम लोग वर्तमान व्यवस्था में महत्वपूर्ण पदों से वंचित रह गए हैं। वे अनैच्छिक परिस्थितियों में ऐच्छिक सेवानिवृत्ति लेने को मजबूर हैं। इससे कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों का मनोबल टूटता है।

उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' पर पोस्ट के जरिये डीजीपी की नियुक्ति की ओर से संकेत करते हुए कहा कि अधिकारियों का मनोबल टूटने का खामियाजा प्रदेश की कानून-व्यवस्था व जनता को भुगतना पड़ता है। उन्होंने कहा कि जब भाजप सरकार में वरिष्ठ-कनिष्ठ का मतलब ही नहीं बचा है तो वरिष्ठता क्रम की सूची बनाने का क्या मतलब है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठता में एक-दो के फेरबदल को तो कार्य के स्वरूप के आधार पर या किसी अन्य पैमाने पर उचित ठहराया भी जा सकता है।

## वर्ग पहेली- 455

**बाएं से दाएं**

4 . 1 . किसी पदार्थ का गोल या चपटा टुकड़ा, कड़ी

5 . पानी के किनारे रहने वाली एक सफ़ेद चिड़िया जिसकी चोंच और पैर काले होते हैं।

7 . ऐसा व्यक्ति जिसमें उदात्त विचारों की क्षमता न हो, तुच्छ या नीच विचार वाला व्यक्ति।

**ऊपर से नीचे**


1 . जलपानगृह, कॉफ़ी शॉप, छोटा रेस्तरां।

2 . धूप संबंधी, धूप में प्रयुक्त किया जाने वाला।

3 . रस की धारा, ख़ुशी की धारा।

5 . 1 . एक प्रकार का बड़ा मुगदर जो दोनों हाथों से घुमाया जाता है 2 . करेल घुमाने की कसरत।

6 . दूसरों को देखने में प्रवृत्त करना, प्रस्तुत करना, प्रकाश डालना, प्रदर्शित करना, खोलना, दर्शाना, प्रकट करना, सामने लाना, ज़ाहिर करना, उजागर करना, उद्घाटित करना।




### वर्ग पहेली -454 का हल




## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 8 जून, रविवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, द्वादशी- 07 .17 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

**मेष:** आज आपके प्रेम संबंध काफी मधुर रहने वाले हैं। सामाजिक संपर्क में वृद्धि होगी। तनाव के बावजूद कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन काफी अच्छा रहेगा। आप कई लोगों का मार्गदर्शन कर सकते हैं। आवश्यक कार्य समय से पहले पूर्ण हो जायेंगे।

**वृष:** आज आपका दिन काफी व्यस्त रहेगा। पैतृक संपत्ति के मामलों के उलझने की संभावना बन रही है। गुप्त शत्रु आपके विरुद्ध सक्रिय हो सकते हैं। एक साथ अनेक कार्य सम्भालने पड़ेंगे। वकालत की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को नया कुछ सीखने को मिलेगा।

**मिथुन:** आज अपनी रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए खानपान और योग पर ध्यान दें। प्रेमी जन को आज मूल्यवान उपहार दे सकते हैं। इससे आपके संबंध और भी घनिष्ट और मधुर होंगे। मित्रों के भरोसे अपने महत्वपूर्ण कार्य न छोड़ें। बच्चे बड़े-बुजुर्गों का सानिध्य पसंद कर सकते हैं।

**कर्क:** आज आप जिस काम को आसान मान रहे थे वो आपको काफी परेशान कर सकता है। रिश्तेदारों के कारण कुछ तनाव हो सकता है। बोलचाल में अपशब्दों का प्रयोग बिल्कुल न करें। विद्यार्थी करियर को लेकर लापरवाह हो सकते हैं। दूसरों की सहायता करके आपको आत्मसंतुष्टि की अनुभूति होगी।

**सिंह:** आज घर में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। दोपहर के बाद आपको कोई शुभ सूचना मिल सकती है। इससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। भौतिक भोग-विलास का भरपूर आनंद लेंगे। व्यवसाय में सहयोगियों का साथ मिलेगा।

**कन्या:** आज आपको बड़े व प्रभावशाली लोगों से मिलना पड़ सकता है। भविष्य को ध्यान में रखते हुए नए कार्यों की ओर प्रवृत्त हो सकते हैं। अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभायेंगे। बड़बोलेपन वाले व्यवहार से बचें। महिलाओं को अपमानजनक परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

**तुला:** आज पुराने रुके हुए कार्य प्रारंभ हो सकते हैं। नए व्यापारिक अनुबंध कर सकते हैं। आर्थिक मामलों में भाग्यशाली रहेंगे। पिता के साथ चर्चा व उनका आशीर्वाद लेना उत्तम होगा। दांपत्य संबंधों में आपसी समझ और सामंजस्य में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** आज महत्वपूर्ण कार्यों को एक-दो दिन के लिए टालना हितकर होगा। पेट में जलन जैसी समस्या हो सकती है। आज आपके ऊपर कार्यभार की अधिकता रहेगी। एक ही काम को बार-बार करना पड़ सकता है। महिलाओं को अपनी सुरक्षा को लेकर थोड़ा ध्यान रखना पड़ेगा।


**धनु:** आज फाइनेन्स से जुड़े मामलों के लिए दिन बहुत अच्छा है। विवादित मामलों में आपकी विजय हो सकती है। आपके खर्चों में कमी आयेगी। व्यवसाय में मनोनुकूल लाभ मिलने से काफी अच्छा व सहज महसूस करेंगे। सोशल मीडिया में आप काफी सक्रिय रहेंगे।

**मकर:** आज आप लोगों से सम्मान की अपेक्षा रखेंगे। किसी महत्वपूर्ण कार्य से कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। सहकर्मियों के साथ आपकी दोस्ती बढ़ सकती है। रुचि पूर्ण कार्य करने के अवसर मिलेंगे। सभी कार्य आपके अनुसार होने से मन प्रसन्न रहेगा।

**कुंभ:** आज अपरिचित लोगों से अधिक तालमेल न बढ़ायें। बच्चे पढ़ाई के अतिरिक्त दूसरे कार्यों में अधिक समय व्यर्थ करेंगे। दोस्तों के साथ बिजनेस पार्टनरशिप को लेकर चर्चा हो सकती है। शाम के समय कहीं घूमने जा सकते हैं। धीमी गति से आपके काम बनते प्रतीत होंगे।

**मीन:** आज आपकी अच्छी सलाह भी लोगों को समझ नहीं आयेगी। इसीलिए बिना मांगे किसी को सलाह न दें। पुराने विवाद दोबारा उठ खड़े हो सकते हैं। आज आप कोई नवीन कार्य आरंभ करने से बचें। महिलाएं किचन में काम करने के दौरान सावधानी रखें।

### आज का पंचांग




दिशाशूल– पश्चिम। ऋतु– ग्रीष्म। चन्द्रबल–मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर। ताराबल– अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र– स्वाती 12 .42 तक तत्पश्चात विशाखा।

## सुडोकू -2

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | 7 | 1 | | | 4 | |
| 9 | | 4 | | | | 1 | | 8 |
| | 3 | 5 | | | 6 | | | 2 |
| | 2 | | 1 | 6 | | | | 3 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | | | 3 | 5 | | 9 | |
| 3 | | | 9 | | | 8 | 5 | |
| 8 | | 1 | | | | 7 | | 4 |
| | 5 | | | 8 | 4 | | 1 | |

### सुडोकू - 1 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 4 | 9 | 8 | 2 | 3 | 5 | 7 |
| 9 | 3 | 7 | 4 | 5 | 1 | 6 | 2 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 7 | 6 | 3 | 9 | 4 | 1 |
| 5 | 6 | 1 | 2 | 7 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 7 | 4 | 9 | 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 2 |
| 8 | 2 | 3 | 5 | 4 | 9 | 7 | 1 | 6 |
| 3 | 9 | 6 | 1 | 2 | 5 | 8 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 | 9 | 5 |
| 4 | 5 | 2 | 8 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 |

# तेजी से फैलते मोटापे को हर हाल में रोकना होगा

## स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने कहा- स्वस्थ भारत के लिए नमक, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ और कम तेल के सेवन का लें संकल्प

बेंगलुरु, एजेंसी

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने शनिवार को कहा कि विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस पर हर भारतीय को नमक, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों और तेल की खपत में 10 प्रतिशत की कमी करने का संकल्प लेना चाहिए। नड्डा के अनुसार, सही खान-पान के बारे में जागरूकता फैलाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।

नड्डा, बेंगलुरु में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं तंत्रिका विज्ञान संस्थान (निमहंस) में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस मनाने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस हर वर्ष सात जून को मनाया जाता है। नड्डा ने कहा, हमें अपने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान को ध्यान में रखना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हम कम से कम अपने घरों में हम तेल और नमक की खपत में 10 प्रतिशत की कमी ला सकें। यह सबसे जरूरी हिस्सा है। हमें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों का सेवन कम से कम हो। उन्होंने यह भी कहा कि स्वस्थ रहने और सही खान-पान के लिए भारत को अपने पारंपरिक खाद्य व्यवहारों पर फिर से विचार करना चाहिए। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, हमारे पारंपरिक भोजन में मोटे अनाज से बनी कई तरह की चीजें शामिल हैं। हमें इस परंपरा को पुनर्जीवित करना होगा। नड्डा ने कहा कि बदलाव तभी संभव है जब यह एक सतत प्रक्रिया हो। केवल विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस पर खाद्य सुरक्षा आदतों के बारे में बात करने से काम नहीं चलेगा। यह तभी काम करेगा, जब हम इसे अपने जीवन का हिस्सा बना लेंगे।



बेंगलुरु में विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित नड्डा।

### ई-मार्केट प्लेटफॉर्मों को भ्रामक अलर्ट, अनुचित व्यापार व्यवहार पर रोक लगाने के निर्देश

**नई दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्मों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि उनके नेटवर्क पर उपभोक्ताओं को अत्यावश्यक अलर्ट (सूचना) और भ्रामक विज्ञापनों या किसी प्रकार के अनुचित व्यापार व्यवहार में न फंसाया जाए। उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने शनिवार को एक विज्ञप्ति में कहा, सभी ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म को सलाह दी गई है कि वे परामर्श जारी होने के तीन महीने के भीतर डार्क पैटर्न की पहचान करने के लिए स्व-ऑडिट करें और यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं कि उनके प्लेटफॉर्म ऐसे डार्क पैटर्न से मुक्त हों। डार्क पैटर्न ऐसे भ्रामक प्रयासों को कहा जाता है, जिनमें ग्राहकों को स्टॉक खत्म होने या किसी प्रलोभन के जरिये माल की बुकिंग तत्काल करने के लिए उकसाया जाता है। सीसीपीए ने स्व-ऑडिट रिपोर्ट के आधार पर ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म को यह भी स्व-घोषणा देने के लिए प्रोत्साहित किया है कि उनका प्लेटफॉर्म किसी भी डार्क पैटर्न में लिप्त नहीं है।

# कर्नाटक उच्च न्यायालय ने सरकार से नौ अहम सवालों पर जवाब मांगा

बेंगलुरु भगदड़



- स्वतः संज्ञान लेकर दायर की गई रिट याचिका पर सुनवाई की
- सरकार को 10 जून तक जवाब दाखिल करने को कहा गया

बेंगलुरु, एजेंसी

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की जीत का जश्न मनाने के लिए किसने अनुमति दी थी? यह निर्णय कब और कैसे लिया गया था? क्या आयोजकों ने आवश्यक अनुमति ली थी? ये वे प्रश्न हैं जिनके उत्तर कर्नाटक सरकार को चार जून को हुई भगदड़ के संबंध में 10 जून तक उच्च न्यायालय में दाखिल करने होंगे। इस भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी।

हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को नौ महत्वपूर्ण प्रश्नों पर विस्तृत जवाब प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश वी. कामेश्वर राव और न्यायमूर्ति सीएम जोशी की खंडपीठ ने इस त्रासदी के मद्देनजर अदालत द्वारा स्वतः संज्ञान लेकर दायर की गई रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए गुरुवार को ये सवाल पूछे। सरकार को 10 जून तक जवाब दाखिल करने को कहा गया है। यह भगदड़ चार जून की शाम को चिन्नास्वामी स्टेडियम के सामने हुई, जहां बड़ी संख्या में लोग आरसीबी टीम की आईपीएल जीत के जश्न में भाग लेने के लिए उमड़े थे। इस घटना में 11 लोग मारे गए और 56 घायल हो गए। पीठ ने खेल आयोजनों और इस पैमाने के सार्वजनिक समारोहों के लिए 50,000 से अधिक लोगों की सभाओं के प्रबंधन के लिए एसओपी के अस्तित्व पर भी सवाल उठाया। पीठ की ओर से पूछे गए शेष प्रश्न राज्य की तैयारी और प्रतिक्रिया पर केंद्रित हैं, जैसे: आयोजन स्थल के आसपास यातायात को नियंत्रित करने के लिए क्या उपाय किए गए? भीड़ को नियंत्रित करने के लिए क्या व्यवस्था की गई थी? मौके पर कौन सी चिकित्सा और आपातकालीन सुविधाएं उपलब्ध थीं? क्या पहले से उपस्थित लोगों की संख्या का अनुमान लगाया गया था? पीठ ने इसके अलावा पूछा कि, क्या घायलों को घटनास्थल पर तुरंत चिकित्सा सहायता दी गई आदि सचसल पूछे।

## एक नजर

### ठाणे में किशोरी से दुष्कर्म में 20 साल सश्रम कारावास

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले की एक अदालत ने एक व्यक्ति को अपनी 17 वर्षीय रिश्तेदार से दुष्कर्म और उसे गर्भवती करने के लिए दोषी करार देते हुए 20 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश हरणे ने आरोपी जीवन अशोक वडविंदे को यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम और बीएनएस की संबद्ध धाराओं के तहत दोषी करार दिया। कोर्ट ने आरोपी को 20 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई और उस पर 20,000 रुपये का जुर्माना लगाया।

# तेजस्वी के काफिले को ट्रक ने मारी टक्कर, 3 सुरक्षाकर्मी घायल

- घटना में राजद नेता बाल-बाल बचे घायलों की हालत स्थिर

वैशाली (बिहार), एजेंसी

बिहार के वैशाली जिले में राजद के नेता तेजस्वी यादव के काफिले की दो गाड़ियों को शुक्रवार देर रात को एक ट्रक ने टक्कर मार दी। इस घटना में राजद नेता बाल-बाल बच गए लेकिन तीन सुरक्षाकर्मी घायल हो गए।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ट्रक से उस गाड़ी को टक्कर नहीं लगी जिसमें राज्य विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष यादव सवार थे। अधिकारी ने बताया कि घटना शुक्रवार देर रात करीब साढ़े 12 बजे की है जब यादव का काफिला गोरौल के पास पटना-मुजफ्फरपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर चाय पीने के लिए रुका था। अधिकारी ने बताया कि वे मधेपुरा से पटना लौट रहे थे, तभी यह दुर्घटना हो गई। पुलिस ने कहा, यादव को किसी भी तरह की चोट नहीं आई है। तीन सुरक्षाकर्मी घायल हो गए और उन्हें नजदीकी सरकारी अस्पताल ले जाया गया। उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

## मुंबई फिर पानी-पानी


मुंबई में शनिवार को भारी बारिश के कारण शहर की प्रमुख सड़कों पर जलभराव हो गया। इससे वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़। एजेंसी

# आवैसी ने डीपफेक वीडियो को लेकर दर्ज कराई शिकायत

- पुलिस ने ऑनलाइन निवेश योजना का प्रचार करने वाले वीडियो को प्रसारित करने का मामला किया दर्ज

हैदराबाद, एजेंसी

हैदराबाद पुलिस ने ऑनलाइन निवेश योजना का प्रचार करने के लिए सोशल मीडिया मंच पर एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी का एक 'डीपफेक' वीडियो प्रसारित होने के बाद मामला दर्ज किया है।

पुलिस ने बताया कि एआई द्वारा तैयार किए गए इस फर्जी वीडियो में ओवैसी की छवि और नाम के साथ-साथ अन्य प्रसिद्ध हस्तियों का दुरुपयोग कर लोगों को गुमराह किया गया है, ताकि लोगों को यह विश्वास दिलाया जा सके कि वह एक निवेश घोटाले को बढ़ावा दे रहे हैं। फर्जी वीडियो में प्रतिदिन 53,000 रुपये लाभ का वादा किया गया है। हैदराबाद के सांसद ने पुलिस में दर्ज कराई गई शिकायत में कहा कि वीडियो लोगों को एक घोटाले वाली वेबसाइट में निवेश करने का निर्देश देता है, जिससे निर्दोष व्यक्तियों के पैसे खोने का खतरा उत्पन्न होता है।

# वर्ष 2022 में कोविड से 86.5 लाख हुईं मौतें

- नागरिक पंजीकरण प्रणाली के नए आंकड़े से सामने आई जानकारी

नई दिल्ली, एजेंसी

वर्ष 2022 के दौरान देश में लगभग साढ़े 86.5 लाख लोगों की मौत हुई जो कोविड प्रभावित वर्ष 2021 में हुई 1.02 करोड़ से अधिक लोगों की मौत की तुलना में 15 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट को दर्शाता है। नागरिक पंजीकरण प्रणाली (सीआरएस) के नए आंकड़े से यह जानकारी मिली।

भारत के महापंजीयक कार्यालय द्वारा प्रदर्शित 2022 के आंकड़ों से पता चलता है कि वर्ष 2021 के मुकाबले मौतों की संख्या में 15.74 लाख की गिरावट ने मृत्यु दर के आंकड़ों को



मोटे तौर पर 2020 में देखी गई पूर्व-महामारी पैटर्न के अनुरूप ला दिया है। आंकड़ों के अनुसार, 2021 में देश भर में 1.02 करोड़ लोगों की मौतों के साथ मृतक संख्या में तेज उछाल दर्ज किया गया था, जबकि यह आंकड़ा 2020 में 81.1 लाख, 2019 में 76.4 लाख और 2018 में 69.5 लाख था। रिपोर्ट में कहा गया है, पंजीकृत मौतों के मामले में, मौतों की संख्या 2021 में 102.2 लाख से घटकर 2022 में 86.5 लाख रह गई यानी 15.4 प्रतिशत की कमी आई। लोकसभा में 29 जुलाई, 2022 को सरकार द्वारा दिए गए उत्तर के अनुसार, 26 जुलाई, 2022 तक कोविड-19 के कारण 5.26 लाख मौतें हुईं। डब्ल्यूएचओ ने भारत में कोविड-19 से जुड़ी 47 लाख से ज्यादा मौतों की रिपोर्ट दी थी, जिसका सरकार ने कड़ा विरोध किया था। रिपोर्ट ने यह भी दिखाया कि 2022 में 2.54 करोड़ शिशुओं के जन्म पंजीकृत किए गए।

# एहतियातन हिरासत राज्य के हाथ में असाधारण शक्ति : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

- इसका संयम से प्रयोग किया जाना चाहिए

सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि एहतियातन हिरासत राज्य को दी गई एक असाधारण शक्ति है, जिसका प्रयोग संयम से किया जाना चाहिए।

कोर्ट ने इसी के साथ केरल में धन उधार देने में लिप्त एक व्यक्ति को हिरासत में लेने के आदेश को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति संजय व न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने कहा कि हिरासत प्राधिकारी द्वारा आदेश में बताई गई परिस्थितियां राज्य के लिए व्यक्ति के खिलाफ दर्ज मामलों में जमानत रद्द करने के लिए सक्षम अदालतों से संपर्क करने के लिए पर्याप्त आधार तो हो सकती हैं, लेकिन यह नहीं कहा जा सकता है कि इसके लिए उसे एहतियातन हिरासत में लेना उचित है। शुक्रवार को सुनाए आदेश में कहा, इसलिए, 20 जून, 2024 के हिरासत के आदेश व एर्णाकुलम स्थित केरल हाईकोर्ट द्वारा पारित 4 सितंबर, 2024 के विवादित फैसले को रद्द किया जाता है।

# नक्सल विरोधी अभियान के अधिकारी शाह से मिले

- गृह मंत्री ने कहा- मोदी सरकार भारत को नक्सलवाद के दंश से मुक्त कराने के लिए प्रतिबद्ध

नई दिल्ली, एजेंसी

गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ में नक्सल विरोधी अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाले अधिकारियों से शनिवार को मुलाकात की और कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की सरकार भारत को नक्सलवाद के दंश से मुक्त कराने के लिये प्रतिबद्ध है।

इस मौके पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं गृह मंत्रालय के वरिष्ठ


सुरक्षाबल के अधिकारियों को सम्मानित करते अमित शाह।

अधिकारी मौजूद थे । शाह ने एक्स पर कहा, हाल ही में नक्सलवाद के विरुद्ध चलाए गए अभियानों में अहम भूमिका निभाने वाले अधिकारियों से भेंट कर इन अभियानों की ऐतिहासिक सफलता पर उन्हें बधाई दी। छत्तीसगढ़ पुलिस और सीआरपीएफ ने हाल ही में छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर कुर्रागुट्टा पहाड़ियों में संयुक्त रूप से तीन सप्ताह तक अभियान चलाया। ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट के तहत 31 कट्टर माओवादी मारे गए।

## कारोबार/कृषि

# तीन साल पुराना जीएसटी रिटर्न नहीं कर पाएंगे दाखिल

## जीएसटी करदाता के लिए जुलाई से बदल जाएंगे नियम

नई दिल्ली, एजेंसी

जीएसटी नेटवर्क ने शनिवार को कहा कि जुलाई कर अवधि की शुरुआत से, जीएसटी करदाता मूल फाइलिंग की नियत तारीख से तीन साल बाद मासिक और वार्षिक जीएसटी रिटर्न दाखिल नहीं कर पाएंगे। जुलाई, 2025 की कर अवधि का मतलब है कि करदाता इस साल अगस्त में मासिक रिटर्न दाखिल करेंगे। एक परामर्श में, माल और सेवा कर नेटवर्क (जीएसटीएन) ने कहा कि करदाता फाइलिंग की नियत तारीख से तीन साल की समाप्ति पर जीएसटीआर-1, जीएसटीआर-3बी, जीएसटीआर-4, जीएसटीआर-5, जीएसटीआर-5ए, जीएसटीआर-6, जीएसटीआर-7, जीएसटीआर-8 और जीएसटीआर-9 दाखिल नहीं कर पाएंगे। समय सीमा के संबंध में माल



और सेवा कर (जीएसटी) कानून में संशोधन वित्त अधिनियम, 2023 के माध्यम से प्रभावी किए गए थे। इस प्रकार, देयता के भुगतान से संबंधित रिटर्न, वार्षिक रिटर्न और स्रोत पर एकत्रित कर के अलावा जीएसटी आउटवर्ड सप्लाई रिटर्न समय-बाधित हो जाएंगे। जीएसटीएन द्वारा जारी परामर्श में कहा गया है, तीन साल की समाप्ति के बाद रिटर्न दाखिल करने पर रोक लगा दी जाएगी। उक्त प्रतिबंध जुलाई, 2025 कर अवधि से जीएसटी पोर्टल पर लागू किया जाएगा। इसने करदाताओं को सलाह दी कि यदि उन्होंने अब तक जीएसटी रिटर्न दाखिल नहीं किया है तो वे अपने रिकॉर्ड का मिलान कर लें और जल्द से जल्द अपना जीएसटी रिटर्न दाखिल करें। इससे पहले अक्टूबर में, जीएसटी नेटवर्क (जीएसटीएन) ने करदाताओं को सचेत किया था कि कर प्रतिबंध का उक्त प्रावधान 2025 की शुरुआत में लागू किया जाएगा।
भाषा अनुराग पाण्डेय

### मासिक जीएसटी भुगतान फॉर्म 3बी संपादन योग्य नहीं रहेगा

**नई दिल्ली।** जीएसटी नेटवर्क (जीएसटीएन) ने शनिवार को कहा कि मासिक जीएसटी भुगतान फॉर्म जीएसटीआर-3बी जुलाई, 2025 की कर अवधि से गैर-संपादन योग्य हो जाएगा। एक परामर्श में, जीएसटीएन ने कहा कि करदाता उसी रिटर्न अवधि में अपना जीएसटीआर-3बी दाखिल करने से पहले जीएसटीआर-1ए में घोषित बाहरी आपूर्ति में बदलाव कर सकते हैं। इस तरह के बदलाव कर भुगतान फॉर्म जीएसटीआर-3बी में स्वत: भर दिए जाएंगे। जीएसटीएन ने कहा, जुलाई, 2025 की कर अवधि से ऐसी ऑटो-पॉपुलेटेड' देयता गैर-संपादन योग्य हो जाएगी। जुलाई, 2025 कर अवधि के लिए अगस्त, 2025 में फॉर्म जीएसटीआर 3बी पेश किया जाएगा। उसने कहा, "इस प्रकार, करदाताओं को फॉर्म जीएसटीआर 1ए के माध्यम से संशोधन करके अपनी ऑटो-पॉपुलेटेड देयता में संशोधन करने की अनुमति होगी, जिसे जीएसटीआर 3बी दाखिल करने से पहले उसी कर अवधि के लिए दाखिल किया जा सकता है।" एक सारांश विवरण और मासिक जीएसटी भुगतान फॉर्म जीएसटीआर-3बी करदाताओं की विभिन्न श्रेणियों के लिए हर महीने की 20, 22 और 24 तारीख के बीच चरणबद्ध तरीके से दाखिल किया जाता है। वर्तमान में, जीएसटी पोर्टल एक प्री-फिल्ड जीएसटीआर-3बी प्रदान करता है, जहां जीएसटीआर-1/जीएसटीआर-1ए/आईएफएफ में घोषित बाहरी आपूर्ति के आधार पर कर देयता स्वत: भर जाती है।

# कृषि क्षेत्र में पिछले 11 वर्षों में बड़ा बदलाव आया, बजट पांच गुना हुआ : सरकार

- किसानों को खाद्य सुरक्षा से लेकर वैश्विक खाद्य नेतृत्व तक देश का नेतृत्व करने का मिला अधिकार

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने शनिवार को कहा कि पिछले 11 वर्षों में विभिन्न सरकारी योजनाओं और बढ़े हुए बजटीय आवंटन के माध्यम से भारत के कृषि क्षेत्र में गहरा परिवर्तन हुआ है, जिससे किसानों को खाद्य सुरक्षा से लेकर वैश्विक खाद्य नेतृत्व तक देश का नेतृत्व करने का अधिकार मिला है। आधिकारिक बयान के अनुसार, इस परिवर्तन ने छोटे किसानों, महिलाओं के नेतृत्व वाले समूहों और संबद्ध क्षेत्रों का समर्थन करके समावेशिता पर ध्यान केंद्रित किया है, जबकि भारत को वैश्विक कृषि नेता के रूप में स्थापित किया है।

सरकार ने कहा, पिछले 11 वर्षों में, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत के कृषि क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन आया है, जो बीज से बाजार



तक के दर्शन पर आधारित है। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के लिए बजट अनुमान 2013-14 में 27,663 करोड़ रुपये से बढ़कर 2024-25 में 1,37,664.35 करोड़ रुपये हो गया है, जो लगभग पांच गुना वृद्धि है। भारत का खाद्यान्न उत्पादन 2014-15 में 26.50 करोड़ टन से बढ़कर 2024-25 में अनुमानित 34.74 करोड़ टन हो गया है, जो कृषि उत्पादन में मजबूत वृद्धि दर्शाता है। सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में भी उल्लेखनीय वृद्धि की है। गेहूं का एमएसपी 2013-14 में 1,400 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़कर 2024-25 में 2,425 रुपये प्रति क्विंटल हो गया, जबकि धान का मूल्य 2013-14 में 1,310 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़कर 2025-26 में 2,369 रुपये प्रति क्विंटल हो गया है।

फरवरी, 2019 में शुरू की गई पीएम-किसान योजना के तहत सरकार ने 11 करोड़ से अधिक किसानों को 3.7 लाख करोड़ रुपये वितरित किए हैं। किसान क्रेडिट कार्ड योजना ने 7.71 करोड़ किसानों को लगभग 10 लाख करोड़ रुपये का ऋण प्रदान किया है। खरीद के आंकड़े विभिन्न फसलों में सुधार दर्शाते हैं।

# डाक विभाग ने डिजिपिन को बेहतर बनाने के लिए हितधारकों से भागीदारी का किया आग्रह

- अपना डिजिपिन जानें और अपना पिन कोड जानें सेवाएं शुरू करने की घोषणा की

नई दिल्ली, एजेंसी

डाक विभाग ने अपनी जीपीएस आधारित पता सेवा डिजिपिन को बेहतर बनाने के लिए नागरिकों, विकासकर्ताओं और संस्थानों सहित विभिन्न हितधारकों से भागीदारी करने के लिए कहा है। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। डाक विभाग ने 27 मई को राष्ट्रीय भू-स्थानिक नीति 2022 के अनुरूप अपना डिजिपिन जानें और अपना पिन कोड जानें सेवाएं शुरू करने की घोषणा की थी। बयान में कहा गया, डाक विभाग नागरिकों,



विकासकर्ताओं, संस्थानों और अन्य हितधारकों को दोनों पोर्टलों की छानबीन करने और उन्हें बेहतर बनाने में सक्रिय रूप से योगदान करने के लिए प्रोत्साहित करता है। डाक विभाग ने आईआईटी हैदराबाद और एनआरएससी, इसरो के सहयोग से डिजिपिन (डिजिटल पोस्टल इंडेक्स नंबर) विकसित किया है। बयान में कहा गया है कि डिजिपिन पहल का उद्देश्य स्थान मानचित्रण को सरल बनाना, लॉजिस्टिक और आपातकालीन प्रतिक्रिया को बढ़ाना और अंतिम छोर तक वितरण सुनिश्चित करना है। इसमें आगे कहा गया कि अपना पिन कोड जानें सेवा के जरिये डाक विभाग का लक्ष्य छह अंकों की पिन कोड प्रणाली की भौगोलिक सटीकता को आधुनिक बनाना है।

# इन्फोसिस को राहत: 32,400 करोड़ का कारण बताओ नोटिस किया बंद

- जीएसटी आसूचना महानिदेशक ने दी राहत

**नई दिल्ली।** जीएसटी आसूचना महानिदेशक ने वित्त वर्ष 2018-19 से 2021-22 के लिए आईटी कंपनी इन्फोसिस के खिलाफ कारण बताओ नोटिस की पूर्व कार्यवाही बंद कर दी है। इस मामले में 32,403 करोड़ रुपये की जीएसटी राशि शामिल है।

भारत की दूसरी सबसे बड़ी आईटी कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि डीजीजीआई से सूचना प्राप्त होने के साथ ही, यह मामला बंद हो गया है। कंपनी ने शुक्रवार को कहा, जीएसटी पर 31 जुलाई, 2024; एक अगस्त, 2024 और तीन अगस्त, 2024 को हमारी पिछली सूचनाओं के क्रम में, यह सूचित करना है कि




कंपनी को डीजीजीआई से एक संचार प्राप्त हुआ है, जिसमें वित्त वर्ष 2018-19 से 2021-22 के लिए पूर्व-कारण बताओ नोटिस कार्यवाही को बंद कर दिया गया है। कहा कि उसे रिवर्स चार्ज मैकेनिज्म के तहत आईजीएसटी (का भुगतान न करने के मुद्दे पर जुलाई, 2017 से मार्च, 2022 की अवधि के लिए डीजीजीआई द्वारा जारी पूर्व-कारण बताओ नोटिस प्राप्त हुआ था।

### अमेरिकी पिज्जा ब्रांड लिटिल सीजर्स भारत में करेगा प्रवेश

**नई दिल्ली।** अमेरिका स्थित दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी पिज्जा श्रृंखला लिटिल सीजर्स भारतीय बाजार में प्रवेश कर रही है। सबसे तेजी से बढ़ते त्वरित सेवा रेस्तरां बाजारों में से एक भारत, लिटिल सीजर्स के लिए 30वां बाजार होगा। लिटिल सीजर्स दुनिया की सबसे बड़ी पारिवारिक स्वामित्व वाली पिज्जा श्रृंखला है, जिसके लिए इसने अपने फ्रैंचाइजी साझेदार के रूप में हार्नेसिंग हार्वेस्ट को शामिल किया है। कंपनी के एक बयान के अनुसार, उसकी इस महीने दिल्ली-एनसीआर में अपना पहला रेस्तरां खोलने की योजना है।

# वैज्ञानिक उपकरणों व उपभोग्य सामग्री खरीद के नियमों में ढील

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने शोध को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रक्षा क्षेत्र में अनुसंधान करने वाले संस्थानों समेत विभिन्न वैज्ञानिक संस्थानों के लिए वैज्ञानिक उपकरण और उपभोग्य सामग्रियों की खरीद के वास्ते वित्तीय सीमा बढ़ा दी है।

जीएफआर में विशेष प्रावधानों में संशोधन के अनुसार, विभिन्न शोध एवं विकास संस्थानों के कुलपति और निदेशक अब बिना किसी घोषित मूल्य प्रस्ताव के दो लाख रुपये तक के वैज्ञानिक उपकरण और उपभोग्य सामग्री शोध के लिए खरीद सकेंगे, जिसकी पहले एक लाख रुपये की सीमा थी। इनके अनुसार क्रय समिति द्वारा माल की खरीद के लिए वित्तीय सीमा को मौजूदा 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 25 लाख रुपये कर दिया गया है। एलटीई और विज्ञापित निविदा पूछताछ का उपयोग करके माल की खरीद के लिए वित्तीय सीमा मौजूदा 50 लाख रुपये से बढ़ाकर एक करोड़ रुपये कर दी गई है। कुलपतियों और निदेशकों को केवल अनुसंधान प्रयोजनों के लिए आवश्यक वैज्ञानिक उपकरणों और उपभोग्य सामग्रियों की खरीद के लिए 200 करोड़ रुपये तक की वैश्विक निविदा जारी करने की मंजूरी देने के लिए सक्षम प्राधिकारी के रूप में नामित किया गया है।

## खेल डायरी

### पुर्तगाली फुटबॉल रोनाल्डो क्लब विश्वकप में नहीं खेलेंगे

**लिस्बन :** पुर्तगाल फुटबॉल टीम के कप्तान क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने कहा कि वह इस महीने होने वाले क्लब विश्वकप में नहीं खेलेंगे। रोनाल्डो ने कहा मैं क्लब विश्वकप में नहीं रहूंगा। कुछ टीमों ने मुझसे संपर्क किया। कुछ ने समझदारी दिखाई और कुछ ने नहीं, लेकिन आप हर चीज करने की प्रयास नहीं कर सकते। आप हर गेंद को नहीं पकड़ सकते।" 40 वर्षीय रोनाल्डो का जून के आखिर में सऊदी अरब के क्लब अल-नासर के साथ अनुबंध समाप्त हो रहा है। मई में, फीफा के अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने अल-नासर के क्वालीफाई करने में विफल होने के बाद रोनाल्डो के क्लब विश्वकप में खेलने वाली टीम में शामिल होने की संभावना जताई जा रही थी। स्ट्राइकर रोनाल्डो ने मैनचेस्टर यूनाइटेड के साथ अपने अनुबंध की समाप्ति के बाद 2023 में अल-नासर क्लब में शामिल हुए थे। उन्होंने क्लब के लिए 111 मैचों में 99 गोल किए हैं, जिसमें पिछले सत्र में 41 मैचों में 35 गोल शामिल हैं। रोनाल्डो ने बुधवार को जर्मनी के खिलाफ 2-1 की जीत में विजयी गोल करके पुर्तगाल को राष्ट्र लीग फाइनल में जगह दिलाई थी।



### वीरेंद्र कंवर भारतीय वॉलीबॉल महासंघ के अध्यक्ष बने

**नई दिल्ली :** हिमाचल प्रदेश के वीरेंद्र कंवर शनिवार को भारतीय वॉलीबॉल महासंघ के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। उन्होंने लंबे समय से प्रतीक्षित चुनावों में यहां नगालैंड के प्रेम सिंह बाजोर को मात्र दो वोट से हराया। इन चुनावों में अंतरिम समिति का भी चयन किया गया। कंवर को 33 मत मिले जो बाजोर से दो ज्यादा थे। तीसरे उम्मीदवार बिहार के आनंद शंकर को एक भी मत नहीं मिला। राजस्थान के रामानंद चौधरी 33 वोट पाकर नए महासचिव बने, उन्होंने महाराष्ट्र के नीलेश जगताप को चार वोटों से हराया। तेलंगाना के एन वी हनमनाथ और असम के सुशांत विश्वा 36-36 मतों के साथ उपाध्यक्ष चुने गये जबकि हरि सिंह चौहान (मध्य प्रदेश) ने कोषाध्यक्ष पद का चुनाव जीता। आनंद शंकर और कुलदीप वत्स ने दो संयुक्त सचिव पदों पर जीत हासिल की। बिनॉय जोश, मिथलेश कुमार, उत्तम राज, एस रामदास और पार्थ दास को कार्यकारी समिति के सदस्य के रूप में चुना गया।

### इंग्लैंड ने टी20 सीरीज के पहले मैच में वेस्टइंडीज को 21 रन से हराया

**चेस्टर ली स्ट्रीट (इंग्लैंड) :** पूर्व कप्तान जोस बटलर केवल चार रन से शतक से चूक गए। उनकी धमाकेदार पारी और लंबे समय बाद वापसी करने वाले बाएं हाथ के स्पिनर लियाम डॉसन की शानदार गेंदबाजी की मदद से इंग्लैंड ने टी20 सीरीज के पहले मैच में वेस्टइंडीज को 21 रन से हराया। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 188 रन बनाए। इसके जवाब में वेस्टइंडीज की टीम नौ विकेट पर 167 रन ही बना सकी। आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करने वाले बटलर ने अपनी अच्छी फॉर्म बरकरार रखी तथा 59 गेंद पर 96 रन बनाए, जिसमें छह चौके और चार छक्के शामिल हैं। उनके अलावा सलामी बल्लेबाज जेमी स्मिथ ने 38 और जैकब बैथेल ने नाबाद 23 रन का योगदान दिया।

### केएलएम ओपन में शर्मा कट से चूके, अहलावत रिटायर हुए

**एम्सटर्डम :** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा यहां केएलएम ओपन के दूसरे दिन एक ओवर 72 का कार्ड खेलने के बाद कट में जगह बनाने में असफल रहे। शर्मा ने पहले राउंड में 78 का स्कोर बनाया था। अंधेरा होने के कारण दूसरे दिन का खेल पूरा नहीं हो पाया था। हालांकि अनुमानित कट चार ओवर पर निर्धारित है, लेकिन शर्मा का स्कोर आठ ओवर पर है और उनका कट से चूकना निश्चित है। उन्होंने अपने दूसरे राउंड में दो बर्डी बनाई और एक बोगी की। इस बीच वीर अहलावत पहले दिन के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद रिटायर हो गए। उन्होंने पहले दौर में 78 का कार्ड खेला था।

### भारत की दीक्षा डागर स्पेन में संयुक्त तीसरे स्थान पर

**टेनेरिफ (स्पेन) :** भारत की दीक्षा डागर ने पहले दौर की तरह दूसरे दौर में भी अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए तीन अंडर 69 का कार्ड खेला और वह लेडीज यूरोपीय टूर के टेनेरिफ महिला ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त तीसरे स्थान पर पहुंच गई हैं। इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने 70 और 69 का स्कोर बनाया है और दो राउंड के बाद पांच अंडर पर हैं। वह दो दिन के बाद एकल बढ़त हासिल करने वाली लॉरेन वॉल्श (67-68) से चार शॉट पीछे हैं। अवनि प्रशांत ने दूसरे दिन तीन ओवर पार 75 का स्कोर बनाया और 43वें स्थान पर खिसक गईं। भारत के अन्य खिलाड़ियों में त्वेसा मलिक (73-75), हिताशी बख्शी (72-76) और स्नेहा सिंह (77-79) कट में जगह बनाने में असफल रहीं। कट तीन ओवर पार पर निर्धारित किया गया था।

### सप्तक तलवार ने स्विस चैलेंज में 25वां स्थान हासिल किया

**ल्यूसर्न (स्विट्जरलैंड) :** भारत के सप्तक तलवार ने अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए लगातार दूसरे राउंड में दो अंडर 69 का स्कोर बनाया और वह यहां स्विस चैलेंज गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 25वें स्थान पर हैं। तलवार ने अपने राउंड की शुरुआत फ्रंट नाइन से की लेकिन उनकी दोनों बर्डी बैक नाइन में आईं। उन्होंने 14वें और 17वें होल में बर्डी बनाई। पहले दो राउंड के बाद उनका कुल स्कोर चार अंडर पार है। स्पेन के सैंटियागो टारियो (65-68), इंग्लैंड के क्रिस पैस्ले (70-63), स्वीडन के टोबियास जोनसन (65-68) और अमेरिका के मैट ओशरीन (65-68) दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद नौ अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त बढ़त पर थे।

# कोको गॉफ ने फ्रेंच ओपन खिताब जीता

## महिला एकल में शीर्ष वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका को 6-7, 6-2, 6-4 से हराया

**पेरिस, एजेंसी**

अमेरिका की कोको गाफ ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए शीर्ष रैंकिंग वाली एरिना सबालेंका को 6-7, 6-2, 6-4 से हराकर पहली बार फ्रेंच ओपन महिला एकल खिताब जीत लिया। दूसरी रैंकिंग वाली गाफ इससे पहले 2023 अमेरिकी ओपन जीत चुकी हैं। रोलां गैरो पर 2013 के बाद पहली बार दुनिया की पहले और दूसरे नंबर की खिलाड़ी के बीच फाइनल खेला गया। बारह साल पहले सेरेना विलियम्स ने मारिया शारापोवा को हराकर खिताब जीता था। पिछले 30 साल में यह दूसरी बार है जब खिताबी भिड़ंत शीर्ष दो खिलाड़ियों के बीच हुई है।



संयुक्त राज्य अमेरिका की कोको गौफ फ्रेंच टेनिस ओपन के फाइनल जीतने के बाद जश्न मनाती हुईं। ● एजेंसी



महिला व्हीलचेयर एकल फाइनल मैच के बाद ट्रॉफी के साथ जापान की यूई कामीजी। उन्होंने नीदरलैंड की एनीक वान कूट को हराया। ● एजेंसी



# जोकोविच का फ्रेंच ओपन में आगे खेलना अनिश्चित

**पेरिस, एजेंसी**

रिकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले नोवाक जोकोविच सेमीफाइनल में शीर्ष रैंकिंग वाले यानिक सिनर से हारने के बाद इस बात को लेकर अनिश्चित हैं कि वह दोबारा फ्रेंच ओपन में खेल पाएंगे या नहीं। जोकोविच ने सिनर से सीधे सेटों में हारने के बाद अपना बैग नीचे रखा और दर्शकों का आभार व्यक्त किया।

जोकोविच अगले साल फ्रेंच ओपन तक 39 वर्ष के हो जाएंगे। इस स्टार खिलाड़ी ने कहा मेरा मतलब है कि यह मेरा यहां खेला गया आखिरी मैच हो सकता था, इसलिए मुझे नहीं पता। इसलिए मैं आखिर में थोड़ा अधिक भावुक था।

अगर यह फ्रेंच ओपन में मेरे करियर का आखिरी मैच था तो दर्शकों ने जिस तरह से मेरा समर्थन किया उसे देखते हुए यह अद्भुत था। जोकोविच ने मैच हारने के बाद अपना हाथ चूमा, फिर उसे मिट्टी पर रख दिया, मानो फ्रेंच ओपन को अलविदा कह रहे हों, जहां वह तीन बार चैंपियन रहे थे।

उन्होंने अपना बैग ऊपर खींचा, स्टैंड की तरफ देखा और फिर बाहर चले गए। उन्होंने कहा क्या मैं आगे खेलना चाहता हूं, हां, मैं चाहता हूं। लेकिन क्या मैं 12 महीने बाद यहां खेल पाऊंगा, मुझे नहीं पता।

# याराजी ने 100 मीटर बाधादौड़ में मारी बाजी

**ताइपे सिटी, एजेंसी**

**ताइवान ओपन**

एशियाई चैंपियन ज्योति याराजी ताइवान एथलेटिक्स ओपन में शनिवार को महिलाओं की सौ मीटर बाधा दौड़ में अव्वल रही और भारत के छह एथलीटों को स्वर्ण पदक मिला।

राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी याराजी ने 12.99 सेकंड का समय निकाला। जापान की असुका तेराडा (13.04 सेकंड) और चिसातो कियोयामा (13.10 सेकंड) को क्रमशः रजत और कांस्य पदक मिला। याराजी ने



29 मई को दक्षिण कोरिया में एशियाई चैम्पियनशिप में भी स्वर्ण पदक जीता था जिसमें उन्होंने 12.96 सेकंड का समय निकाला था। राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी तेजस सिरसे ने पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़ में 13.52 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण जीता। ताइवान के सियेह युआन केइ (13.72 सेकंड) को रजत और कुइ रू चेन (13.75) को कांस्य पदक मिला। भारत की चार गुणा 100 मीटर रिले टीम (गुरिंदरवीर सिंह, अनिमेष कुजूर, मणिकांता होबलीधर और अमलान बोरगोहेन) ने स्वर्ण पदक जीता। वे अपने ही 38.69 सेकंड के राष्ट्रीय रिकॉर्ड से सेकंड के 600वें हिस्से से चूक गए। वे हालांकि तोक्यो विश्व चैम्पियनशिप के क्वालीफाइंग मार्क से भी चूक गए।

# कार्लसन ने नॉर्वे शतरंज का खिताब जीता

**स्टावेंजर (नॉर्वे), एजेंसी**

● **विश्व चैंपियन डी गुकेश तीसरे स्थान पर रहे**

विश्व चैंपियन डी गुकेश अंतिम दौर में अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना से हारने के कारण नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में तीसरे स्थान पर रहे, जबकि पांच बार के विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन ने यहां रिकॉर्ड सातवां खिताब जीता।

गुकेश ने 2018 के नॉर्वे शतरंज चैंपियन कारूआना के खिलाफ समय समाप्त होने के कारण एक बड़ी गलती की इसके बाद उन्हें एहसास हुआ कि मौका उनके हाथ से निकल गया है।



गत विजेता कार्लसन ने शुक्रवार को 10वें राउंड में भारत के अर्जुन एरिगैसी के खिलाफ मुख्य बाजी ड्रॉ कराकर अपने अंकों की संख्या 16 पर पहुंचाई और इस तरह से खिताब अपने नाम पक्का किया। कारूआना 15.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। गुकेश 14.5 अंकों के साथ तीसरे जबकि एरिगैसी 13 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रहे। एरिगैसी ने स्थानीय खिलाड़ी कार्लसन के खिलाफ आर्मागेडन टाई-ब्रेक जीता, लेकिन अंत में इसका कोई महत्व नहीं रहा। महिला वर्ग मे दो बार की विश्व ब्लिट्ज़ चैंपियन, यूक्रेन की अन्ना मुज़ीचुक ने अंतिम राउंड में भारत की आर वैशाली से आर्मागेडन टाई-ब्रेक में हारने के बावजूद 16.5 अंकों के साथ खिताब जीता। भारतीय खिलाड़ियों में कोनेरू हम्पी 15 अंक लेकर तीसरे स्थान पर रही जबकि वैशाली टूर्नामेंट में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर सकी। उन्होंने 11 अंकों के साथ टूर्नामेंट का समापन किया।

# ब्रिटेन पहुंची भारतीय क्रिकेट टीम

**लंदन, एजेंसी**

● **इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज 20 जून से खेलेगी टीम**

भारतीय क्रिकेट टीम इंग्लैंड के खिलाफ इस महीने के आखिर में शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए ब्रिटेन पहुंच गई है। यह सीरीज 2025-27 आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र का हिस्सा है। भारतीय टीम शुक्रवार की रात को मुंबई से ब्रिटेन के लिए रवाना हुई थी।

नवनियुक्त कप्तान शुभमन गिल भारतीय टीम की अगुआई करेंगे, जो रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गजों के हाल ही में संन्यास लेने के बाद एक नए युग की शुरुआत होगी। कई भारतीय खिलाड़ी भारत ए टीम के हिस्से के रूप में पहले ही इंग्लैंड पहुंच चुके हैं। भारत ए अभी इंग्लैंड लायंस के खिलाफ तीन मैचों की अनधिकृत टेस्ट सीरीज में भाग ले रही है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा एक्स पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किए गए साई सुदर्शन ने कहा भारतीय क्रिकेट टीम का हिस्सा बनकर अच्छा लग रहा है विशेषकर टेस्ट श्रृंखला के लिए। ब्रिटेन में आपका स्वागत है। पहला टेस्ट 20 जून से लीड्स में खेला जाएगा। इसके बाद बर्मिंघम (2-6 जुलाई), लॉर्ड्स (10-14 जुलाई), मैनचेस्टर (23-27 जुलाई) और ओवल (4-8 अगस्त) में मैच खेले जाएंगे।



भारतीय क्रिकेट टीम। ● एजेंसी

### इंडिया ए ने बनाया 348 रन का सम्मानजनक स्कोर

**नॉर्थैम्प्टन :** केएल राहुल के शानदार शतक और ध्रुव जुरेल के अर्धशतकीय पारियों के दम पर इंडिया ए टीम ने दूसरे अनौपचारिक टेस्ट के दूसरे दिन शनिवार को 348 रन स्कोर सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। आज यहां भारत के कल के सात विकेट पर 319 रन के स्कोर से आगे खेला शुरू किया। इंडिया ए ने अपना आठवां विकेट कल के स्कोर में 10 रन जोड़कर तनुष कोटियान (15) के रूप में गवां दिया। उन्हें जॉश टंग ने बोल्ड आउट किया। अंशुल काम्बोज (दो) और तुषार देशपांडे (11) रनआउट हुये। इन दोनों बल्लेबाजों को टंग ने अपना शिकार बनाकर भारतीय पारी को समेटा। इससे पहले दिन के एल राहुल ने राहुल का 168 गेंदों में (116) रनों की शतकीय पारी खेली थी।

### भारत को गिल को लंबे समय तक टेस्ट कप्तानी की जिम्मेदारी देनी चाहिए : पोंटिंग

**नई दिल्ली :** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि भारत ने टेस्ट टीम की कमान शुभमन गिल को सौंपकर सही फैसला किया है और अब इस युवा बल्लेबाज को खुद को साबित करने के लिए लंबे समय तक मौका दिया जाना चाहिए। पोंटिंग को उम्मीद है कि भारतीय टीम मौजूदा बदलाव के दौर को अन्य देशों की तुलना में बेहतर तरीके से निपट सकती है। भारतीय टीम 20 जून से इंग्लैंड में पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में नयी शुरुआत करेगी। टीम को हाल ही में संन्यास लेने वाले विराट कोहली, रोहित शर्मा और रविचंद्रन अश्विन के अलावा फिटनेस संबंधी परेशानी का सामना कर रहे मोहम्मद शमी की सेवाएं नहीं मिलेंगी। पोंटिंग ने 'आईसीसी रिव्यू' पर कहा मुझे लगता है कि यह सही कदम है। मुझे पता है कि बहुत से लोग और विशेषज्ञ कह रहे हैं कि बुमराह को कप्तान क्यों नहीं बनाया गया और उन्होंने शुभमन को क्यों चुना, लेकिन मुझे लगता है कि इसे समझना बहुत ही सरल है। उन्होंने कहा बुमराह पिछले कुछ वर्षों से चोटिल होते रहे हैं और इसी वजह से वह इस दौड़ में थोड़े पीछे चले गए।



## डब्ल्यूटीसी फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के लिए नयी चुनौती होगी: लियोन

**लंदन :** ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज स्पिनर नाथन लियोन का मानना है कि सभी प्रारूपों में आईसीसी ट्रॉफी जीतने का अनुभव होने के बावजूद उनकी टीम के लिए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका से भिड़ना एक अलग चुनौती होगी क्योंकि यह मुकाबला ड्यूक गेंद के साथ विदेशी परिस्थितियों में खेला जाएगा।

ऑस्ट्रेलिया 11 जून से लॉर्ड्स में होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल में गत विजेता के रूप में उतरेगा। उनकी टीम में पिछले डब्ल्यूटीसी फाइनल के अलावा 2015 वनडे विश्व कप, 2021 टी20 विश्व कप और 2023 वनडे विश्व कप जीतने वाले खिलाड़ी भी शामिल हैं। आईसीसी ने लियोन के हवाले से कहा हमारी टीम में तीन (50 ओवर) विश्व कप और टी20 विश्व कप जीतने वाले खिलाड़ियों के साथ दो साल पहले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल जीतने वाले खिलाड़ियों का अनुभव है। यह अनुभव और बड़े मैचों के दबाव झेलने की क्षमता हमारे पक्ष में है।

# मेसी निश्चित रूप से केरल का दौरा करेंगे

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी**

केरल के खेल मंत्री वी अब्दुरहीमान ने शनिवार को कहा कि सरकार की पहले की घोषणा के मुताबिक महान फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेसी की अगुआई वाली अर्जेंटीना की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम निश्चित रूप से राज्य का दौरा करेगी। उन्होंने बताया कि प्रायोजक ने इस आयोजन के लिए मैच फीस का भुगतान कर दिया है। उन्होंने कहा कि अर्जेंटीना की टीम के इस साल अक्टूबर-नवंबर में आने की अधिक संभावना है। इस दौरे के दौरान टीम को सरकारी मेहमान की सुविधाएं मिलेंगी। सरकार उनकी सुरक्षा, आवास और अन्य सुविधाओं का खर्च भी उठाएगी। मीडिया के एक वर्ग में ऐसी खबरें थी कि अर्जेंटीना की टीम ने केरल का अपना निर्धारित दौरा रद कर दिया है क्योंकि प्रायोजकों ने अनुबंध के नियमों का उल्लंघन किया है। खेल मंत्री ने हालांकि राज्य में फुटबॉल के प्रशंसकों की उम्मीदों को बनाये रखने की कोशिश की



● **केरल के खेल मंत्री अब्दुरहीमान ने कहा-प्रायोजक ने मैच फीस का भुगतान किया**

है। अब्दुरहीमान और प्रायोजक (रिपोर्टर ब्रॉडकास्टिंग कंपनी) दोनों ने इन रिपोर्टों को दृढ़ता से खारिज कर दिया था और दोहराया था कि विश्व चैंपियन खिलाड़ी केरल में मैत्री मैच का हिस्सा होगा। मंत्री ने शुक्रवार को फेसबुक पर एक संक्षिप्त पोस्ट लिखकर कहा कि 'मेसी आएंगे'। इससे यह मुद्दा फिर से चर्चा में आ गया। उन्होंने इस पोस्ट में 'रिपोर्टर ब्रॉडकास्टिंग कंपनी' को भी धन्यवाद दिया। उन्होंने शनिवार को मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि प्रायोजक द्वारा मैच फीस के भुगतान में कुछ देरी हुई थी और अब यह मामला सुलझ गया है।

# अंताल्या में भारतीय तीरंदाजों ने किया निराशाजनक प्रदर्शन

**अंताल्या (तुर्की), एजेंसी**

● **टीम चयन, तैयारी, मानसिक दृढ़ता पर सवाल उठने तय**

● **पिछले महीने शंघाई में भारत दो स्वर्ण समेत सात पदकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा था**

भारतीय तीरंदाज यहां विश्व कप के तीसरे चरण से खाली हाथ लौटेंगे। जिससे टीम चयन, तैयारी, मानसिक दृढ़ता पर सवाल उठने तय है। चूंकि एशियाई खेलों में अब एक साल का ही समय रह गया है। पिछले महीने शंघाई में भारत दो स्वर्ण, एक रजत और चार कांस्य पदकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा था। लेकिन अंताल्या में तीसरे चरण में रिकर्व और कंपाउंड दोनों वर्गों में निराशा हाथ लगी।

कंपाउंड वर्ग में व्यक्तिगत और टीम दोनों स्पर्धाओं में भारत के बाहर होने के बाद रिकर्व वर्ग में भी नतीजे उतने ही निराशाजनक रहे। चार बार की ओलंपियन दीपिका कुमारी और तरूणदीप राय पदक दौर में भी नहीं पहुंच सके। सिमरनजीत कौर ने जरूर सभी को चौंकाते हुए ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अन सान के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मुकाबला शूटआफ तक खींचा। सिमरनजीत एक समय 5.3 से आगे थी और उन्हें जीत के लिए एक ही अंक की जरूरत थी, लेकिन निर्णायक सेट में वह लय कायम नहीं रख पाई। पांचवें सेट में पांच और आठ के स्कोर के कारण मुकाबला शूटआफ में गया। नयी स्कोरिंग प्रणाली के तहत कोरियाई तीरंदाज ने 11 स्कोर किया जबकि सिमरनजीत का स्कोर आठ रहा। वह 5-6 (29-28, 24-29, 27-24, 27-27, 23-29) (8-11)से हार गई। अन सान ने दीपिका को लगातार तीसरी बार हराया। शंघाई में कांस्य पदक जीतने वाली दीपिका पर उन्होंने 6.0 से जीत दर्ज की। दुनिया की पूर्व नंबर एक तीरंदाज दीपिका बड़े तीरंदाजों के सामने लगातार विफल रहीं हैं और अपनी गलतियों से सबक भी नहीं सीख पा रही। क्वालीफिकेशन में 32वें स्थान पर रही अंकिता भकत पहले दौर में ही डी येंहिहयात के खिलाफ 2-6 (27-26, 26-28, 29-30, 28-29) से हार गई।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम यूरोप में खेलेगी

**नई दिल्ली :** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम इस साल चिली के सैंटियागो में होने वाले एफआईएच जूनियर महिला विश्व कप की तैयारियों के सिलसिले में आठ से 17 जून तक बेल्जियम, ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड के खिलाफ पांच मैच खेलेगी।

भारतीय टीम ने हाल ही में अर्जेंटीना के रोसारियो में चार देशों के टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया, जहां से वह सीधे बेल्जियम के लिए रवाना हो गई थी। भारत यूरोप के अपने दौरे की शुरुआत एंटवर्प के हॉकी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, विलरिज प्लीन में बेल्जियम के खिलाफ तीन मैचों के साथ करेगा। इसके बाद भारतीय टीम कोंटिच में बीयरशॉट टेनिस हॉकी पैडल क्लब में आस्ट्रेलिया से भिड़ेगी।

# धोखाधड़ी में 30 पहलवान निलंबित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● **उम्र में हेरफेर करने का मामाला डब्ल्यूएफआई ने की कार्रवाई**

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने जूनियर स्तर पर अधिक उम्र के पहलवानों पर शिकंजा कसते हुए पिछले महीने 400 से अधिक ऐसे मामलों की जांच के बाद 30 पहलवानों को अस्थायी तौर पर निलंबित कर दिया है। डब्ल्यूएफआई ने मुख्य रूप से दिल्ली के अखाड़ों के प्रशिक्षकों और पहलवानों की शिकायतों पर कार्रवाई की, जिसमें कहा गया था कि हरियाणा के कई पहलवानों ने फर्जी प्रमाण पत्र हासिल करके यह दिखाया है कि वे राष्ट्रीय राजधानी में पैदा हुए हैं और जूनियर स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के पात्र हैं।

इनमें दो पहलवान ऐसे हैं जिन्होंने हाल में बिहार में आयोजित खेलो इंडिया खेल में पदक जीते थे।

डब्ल्यूएफआई के एक सीनियर अधिकारी ने पीटीआई को बताया हम पहलवानों का करियर खराब नहीं करना चाहते, इसलिए हमने उन्हें जूनियर स्तर की प्रतियोगिताओं जैसे अंडर-18 और कैडेट स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया है। अगर वे 18 वर्ष से अधिक उम्र के हैं तो उन्हें सीनियर स्तर पर प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए। उन्हें अपने मूल राज्य का प्रतिनिधित्व करना चाहिए।

उन्होंने कहा उन्हें डब्ल्यूएफआई से अपने कृत्य और धोखाधड़ी के लिए माफ़ी मांगनी चाहिए। हम उनके मामलों पर विचार करेंगे। यह कुछ समय से चल रहा है। पिछले 30-40 दिनों में हमने एक-एक करके लगभग 30 ऐसे पहलवानों को निलंबित किया है। डब्ल्यूएफआई अधिकारी ने बताया कि इनमें से अधिकतर पहलवानों ने हरियाणा में अपने प्रशिक्षकों के बहकावे में आकर दिल्ली के नरेला और रोहिणी क्षेत्र से फर्जी जन्म प्रमाण पत्र हासिल करने के लिए रिश्वत दी। उन्होंने कहा ऐसे 436 मामलों में से करीब 300 मामले नरेला क्षेत्र से थे, जबकि बाकी मामले सुल्तानपुरी और मंगोलपुरी जैसे क्षेत्र से थे जो रोहिणी क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। इनमें से अधिकतर पहलवान बेगमपुरा से आयु प्रमाण पत्र हासिल कर रहे थे। अधिकारी ने कहा वे सभी दिल्ली का प्रतिनिधित्व करना चाहते थे, क्योंकि हरियाणा की टीम में चयन होना आसान नहीं है। हमने शिकायतें मिलने के बाद एमसीडी और दिल्ली छावनी बोर्ड से संपर्क किया तथा जांच और सत्यापन के बाद यह साबित हो गया कि उनके प्रमाण पत्र फर्जी थे। उन्होंने कहा इसके लिए कोच जिम्मेदार हैं।

# किडनी मरीज की उड़ान छूटी, शिंदे ने अपने चार्टर्ड विमान से पहुंचाया मुंबई

ठाणे, एजेंसी



महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने किडनी की बीमारी से जूझ रही महिला की उड़ान छूटने पर मदद करते हुए अपने चार्टर्ड विमान से जलगांव से मुंबई पहुंचाया। मुंबई में महिला का किडनी प्रत्यारोपण होना था।

शिंदे के कार्यालय ने शनिवार को बताया कि यह घटना शुक्रवार रात जलगांव हवाई अड्डे पर हुई। उपमुख्यमंत्री शिंदे जलगांव के मुक्तैनगर में संत मुक्ताबाई पालखी प्रस्थान समारोह में गए थे। मुंबई लौटते समय जलगांव हवाईअड्डे पर उनकी उड़ान थोड़ी देर से रवाना हुई। यही देरी एक महिला मरीज के लिए जीवन बचाने वाली साबित हुई, जिसे तुरंत किडनी प्रत्यारोपण की जरूरत थी। शीतल बोर्डे नामक महिला को सर्जरी के लिए मुंबई के अस्पताल में भर्ती कराया जाना था, लेकिन जब वह हवाई अड्डा पहुंचीं, तब तक उसकी उड़ान प्रस्थान कर चुकी थी। इससे उसे अपनी सर्जरी असंभव प्रतीत होने लगी। जब बोर्डे ने अपनी परेशानी हवाईअड्डे पर मौजूद कार्यकर्ताओं को बताई, तो उन्होंने तुरंत राज्य के मंत्री गिरीश महाजन से संपर्क किया। महाजन ने उपमुख्यमंत्री शिंदे से मदद की अपील की। शिंदे ने महिला और उसके पति को अपने चार्टर्ड विमान में मुंबई ले जाने की अनुमति दी। यात्रा के दौरान उपमुख्यमंत्री ने खुद महिला से बातचीत की और उसके इलाज के बारे में जानकारी ली।

### शिंदे के विमान को पायलट ने उड़ाने से किया इन्कार

**मुंबई।** महाराष्ट्र के जलगांव में डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे का विमान पायलट ने यह कहते हुए उड़ाने से मना कर दिया कि उसका ड्यूटी टाइम खत्म हो गया है, जिससे वहां हड़कंप मच गया। नेता और एयरपोर्ट के अधिकारियों के मनाने के बाद वह पायलट उड़ाने ले जाने को तैयार हो गया। शिंदे मुंबई से शाम को जलगांव पहुंचे और रात में वहां से मुंबई आना था, लेकिन पायलट ने उड़ान भरने से मना कर दिया और कहा कि उसका ड्यूटी टाइम खत्म हो गया। इसके बाद मंत्री गिरीश महाजन, गुलाबराव पाटिल और जिला कलेक्टर और विमानन प्राधिकरण के अधिकारी, पायलटों को मनाने की कोशिश करने लगे। पायलटों से शिंदे की बंद कमरे में बातचीत हुई।

# डॉक्टर इंटरनेट कर रहा बीमार

## बढ़ा रहा जान का जोखिम

आजकल इंटरनेट और सोशल मीडिया के माध्यम से लोग स्वास्थ्य संबंधी जानकारी आसानी से प्राप्त कर रहे हैं। डॉक्टरों के बनाए रील्स और वीडियो कई बार उपयोगी जानकारी देते हैं, लेकिन कई लोग इन्हें देखकर खुद ही अपना इलाज करने लगते हैं। यह प्रवृत्ति बेहद खतरनाक हो सकती है क्योंकि हर व्यक्ति की बीमारी, शारीरिक स्थिति और दवा की प्रतिक्रिया अलग होती है। खुद इलाज करने से गलत दवाएं लेना, बीमारी का सही निदान न होना और गंभीर जटिलताएं उत्पन्न हो सकती हैं। ऐसे में जरूरी है कि लोग ऑनलाइन जानकारी को केवल संदर्भ के रूप में लें और किसी भी इलाज से पहले योग्य डॉक्टर से परामर्श करें। यह प्रवृत्ति कितनी घातक हो सकती है, इससे बचने के लिए लोगों का जागरूक होना बेहद जरूरी है...



### रील्स देखकर इलाज करना घातक

इंटरनेट पर मौजूद डॉक्टरों के रील्स या वीडियो जनता को आसान भाषा में स्वास्थ्य की जानकारी देते हैं, लेकिन जब लोग बिना विशेषज्ञ की सलाह के इलाज करना शुरू कर देते हैं, तब यह बेहद खतरा होता है। इसमें गलत दवा का सेवन, लक्षणों के आधार पर गलत बीमारी का अनुमान, गंभीर बीमारियों का समय पर पता न चलना, दवाओं के दुष्प्रभाव या एलर्जी की आशंका बढ़ जाती है।

### जागरूकता

लोगों को यह समझना बेहद ज़रूरी है कि डॉक्टर की सलाह केवल स्क्रीन देखकर नहीं ली जा सकती। स्वास्थ्य से जुड़ी ऑनलाइन सामग्री को जानकारी के लिए देखें, इलाज के लिए नहीं। सोशल मीडिया पर साझा की जानकारी के स्रोत और प्रमाण की जांच करें। डॉक्टर की सलाह को प्राथमिकता दें। स्कूल, कॉलेज व पंचायत स्तर पर स्वास्थ्य शिक्षा पर बल देना चाहिए।

### सरकार की भूमिका

सरकार और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को प्रयास करना होगा ताकि इसको रोका जा सके। भ्रामक मेडिकल सामग्री को हटाने के लिए कड़े नियम लागू होने चाहिए। डॉक्टरों को रील्स बनाते समय सामान्य जानकारी मात्र जैसे डिस्क्लेमर अनिवार्य करना चाहिए। सरकार स्वास्थ्य मंत्रालय के माध्यम से प्रमाणित जानकारी देने वाले पोर्टल्स को बढ़ावा दे सकती है।

### कानूनी प्रावधान

भारत में ड्रग एंड मैजिक रैमेडिस एक्ट, 1954 और क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत झूठे इलाज का प्रचार-प्रसार दंडनीय अपराध है। गलत या भ्रामक इलाज दिखाने पर सजा या जुर्माना हो सकता है। बिना रजिस्टर्ड मेडिकल प्रैक्टिशनर के इलाज बताना कानून गलत है। साइबर अपराध कानून के तहत भी शिकायत दर्ज की जा सकती है।

### हाल ही में हुईं घटनाएं

**मथुरा : स्वयं सर्जरी का प्रयास-** मार्च 2025 में मथुरा के वृंदावन के राजा बाबू ने पेट दर्द से परेशान होकर यूट्यूब वीडियो देखकर खुद सर्जरी करने का प्रयास किया। उन्होंने मेडिकल स्टोर से सर्जिकल उपकरण और दवाएं खरीदीं, और अपने पेट पर सात इंच का चीरा लगाकर 11 टांके लगाए। स्थिति बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

**मैनपुरी : डॉक्टर की लापरवाही से मौत-** जनवरी 2025 में, मैनपुरी के महाराजा तेज सिंह जिला अस्पताल में महिला की हार्ट अटैक से मौत हो गई, जब ऑन-ड्यूटी डॉक्टर इंस्टाग्राम और फेसबुक पर रील्स देखने में व्यस्त थे। परिजनों के आग्रह के बावजूद डॉक्टर ने मरीज को नहीं देखा।

**पुणे : फिटनेस रील्स से चोट-** पुणे के निवासी ने सोशल मीडिया पर फिटनेस विशेषज्ञ की रील देखकर कंधे और पेट की एक्सरसाइज की, जिससे उनके कंधे में चोट लग गई और उन्हें दो महीने तक फिजियोथेरेपी करानी पड़ी।

## एक नजर

### जासूसी में गिरफ्तार यूट्यूबर की हिरासत दो दिन बढ़ी

**चंडीगढ़।** पंजाब में मोहाली की अदालत ने जासूसी के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर जसबीर सिंह की पुलिस हिरासत शनिवार को दो दिन के लिए बढ़ा दी। यूट्यूबर को चार जून को गिरफ्तार किया गया था। शनिवार को, तीन दिन की पुलिस हिरासत की अवधि समाप्त होने के बाद सिंह को अदालत में पेश किया गया। सिंह के वकील ने बताया कि पुलिस ने उसे सात दिन की रिमांड में देने का अनुरोध किया था, लेकिन अदालत ने दो दिन के लिए ही हिरासत में भेजा। पुलिस के अनुसार, यूट्यूबर सोशल मीडिया 'इन्फ्लुएंसर' ज्योति मल्होत्रा के कथित रूप से संपर्क में था, जो पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में अभी हिरासत में है।

### अमेरिका : आव्रजन उल्लंघन पर 44 लोग गिरफ्तार

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका के लॉस एंजिलिस में संघीय आव्रजन अधिकारियों ने आव्रजन नियम के उल्लंघन पर शुक्रवार को 44 लोगों को गिरफ्तार किया। एक संघीय हिरासत केंद्र के बाहर उस समय झड़प देखी गई जब इस कार्रवाई का विरोध करने जुटे लोगों को तितर-बितर करने के लिए अधिकारियों ने आंसू गैस के गोले दागे। गृह मंत्रालय की प्रवक्ता यास्मीन पिट्स ओ'कीफ ने बताया कि आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन अधिकारियों और एजेंटों ने तीन स्थानों पर तलाश अभियान चलाया।

### नेपाल में सोना रखने के आरोप में भारतीय गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल में एक भारतीय को 274 ग्राम सोना लाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पश्चिम बंगाल के महादेव सामंत को शुक्रवार को काठमांडू जा रही बस में सुरक्षा जांच के दौरान चंद्रगिरि नगर पालिका के नागधुंगा से गिरफ्तार किया गया। भारतीय नागरिक बिना सीमा शुल्क चुकाए सोना लेकर आया था।

### रूसी हमले में यूक्रेन के चार की मौत, 26 घायल

**कीव।** रूस ने यूक्रेन के खारकीव शहर को निशाना बनाकर शनिवार को ड्रोन और मिसाइल से बड़े पैमाने पर हमले किए, जिनमें चार लोगों की मौत हो गई और 26 अन्य घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रूसी बमबारी में घातक हवाई ग्लाइड बम भी इस्तेमाल किए गए। यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर पर पहला हमला तड़के सुबह रूसी ड्रोन और मिसाइल से किया गया। इसमें तीन लोगों की मौत हो गई और 21 अन्य घायल हो गए।

# अपराधियों को पीड़ितों के समान रखने के लिए भारत तैयार नहीं : विदेश मंत्री

## जयशंकर ने ब्रिटेन के विदेश मंत्री लैमी के साथ व्यापक वार्ता के दौरान की टिप्पणी

- जयशंकर के साथ वार्ता करने से पहले ब्रिटिश मंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात

नई दिल्ली, एजेंसी



नई दिल्ली में बैठक के दौरान ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी के साथ एस जयशंकर।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी के साथ व्यापक वार्ता के दौरान शनिवार को कहा कि भारत अपने सहयोगी देशों से यह अपेक्षा करता है कि वे उसकी आतंकवाद को कतई बर्दाशत नहीं करने की नीति को समझे और वह (भारत) कभी भी 'अपराध करने वालों' को पीड़ितों के समकक्ष रखने को स्वीकार नहीं करेगा। जयशंकर की यह टिप्पणी वैश्विक समुदाय को स्पष्ट संदेश देने की कोशिश प्रतीत होती है।

विदेश मंत्री की यह टिप्पणी उस पृष्ठभूमि में आई है जब पिछले माह भारत और पाकिस्तान के बीच हुए चार दिन के संघर्ष के बाद कई देशों द्वारा दोनों को एक ही तराजू पर तौलने को लेकर नयी दिल्ली में असहजता महसूस की जा रही है। लैमी दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी के कई पहलुओं की समीक्षा करने के लिए दो दिवसीय यात्रा पर आज सुबह नयी दिल्ली पहुंचे। ब्रिटेन की विज्ञप्ति में कहा गया है कि आर्थिक और प्रवासन संबंधों को मजबूत करना तथा ब्रिटिश व्यवसायों के लिए और अधिक विकास के अवसर प्रदान करना, ब्रिटेन के विदेश मंत्री की भारत यात्रा की शीर्ष प्राथमिकता होगी।

जयशंकर के साथ वार्ता करने से पहले ब्रिटिश मंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। लैमी के साथ बैठक के दौरान टेलीविज़न पर प्रसारित संबोधन में जयशंकर ने पहलगाम हमले की निंदा करने के लिए ब्रिटेन का आभार व्यक्त किया और आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में लंदन द्वारा दिखाई एकजुटता और समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, हम आतंकवाद को कतई बर्दाशत नहीं करने की नीति का अनुसरण करते हैं और सहयोगी देशों से अपेक्षा करते हैं कि वे इसे समझे। साथ ही, हम कभी भी अपराधियों को पीड़ितों के समकक्ष रखने को स्वीकार नहीं करेंगे। ब्रिटेन उन देशों में शामिल था जो पिछले माह 7-10 मई तक सैन्य संघर्ष के दौरान तनाव को कम करने के प्रयास में भारत और पाकिस्तान दोनों के संपर्क में थे। लैमी 16 मई को इस्लामाबाद की दो दिवसीय यात्रा पर गए थे जिस दौरान उन्होंने सैन्य संघर्ष रोकने के लिए भारत तथा पाकिस्तान के बीच 10 मई को बनी सहमति का स्वागत किया।

### दोनों देशों में हुए समझौते मील का पत्थर : जयशंकर

जयशंकर ने हाल में हुए भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते और दोहरे अंशदान समझौते को मील का पत्थर बताया। जयशंकर ने कहा, इससे न केवल द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को बढ़ावा देगा, बल्कि हमारे संबंधों के अन्य रणनीतिक पहलुओं पर भी सकारात्मक प्रभाव डालेगा। ब्रिटेन के विदेश सचिव लैमी ने प्रवासन साझेदारी, जिसमें दोनों देशों के नागरिकों की सुरक्षा और सीमाओं की सुरक्षा के लिए चल रहा कार्य है, में हुई प्रगति का भी स्वागत किया। प्रवासन से निपटना सरकार की शीर्ष प्राथमिकता बनी हुई है, और लैमी घरेलू स्तर पर ब्रिटेन की सीमाओं को सुरक्षित करने के लिए वैश्विक साझेदारों के साथ अंतर्राष्ट्रीय रूप से काम करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। लैमी ने कहा, विदेश मंत्री के तौर पर मेरे पहले विदेशी दौरों में भारत भी शामिल रहा और तब से यह हमारी परिवर्तनकारी योजना को क्रियान्वित करने में एक प्रमुख भागीदार रहा है।

## सुरक्षा का नया द्वार



तिरुवनंतपुरम के विझिनजाम में भारतीय तटरक्षक बल की नई जेटी का शनिवार को उद्घाटन हुआ। यह आधुनिक जेटी समुद्री निगरानी और तटीय सुरक्षा को और अधिक मजबूत बनाएगी। उद्घाटन समारोह में वरिष्ठ अधिकारी और गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। एजेंसी

# पाकिस्तान को चीन देगा अत्याधुनिक विमान और मिसाइल रक्षा प्रणाली

बीजिंग/इस्लामाबाद, एजेंसी

- जे-35 स्टील्थ विमान, केजे-500 एडब्ल्यूएसीएस और एचक्यू-19 मिसाइल रक्षा प्रणाली देगा चीन

चीन और पाकिस्तान के बीच सैन्य संबंधों को और मजबूत करते हुए बीजिंग ने इस्लामाबाद को अपने उन्नत जे-35 स्टील्थ विमानों के साथ केजे-500 एडब्ल्यूएसीएस और एचक्यू-19 मिसाइल रक्षा प्रणालियों की पेशकश की है।

संघीय सरकार द्वारा एक्स पर साझा की जानकारी के अनुसार चीनी सरकार ने 40 जे-35 स्टील्थ विमान, केजे-500 एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल (एडब्ल्यूएसीएस) सिस्टम और एचक्यू-19 मिसाइल रक्षा प्रणाली की आपूर्ति का प्रस्ताव दिया है, जिससे दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी और मजबूत होगी। समा टीवी की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। चीन के शेनयांग एयरक्राफ्ट कॉरपोरेशन (एसएसी) द्वारा निर्मित यह चेंगदू जे-20 विमान के बाद चीन में दूसरा 5वीं पीढ़ी का विमान है।

चीनी मीडिया के अनुसार विमान उन्नत सेंसर, बहु-भूमिका क्षमता आधारित एवियोनिक विशेषताओं, सटीक निर्देशित मिसाइल प्रणालियों, एकीकृत इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणालियों से सुसज्जित है जिन्हें विशेष रूप से ईएमपी हथियारों से जामिंग को रोकने के लिए डिज़ाइन किया गया है, और ड्रोन तथा अन्य विमानों के साथ नेटवर्क लिंक हैं।

# ट्रंप ने दूसरे कार्यकाल में आपातकालीन शक्तियों का किया जमकर इस्तेमाल

वाशिंगटन, एजेंसी



- ट्रंप का दावा- उनके नेतृत्व में संकट से उबर रहा है अमेरिका

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने कार्यकाल में आपातकालीन शक्तियों का जिस तरह से इस्तेमाल किया, वैसा किसी भी पूर्व राष्ट्रपति ने नहीं किया है।

ट्रंप का दावा है कि उनके नेतृत्व में अमेरिका संकट से उबर रहा है, लेकिन उन्होंने कड़े आयात शुल्क लगाने, सीमा पर सैनिकों की तैनाती और पर्यावरण नियमों को दरकिनार करने जैसे फैसलों में उन नियमों और कानूनों का सहारा लिया, जिन्हें सिर्फ युद्ध या राष्ट्रीय आपात जैसी असाधारण परिस्थितियों के लिए बनाया गया था। एसोसिएटेड प्रेस के विश्लेषण में सामने आया है कि ट्रंप के 150 कार्यकारी आदेशों में से 30 में किसी न किसी प्रकार की आपातकालीन शक्ति का हवाला दिया गया है। यह आंकड़ा उनके हालिया पूर्ववर्तियों की तुलना में काफी अधिक है। इसका परिणाम यह हुआ है कि राष्ट्रपति का उनकी शक्तियों का इस्तेमाल करने का तरीका पूरी तरह बदल गया है। ट्रंप अप्रत्याशित संकट का सामना करने के बजाय आपातकालीन शक्तियों का उपयोग संसद के अधिकार को कमजोर करने और अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए कर रहे हैं। इल्या सोमिन ने कहा, ट्रंप की सबसे खास बात यह है कि उन्होंने आपातकालीन शक्तियों का जो उपयोग किया, उसका पैमाना और विस्तार बहुत बड़ा है, जो किसी भी हाल के राष्ट्रपति के कार्यकाल से कहीं अधिक है। इल्या सोमिन उन पांच अमेरिकी व्यवसायों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं जिन्होंने प्रशासन पर मुकदमा दायर किया था और दावा किया था कि ट्रंप के कथित 'लिबरेशन डे' शुल्क से उन्हें नुकसान हुआ है।

# आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ अमेरिका

वाशिंगटन, एजेंसी

## प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात कर अमेरिकी उप विदेश मंत्री ने किया समर्थन



अमेरिका के उप विदेश मंत्री क्रिस्टोफर लैंडौ के साथ सांसद शशि थरूर।

अमेरिका के उप विदेश मंत्री क्रिस्टोफर लैंडाउ ने कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व वाले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल से कहा कि अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ मजबूती से खड़ा है। यह प्रतिनिधिमंडल पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर भारत के रुख से अवगत कराने के लिए अमेरिका आया है। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को यहां लैंडाउ से मुलाकात की।

प्रतिनिधिमंडल ने प्रमुख वार्ताकारों को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी। पहलगाम हमले के बाद इस ऑपरेशन के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ढांचे को निशाना बनाया गया था। भारतीय दूतावास ने एक्स पर कहा, डॉ. शशि थरूर के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल की अमेरिकी उप विदेश मंत्री लैंडाउ के साथ अच्छी और स्पष्ट बातचीत हुई। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें पहलगाम हमले की क्रूरता और ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी।

लैंडाउ ने एक्स पर कहा कि भारतीय संसदीय प्रतिनिधियों के साथ यह बैठक शानदार थी। उन्होंने कहा, मैंने फिर से पुष्टि की कि अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ मजबूती से खड़ा है। हमने दोनों देशों में विकास और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए व्यापार और वाणिज्यिक संबंधों का विस्तार करने समेत अमेरिका-भारत रणनीतिक संबंधों पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता टैमी ब्रूस द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि लैंडाउ ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई और दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी में भारत के लिए अमेरिका के मजबूत समर्थन की पुष्टि की। प्रतिनिधिमंडल ने दोनों देशों में आर्थिक विकास और समृद्धि को बढ़ाने के लिए द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के महत्व पर लैंडाउ के साथ चर्चा की।

## बदलती तस्वीर

### विश्व बैंक के अनुसार गरीबी दर 2011-12 में 27 .1% से घटकर 2022-23 में 5 .3% हुई

# एक दशक में कम हुई भारत में अत्यधिक गरीबी

नई दिल्ली, एजेंसी



भारत की अत्यधिक गरीबी दर 2011-12 में 27.1% से एक दशक में तेजी से घटकर 2022-23 में 5.3% रह गई। हालांकि, विश्व बैंक ने अपनी गरीबी रेखा की सीमा को संशोधित कर तीन डॉलर प्रति दिन कर दिया है। विश्व बैंक ने कहा कि 2017 और 2021 के बीच भारत की मुद्रास्फीति दर को देखते हुए, तीन डॉलर की संशोधित अत्यधिक गरीबी रेखा 2021 की कीमतों में व्यक्त 2.15 डॉलर की सीमा से 15 प्रतिशत अधिक होगी और इसके परिणामस्वरूप 2022-23 में गरीबी दर 5.3 प्रतिशत होगी।

रिपोर्ट अनुसार भारत में 2024 में 54,695,832 लोग तीन डॉलर प्रतिदिन से कम पर जीवन यापन कर रहे थे। तीन डॉलर प्रतिदिन (2021 पीपीपी- प्रतिशत जनसंख्या) पर गरीबी दर 2024 में 5.44% है। 2011-12 और 2022-23 के बीच अत्यधिक गरीबी की दर 16.2 से घटकर 2.3% हो गई, जबकि निम्न मध्यम आय वाले देश (एलएमआईसी) में गरीबी दर में 33.7% अंकों की गिरावट आई। मुफ्त और रियायती खाद्यान्न हस्तांतरण से गरीबी में कमी आई और ग्रामीण-शहरी गरीबी का अंतर कम हुआ। पांच सबसे अधिक आबादी वाले राज्यों में 54% अत्यंत गरीब लोग रहते हैं। अर्थव्यवस्था के संदर्भ में, रिपोर्ट में कहा गया कि वित्त वर्ष 2024-25 तक भारत की वास्तविक जीडीपी महामारी-पूर्व प्रवृत्ति स्तर से लगभग पांच प्रतिशत कम थी। मौजूदा वैश्विक अनिश्चितताओं को व्यवस्थित तरीके से हल किए जाने की स्थिति में 2027-28 तक वृद्धि धीरे-धीरे संभावित स्तर पर वापस आ जाएगी। रिपोर्ट में कहा गया है, हालांकि, परिदृश्य में महत्वपूर्ण नकारात्मक जोखिम हैं, क्योंकि वैश्विक स्तर पर नीतिगत बदलाव जारी रह सकते हैं। बढ़ते व्यापार तनाव से भारत के निर्यात की मांग कम होगी और निवेश में सुधार में और देरी होगी।

### 2026-28 के दौरान जीडीपी के औसतन 1.2% के आसपास रहने की उम्मीद

चालू खाता घाटा 2026-28 के दौरान सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के औसतन 1.2% के आसपास रहने की उम्मीद है और पूंजी प्रवाह द्वारा पर्याप्त रूप से वित्तपोषित रहेगा। साथ ही, विदेशी मुद्रा भंडार सकल घरेलू उत्पाद के 16 प्रतिशत के आसपास स्थिर रहने का अनुमान है। विश्व बैंक ने कहा कि भारत ने 2011-12 और 2022-23 के बीच के दशक में 17 .1 करोड़ लोगों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकाला है।

# चॉकलेट चोरी में पांच को निर्वस्त्र कर घुमाया तीन गिरफ्तार

**सीतामढ़ी।** बिहार के सीतामढ़ी जिले में किराना दुकान से चॉकलेट चुराने के आरोप में पांच लड़कों को चप्पलों की माला पहनाकर निर्वस्त्र कर घुमाने की घटना सामने आई है। पुलिस ने शनिवार को ये जानकारी दी।

यह घटना गुरुवार को हुई और इसका वीडियो सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित हुआ। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुकानदार उसके बेटे और एक अन्य ग्रामीण को गिरफ्तार कर लिया है। सीतामढ़ी सदर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) रामकृष्ण ने कहा, पीड़ितों के चेहरे पर चूना लगाया गया था और उन्हें पीटे जाने की भी बात सामने आई है। सभी पीड़ितों का चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया है और उनके मानसिक स्वास्थ्य के लिए परामर्शदाताओं की भी व्यवस्था की गई है।

# नए पोप के सामने आमदनी की चुनौती

वैटिकन सिटी, एजेंसी



- रोमन कैथोलिक चर्च की केंद्रीय सरकार की आमदनी में आ रही लगातार गिरावट

दुनिया के सबसे छोटे देश वेटिकन के सामने बजट की बड़ी समस्या है। वेटिकन अपने निवासियों पर कर नहीं लगाता है या बांड जारी नहीं करता है। रोमन कैथोलिक चर्च की केंद्रीय सरकार मुख्य रूप से दान से चलती है, जिसमें लगातार गिरावट हो रही है। इसके अलावा वैटिकन संग्रहालयों के लिए टिकट बिक्री, निवेश से होने वाली आय और रियल एस्टेट से कुछ आमदनी हो जाती है।

रोमन कैथोलिक चर्च और वेटिकन सिटी की केंद्रीय प्रशासनिक संस्था होली सी के 2021 में आमदनी 87.8 करोड़ डॉलर थी। हालांकि खर्च ज्यादा था। पोप लियो 14वें के सामने सबसे बड़ी चुनौती वेटिकन को घाटे से निकालने की है। कोई भी वेटिकन को पैसे दान कर सकता है, लेकिन नियमित स्रोत दो मुख्य रूपों में आते हैं। कैनन कानून के अनुसार दुनिया भर के बिशपों को वार्षिक शुल्क का भुगतान करना पड़ता है। वेटिकन के अनुसार सालाना एकत्र किए 2.2 करोड़ डॉलर में एक तिहाई से अधिक का योगदान अमेरिकी बिशपों ने दिया। वार्षिक दान का दूसरा मुख्य स्रोत आम कैथोलिकों के लिए अधिक जाना-पहचाना है- पीटर्स पेंस। यह एक विशेष संग्रह है, जो आमतौर पर जून के आखिरी रविवार को लिया जाता है। अमेरिका से इस मद में औसतन 2.7 करोड़ डॉलर मिले, जो वैश्विक संग्रह के आधे से अधिक है। हालांकि इसमें लगातार गिरावट हो रही है। वेटिकन के अपने संस्थान भी अंशदान कम कर रहे हैं।

कैथोलिक यूनिवर्सिटी ऑफ अमेरिका के बिजनेस स्कूल में चर्च प्रबंधन कार्यक्रम के निदेशक रॉबर्ट गहल ने कहा कि लियो को अमेरिका के बाहर से दान जुटाना होगा, जो छोटा काम नहीं है। यूरोप में व्यक्तिगत रूप से परोपकार की परंपरा (और कर लाभ) बहुत कम है। वेटिकन के पास इटली में 4,249 संपत्तियां हैं। लंदन, पेरिस, जिनेवा और स्विट्जरलैंड में 1,200 से अधिक संपत्तियां हैं। इनका पांचवां हिस्सा ही उचित बाजार मूल्य पर किराए पर दिया जाता है। 2023 में इन संपत्तियों से केवल 3.99 करोड़ डॉलर का लाभ हुआ। अमेरिका स्थित पापल फाउंडेशन के अध्यक्ष वार्ड फिट्जगेराल्ड ने कहा कि वेटिकन को भी कुछ संपत्तियां बेचने के लिए तैयार रहना चाहिए, जिनका रख-रखाव करना बहुत महंगा है।